RNI No-DELHIN/2017/75336
www.uttambharatnews.com
email:- uttambharat05@gmail.com
आश्विन कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत , 2082
वर्ष : 09 अंक : 265
नई दिल्ली
शनिवार, 11 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ : 12
मूल्य ₹ 3.00
@uttambharatofficial @uttambharat

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित



03 चैतन्यानंद की जमानत याचिका पर अब...
06 सच कहना यदि बगावत है तो कह दो ...
12 सोलह श्रृंगार कर रानी चटर्जी ने सुहागिनों को दी...

## संक्षिप्त सार

### वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो को मिलेगा नोबेल शांति पुरस्कार

ओस्लो (नॉर्वे)। वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को इस साल के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नॉर्वे की नोबेल समिति के अध्यक्ष जॉर्गन वाट्ने फ्रिडनेस ने कहा कि वेनेजुएला में राष्ट्रपति पद की विपक्ष की उम्मीदवार रहीं मारिया कोरिना मचाडो कभी गहन तौर पर विभाजित रहे विपक्ष को एकजुट करने वाली प्रमुख शख्सियत हैं। एक ऐसा विपक्ष जिसने स्वतंत्र चुनाव और प्रतिनिधि सरकार की मांग को समान रूप से उठाया। विशेषज्ञों का कहना है कि समिति आमतौर पर दीर्घकालिक शांति, अंतरराष्ट्रीय बंधुत्व को बढ़ावा देने और उन संस्थानों के कार्यों पर ध्यान केंद्रित करती है जो इन लक्ष्यों को मजबूत करते हैं। नोबेल शांति पुरस्कार एकमात्र पुरस्कार है जो ओस्लो, नॉर्वे में प्रदान किया जाता है। इससे पहले चिकित्सा, भौतिकी, रसायन विज्ञान और साहित्य के क्षेत्र में 2025 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा पिछले दिनों स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में की जा चुकी है। अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता का नाम सोमवार को घोषित किया जाएगा।

### जापान के कोमेइतो पार्टी ने एलडीपी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का साथ छोड़ा

तोक्यो। जापान की कोमेइतो पार्टी के प्रमुख ने कहा है कि भ्रष्टाचार की चिंताओं के कारण वह लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग हो रहे हैं। कोमेइतो नेता तेत्सुओ सेइतो द्वारा शुक्रवार को घोषित निर्णय लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों के लिए एक गंभीर झटका है, जिन्होंने पिछले सप्ताहांत धुर-रूढ़िवादी सांसद साने ताकाइची को अपना नेता चुना था। ताकाइची अभी भी जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बन सकती हैं, लेकिन बौद्ध समर्थित कोमेइतो के साथ छोड़ देने से लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को सत्ता में बने रहने के लिए कम से कम एक अन्य गठबंधन सहयोगी खोजने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। सत्तारूढ़ गठबंधन पहले ही संसद के दोनों सदनों में अपना बहुमत खो चुका है। निचले सदन में इस महीने के अंत में नये प्रधानमंत्री के लिए मतदान होना है।

### रूस के हवाई हमलों में यूक्रेन की राजधानी में भारी नुकसान, नौ लोग घायल

कीव। रूस द्वारा शुक्रवार तड़के यूक्रेन में किए गए हवाई हमलों में कम से कम नौ लोग घायल हो गए, आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा और यूक्रेनी राजधानी के कई हिस्सों में बिजली गुल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बचाव दल ने 17 मंजिला एक इमारत से 20 से ज्यादा लोगों को बाहर निकाला क्योंकि छठी और सातवीं मंजिल पर आग की लपटें फैल गई थीं। अधिकारियों ने बताया कि पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य को घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। रात भर चला यह हमला कीव पर हमलों की कड़ी में नवीनतम है। रूसी सेना ने हाल के महीनों में यूक्रेनी शहरों पर ड्रोन और मिसाइल हमलों को बढ़ा दिया है। कीव के मेयर विताली क्लित्स्को ने कहा कि शुक्रवार के हमले से शहर के दोनों ओर बिजली गुल हो गई और पानी की आपूर्ति बाधित हो गई।

### फिलीपीन में भूकंप के शक्तिशाली झटके, एक व्यक्ति की मौत

मनीला। दक्षिणी फिलीपीन में शुक्रवार सुबह आए 7.4 तीव्रता के भूकंप से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गयी, इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, बिजली आपूर्ति बाधित हो गई तथा सुनामी की आशंका के कारण आसपास के तटीय क्षेत्रों को खाली कराना पड़ा। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि संभावित क्षति का आकलन किया जा रहा है तथा सुरक्षित स्थिति होने पर बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया जाएगा। फिलीपीन के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान ने कहा कि इस भूकंप से नुकसान होने तथा बाद में और झटकों की आशंका है। भूकंप का केंद्र मनाय शहर से लगभग 62 किलोमीटर दक्षिणपूर्व में दावाओ ओरिएंटल प्रांत के पास समुद्र में स्थित था। नागरिक सुरक्षा कार्यालय के उप प्रशासक बर्नार्डो राफेलिटो एलेजांद्रो ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बिना विस्तृत जानकारी दिए बताया कि दक्षिणी प्रांत में मलबे की चपेट में आने से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। एलेजांद्रो ने बताया कि कई इमारतों की दीवारों में दरारें आ गईं, जिनमें दावाओ शहर का एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी शामिल है। हालांकि, हवाई अड्डे पर उड़ानों का संचालन जारी है। दवाओ ओरिएंटल में जेनेरोसो शहर के एक अधिकारी सावेद्रा ने बताया कि उनके कस्बे के एक उच्च विद्यालय के कम से कम 50 छात्रों को भूकंप के कारण चोटें आने, बेहोश होने या चक्कर आने के बाद एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।

## भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ने वाली और चौथी

# सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : राजनाथ

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा

सिडनी/नई दिल्ली। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत का रक्षा उत्पादन पिछले वित्तीय वर्ष में 1.51 लाख करोड़ रुपये (लगभग 18 अरब डॉलर) तक पहुंचा, जो अब तक का सबसे अधिक है और पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये (लगभग 2.76 अरब डॉलर) तक पहुंचा है, और भारत अब लगभग 100 देशों को रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहा है। यह जानकारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया में दी।

सिडनी में शुक्रवार 10 अक्टूबर को पहली 'इंडिया-ऑस्ट्रेलिया डिफेंस इंडस्ट्री बिजनेस राउंड टेबल' आयोजित की गई। इस मौके पर राजनाथ सिंह ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह राउंड टेबल केवल एक संवाद नहीं, बल्कि एक ऐसा घोषणा-पत्र है जो भारत और ऑस्ट्रेलिया को व्यवसाय, उद्योग और नवाचार के स्वाभाविक साझेदार के रूप में स्थापित करने का इरादा दर्शाता है। रक्षा मंत्री के मुताबिक भारत-ऑस्ट्रेलिया के संबंध तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित हैं। ये स्तंभ सरकार से सरकार के बीच सहयोग, जन-से-जन का जुड़ाव, और व्यावसायिक हितों का सामंजस्य हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राउंड टेबल को संबोधित करते हुए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रणनीतिक, औद्योगिक और तकनीकी क्षेत्रों में बढ़ते सामंजस्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, 2020 में स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत हम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, जहां हम अपने रक्षा संबंधों को केवल भागीदारी से आगे बढ़ाकर एक सुरक्षित और समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के सह-निमार्ता के रूप में पुनर्स्थापित करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। गौरतलब है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ऑस्ट्रेलिया यात्रा का आज अंतिम दिन। रक्षा मंत्री ने पिछले वर्षों में हुए कई उच्च-स्तरीय संवादों का उल्लेख किया, जिनसे द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने नवंबर 2024 का भारत-ऑस्ट्रेलिया शिखर सम्मेलन, अक्टूबर 2024 की 2 प्लस 2 मंत्री स्तरीय वार्ता, जून 2025 में ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री की भारत यात्रा और उनकी मौजूदा ऑस्ट्रेलिया यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंधों की नींव साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थागत समानताओं पर आधारित है। उन्होंने कहा, भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ही कॉमनवेल्थ ऑफ नेशंस के सदस्य हैं। हमारे साझा इतिहास में लोकतंत्र, विविधता, स्वतंत्रता और समान शासन ढांचे की गूंज है। उन्होंने कहा, हमारे पास ऑस्ट्रेलिया में बड़ा भारतीय प्रवासी समुदाय है, वहीं भारत में ऑस्ट्रेलियाई उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि रक्षा उद्योग साझेदारी के क्षेत्र में अभी भी अपार संभावनाएं बाकी हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से एक परिवर्तनशील यात्रा पर है, विशेषकर विनिर्माण क्षेत्र में। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं इस फोरम को भारत और ऑस्ट्रेलिया को व्यापार और उद्योग में स्वाभाविक सहयोगी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में देखता हूं।




**राजनाथ ने सिडनी में कुट्टाबुल नेवल बेस का किया दौरा**
भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के दूसरे दिन सिडनी में एचएमएएस कुट्टाबुल का दौरा किया, जो रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना का एक प्रमुख बेस है। उन्होंने सिडनी हार्बर में एडमिरल हडसन जहाज पर जाकर वहां की आधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फ्लीट बेस ईस्ट का जल दौरा किया। ऑस्ट्रेलिया के सहायक रक्षा मंत्री पीटर खलील ने उनका स्वागत किया, जो बाद में समुद्री सफर पर उनके साथ मौजूद रहे। इस यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री को रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना की परिचालन क्षमताओं और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी दी गई। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'सिडनी में ऐतिहासिक और रणनीतिक नेवल बेस एचएमएएस कुट्टाबुल का दौरा किया। एडमिरल हडसन जहाज पर सिडनी हार्बर की शानदार सुविधाओं से परिचित हुआ। भारत-ऑस्ट्रेलिया नौसैनिक सहयोग को गहरा करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समन्वित समुद्री क्षेत्र जागरूकता से दोनों देशों को लाभ होगा।

## बिहार चुनाव में बुर्के वाली महिलाओं की पहचान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मदद करेंगी: निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में मतदान केंद्रों पर बुर्का पहनकर या पर्दे में आने वाली महिला मतदाताओं की पहचान गरिमापूर्ण तरीके से सत्यापित करने के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 'पर्दा-नशीं' महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए महिला मतदान अधिकारियों या परिचारिकाओं की उपस्थिति में गरिमापूर्ण तरीके से उनकी पहचान सत्यापित करने के उसके निर्देशों के अनुसार मतदान केंद्रों पर विशेष व्यवस्था की जाएगी तथा उनकी गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि बुर्का पहनकर आने वाली महिला मतदाताओं की पहचान सत्यापित करने में मदद के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बिहार के सभी मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगी। कुमार ने घूंघट और बुर्का पहनी महिलाओं के बारे में संवाददाता सम्मेलन के दौरान पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि मतदान केंद्रों के अंदर पहचान सत्यापित करने के बारे में आयोग के स्पष्ट दिशानिर्देश हैं और उनका सख्ती से पालन किया जाएगा।



- बुर्का पहनकर आने वाली महिला मतदाताओं की पहचान सत्यापित करने में मदद के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बिहार के सभी मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगी

उन्होंने कहा, बुकार्धारी महिलाओं की पहचान सत्यापित करने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर हमारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तैनात रहेंगी। आयोग के दिशानिर्देश इस बारे में बिल्कुल स्पष्ट हैं कि मतदान केंद्र के अंदर पहचान कैसे सत्यापित की जाती है और उनका सख्ती से पालन किया जाएगा।

## आदित्यनाथ ने त्योहारों से पहले कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों को त्योहारों के दौरान सतर्क रहने तथा अफवाह फैलाने वालों और उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री गोरखपुर में हैं और समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई। बैठक में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों, संभागीय आयुक्तों, जिला मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों (जोन), पुलिस आयुक्तों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

ऐसे में जब धनतेरस, अयोध्या दीपोत्सव, दिवाली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, देवउठनी एकादशी, वाराणसी में देव दीपावली और छठ जैसे प्रमुख त्योहार निकट हैं, आदित्यनाथ ने कहा कि शांति, सुरक्षा और शासन के दृष्टिकोण से यह एक संवेदनशील समय है। बयान के अनुसार, उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक दलों को चौबीस घंटे सतर्क रहने, पिछले अनुभवों से सीख लेने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों। उन्होंने अधिकारियों को शांति भंग करने का प्रयास करने वाले तत्वों के खिलाफ निवारक कार्रवाई करने और सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहें या फर्जी खबरें फैलाने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया। आदित्यनाथ ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी व्यापारी को त्योहारी बाजार गतिविधियों के दौरान उत्पीड़न का सामना नहीं करना पड़े। जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रमुखों को व्यवस्था व जनता का विश्वास बनाये रखने के लिए बाजार संघों के साथ संवाद करने को कहा। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि पटाखों की दुकानें और गोदाम रिहायशी इलाकों से दूर होने चाहिए और सभी बिक्री केंद्रों पर अग्निशमन उपाय और पुलिस सतर्कता को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस और अनापत्ति प्रमाण पत्र समय पर जारी किए जाने चाहिए, जबकि अवैध भंडारण पर कड़ी कार्रवाई की जाए।



- बैठक में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों, संभागीय आयुक्तों, जिला मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों (जोन), पुलिस आयुक्तों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बारबाडोस में ऑस्ट्रेलियाई सीनेट अध्यक्ष से की मुलाकात

ब्रिजटाउन/नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने बारबाडोस में आयोजित 68वें कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन (सीपीसी) के दौरान ऑस्ट्रेलियाई सीनेट की अध्यक्ष सू लाइन्स से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की, जो वर्ष 2020 के बाद से लगातार मजबूत हुई है।

ओम बिड़ला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'ऑस्ट्रेलियाई सीनेट की अध्यक्ष सू लाइन्स से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी बातचीत ने दोनों देशों के बीच मजबूत हो रहे सहयोग को और स्पष्ट किया, जिसे जी-20 और कॉमनवेल्थ जैसे मंचों के माध्यम से और बल मिला है। उन्होंने बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की व्यापक रणनीतिक साझेदारी अब रक्षा, व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों तक फैल चुकी है। यह दोनों देशों की शांति और समृद्धि के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दशार्ती है।



डिजिटल शासन में भारत के नेतृत्व पर जोर देते हुए, बिरला ने कहा, भारत संसदीय नवाचार में सबसे आगे है, पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए 'डिजिटल संसद' और एआई-संचालित बहुभाषी उपकरणों जैसी पहलों को लागू कर रहा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल को जनवरी 2026 में नई दिल्ली में होने वाले कॉमनवेल्थ स्पीकर सम्मेलन (सीएसपीओसी) में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। एक अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम में, बिरला ने जॉर्जटाउन में सीपीए सम्मेलन में जाम्बिया की राष्ट्रीय सभा की अध्यक्ष नेली मुट्टी से मुलाकात की। उन्होंने जाम्बिया की लोकतांत्रिक यात्रा और वहां की संसदीय संस्थाओं की भूमिका की सराहना की। दोनों नेताओं ने संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान और सर्वोत्तम संसदीय प्रथाओं को साझा करने पर चर्चा की।

## अयोध्या में धमाका, मरने वालों में 3 बच्चे, सहित 5 की मौत

अयोध्या। भगवान श्रीराम मंदिर में मात्र 25 किमी दूर पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम धमाके के बाद एक मकान पूरी तरह ढह गया। मकान के मलबे में दबकर पिता, दो बेटे, एक बेटी और साली की मौत हो गई। पिता के चीथड़े उड़ गए थे। वहीं, पत्नी लापता है। धमाके की गूंज एक किमी दूर तक सुनाई दी। मलबा 200 मीटर दूर तक बिखर गया। घटना की जानकारी मिलते ही अधिकारी और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के घरों को खाली कराया और लोगों से घटनास्थल से दूर रहने की अपील की है। पुलिस ने शवों को मलबे से बाहर निकाल लिया है। अन्य लोगों के दबे होने की आशंका में जेसीबी से मलबा हटाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस घर में धमाका हुआ है, वहां फटा कुकर और सिलेंडर मिला है। एक साल पहले भी गांव में धमाका हुआ था, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी।प्रशासन का कहना है कि अयोध्या में घटना पटाखा विस्फोट की न होकर एलपीजी सिलेंडर फटने की प्रतीत हो रही है। डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे और जांच की। मुख्यमंत्री योगी ने पैनी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। बीते 4 दिनों में अयोध्या में दूसरी बार विस्फोट हुआ है। इससे पहले 5 अक्टूबर को बीकापुर कोतवाली से महज 500 मीटर की दूरी पर धमाका हुआ था। धमाके से एक युवक की मौत हो गई थी। जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों का कहना है कि विस्फोट की आवाज करीब एक कि.मी. दूर तक सुनायी दी है। घटना स्थल के पास लोगों भारी भीड़ जमा है। सैकड़ों लोग मौजूद हैं। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां, फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच कर छानबीन कर रही है। मकान की छत उड़ गयी है केवल पिलर खड़े दिख रहे हैं। डीएम ने बताया कि घटना प्रेशर कुकर के फटने अथवा दूसरे किसी चीज से हुई है। छानबीन चल रही है।

## एमएसएमई क्षेत्र उत्तराखण्ड के विकास का प्रमुख इंजन: धामी

उत्तराखंड। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित एमएसएमई कॉन्क्लेव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र की प्रगति, निवेश की संभावनाओं और औद्योगिक विकास की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर अपने विचार साझा किए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र राज्य के लिए विकास का प्रमुख इंजन है, जो कम पूंजी निवेश में अधिकतम रोजगार सृजन की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखण्ड में अब तक 78,826 एमएसएमई इकाइयाँ स्थापित हो चुकी हैं, जिनमें से 57 प्रतिशत पर्वतीय क्षेत्रों में हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार की नीतियाँ पर्वतीय क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में सफल रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 से अब तक 28,370 नई एमएसएमई इकाइयाँ स्थापित हुई हैं, जिनमें लगभग 4,000 करोड़ का पूंजी निवेश हुआ है और 1.32 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि राज्य की औद्योगिक नीति, निवेशक हितैषी वातावरण और पारदर्शी शासन व्यवस्था ने उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने में निर्णायक भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से निवेश आकर्षित करने के लिए ठोस कदम उठाए।



- मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखण्ड में अब तक 78,826 एमएसएमई इकाइयाँ स्थापित हो चुकी हैं, जिनमें से 57 प्रतिशत पर्वतीय क्षेत्रों में हैं

**निर्माण** | **सरस्वती विद्या मंदिर द्वारा की जा रही पहल सराहनीय**

## संघ शताब्दी सभागार का हुआ लोकार्पण: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाजिक संस्थाएं समाज के सहयोग से सामुदायिक महत्व के कार्यों का संपादन और अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करती हैं। समाज के सहयोग से कई स्थानों पर मंदिर, शालाओं और अन्य सामुदायिक महत्व के भवनों का निर्माण और अन्य महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए हैं। सरस्वती विद्या मंदिर द्वारा इस दिशा में की जा रही पहल और जनसामान्य द्वारा इसके लिए दिया जा रहा सहयोग सराहनीय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रतलाम के काटजू नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में नव निर्मित 'संघ शताब्दी सभागार' का लोकार्पण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया में कई देश सैन्य और आर्थिक रूप से मजबूत है, लेकिन भारत दुनिया का इकलौता देश है, जहां सनातन संस्कृति से समाज चल रहा है। हम शक्ति में विश्वास न करते हुए संस्कारों में विश्वास करते हैं और सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव के साथ चलते हैं। भारत हजारों सालों से विश्व गुरू रहा है हमने तक्षशिला, नालंदा, विक्रमादित्य विश्वविद्यालयों के माध्यम से दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई थी।



- समाज के सहयोग और सामाजिक संस्थाओं की सक्रियता से संभव हुए हैं सामुदायिक महत्व के कई कार्य

दुनिया के कई देशों के लोग सुशासन की स्थापना के लिए अपने देश के नागरिकों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए भारत भेजते थे। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के आधुनिक विश्वकर्मा हैं। उनके नवाचार और विकास के कार्य आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रदेश में नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन हुआ है, हमें इसे विस्तार देना है।

ार्यक्रम को विद्या भारती के मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा, विद्यालय के अध्यक्ष वीरेंद्र सखलेचा, विद्या भारती मालवा प्रांत के अध्यक्ष प्रकाश धनखड़ ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वागत गीत पर आकर्षक नृत्य एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, गोपाल काकानी सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभागार के निर्माण के लिए राशिदान देने वाले दानदाताओं को भी सम्मानित किया।

## पहली बुलेट ट्रेन अगस्त 2027 में चलेगी, रेल मंत्री ने कर दी घोषणा

### 11 सालों में गुजरात में 2,764 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गई

नई दिल्ली। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि पहली बुलेट ट्रेन अगस्त 2027 में चलेगी। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका के लिए गुजरात की सराहना की।

गुजरात में रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तन पर चर्चा करते हुए उन्होंने कुछ प्रमुख जानकारियां भी दीं। उन्होंने बताया कि गुजरात के रेलवे क्षेत्र में कुल 1,46,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। पिछले 11 सालों में राज्य में 2,764 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं, जो डेनमार्क के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना के गुजरात मंडल में प्रगतिशील कार्य चल रहा है। उन्होंने घोषणा की कि पहली बुलेट ट्रेन अगस्त 2027 में चलेगी और गुजरात में माल ढुलाई गलियारा पूरा हो गया है, जिससे कंटेनर ट्रेनों की अवधि 30 घंटे से घटकर 10-11 घंटे रह गई है। पूर्वी और पश्चिमी गलियारों पर रोज करीब 400 ट्रेनें आती-जाती हैं। वैष्णव ने कहा कि गुजरात सेमीकंडक्टर, आधुनिक लॉजिस्टिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में भारत की विकास यात्रा का एक स्तंभ बन रहा है। गुजरात सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और लॉजिस्टिक्स का एक केंद्र है, जो भारत को 2047 तक विकासशील राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रणी बनाएगा। इस क्षेत्र में कुल 1,25,000 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। उन्होंने धोलेर में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स संयंत्र, साणंद में माइक्रोन विनिर्माण केंद्र और सीजी पावर एवं केईसी के संयंत्रों जैसी प्रमुख परियोजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने खवाड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी हरित ऊर्जा परियोजना का विशेष रूप से उल्लेख किया। वैष्णव ने कहा कि आज के दौर में जब लोग पूछते हैं कि विनिर्माण स्वच्छ ऊर्जा से संचालित होता है या नहीं, तो गुजरात के पास इसका स्पष्ट और सशक्त उत्तर है।

# सपाईयों ने मनाई नेताजी मुलायम की पुण्यतिथि



उत्तम भारत संवाददाता

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मथुरा पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व रक्षा मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जी की पुण्यतिथि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन सुभाष पाल जिला महासचिव किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी सभी विधानसभा अध्यक्ष सभी फ्रंटो के अध्यक्ष व कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे।

जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा धरतीपुत्र मुलायम सिंह जी शोषित पीड़ित पिछड़ी गरीब मजदूर की आवाज बने गांव से लेकर संसद तक का सफर नेताजी ने कड़ी मेहनत और पूर्ण सादगी के साथ तकिया माननीय नेताजी ने भारतवर्ष की छोटे व बड़े सभी नेताओं को सम्मान देने का कार्य किया।

सपा नेता प्रदीप चौधरी ने कहा नेताजी ने तमाम दलित पिछड़े अल्पसंख्यक समाज के लोगों को देश की लोकसभा राज्यसभा और विधान परिषद में भेजने का काम किया। सुभाष पाल ने कहा मथुरा के लिए हमने जब-जब नेताजी से कुछ मांगा उन्होंने दिल खोलकर मथुरा को दिया। जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश बघेल ने कहा श्रद्धा नेताजी ने महिलाओं के उत्थान के लिए बहुत बड़े-बड़े कार्य किया महिलाओं को सम्मान देने की जो प्रणाली उन्होंने लागू की फूलन देवी सर्वप्रथम उसका प्रतीक है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष दिगंबर सिंह जाटव जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव जिला उपाध्यक्ष गगन रावत जिला उपाध्यक्ष चंद हाशमी जिला उपाध्यक्ष गौरव गोस्वामी,योगदान सभा के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी, यूथ के अध्यक्ष नजर कुरैशी लोहिया वाणी के अध्यक्ष सोनू ठाकुर छात्र सभा के अध्यक्ष संतोष यादव पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष लखन गुर्जर बाबा साहब वाणी के अध्यक्ष सचिन पहलवान अनुसूचित जनजाति के अध्यक्ष संदीप अहेरिया विधानसभा अध्यक्ष बलदेव राजेंद्र सिकरवार विधानसभा अध्यक्ष गोवर्धन पोहप सिंह श्याम मोहन वर्मा संगम यादव नाजिम कुरैशी नवनीत यादव सुभाष प्रेमपाल अंकित अनिल हरि सिंह आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# त्यौहारों को लेकर डीएम-एसएसपी ने किया शहर की सड़कों पर फ्लैग मार्च



उत्तम भारत संवाददाता

**मथुरा।** दीपावली सहित आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। देर रात जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने शहर के प्रमुख बाजारों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने व्यापारी वर्ग और आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि त्योहारों पर सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। शहर में विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भ्रमण के दौरान, डीएम और एसएसपी ने सर्राफा बाजार, होली गेट, भरतपुर गेट, डीग गेट और कृष्णा नगर जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से ज्वेलर्स की दुकानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसपी सिटी राजीव कुमार, सीओ सिटी आईपीएस आशना चौधरी, सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त पंकज वर्मा और अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार सहित कई पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# दीपावली पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि टीम की छापेमारी जारी, 12 नमूने भेजे जांच को



उत्तम भारत संवाददाता

**मथुरा।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी मथुरा के आदेश के अनुपालन में आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा 08 एवं 09 अक्टूबर को अभियान चला कर कुल 12 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। वृन्दावन से सांभर व पेड़ा का एक-एक नमूना, बल्देव से सरसों का तेल का एक नमूना, होलीगेट से घी का एक नमूना, टाउनशिप से मिल्क केक का एक नमूना, नौहझील से घी का एक नमूना, बाजना से मिश्रित दूध के दो नमूने तथा बिना खाद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त कर संचालित इण्डस्ट्रियल एरिया स्थित निर्माण इकाई से रिफाइण्ड सोयाबीन आयल का एक नमूना तथा इंटरएस्टेरीफाइट वेज फैट के तीन नमूने संग्रहित कर शेष बचे लगभग 3957 लीटर इंटरएस्टेरीफाइट वेज फैट जिसका मूल्य 7,37,715 को सीज किया गया। खाद्य सचल दल में राम नरेश, जितेंद्र सिंह, दलबीर सिंह, अरुण कुमार, रीना शर्मा, मोहर सिंह कुशवाह, भरत सिंह एवं धर्मेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे।इसके अतिरिक्त रीना शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा एफ.एस.डब्लू (सचल खाद्य प्रयोगशाला) वाहन के माध्यम से वृन्दावन स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आई.ई.सी. कार्यक्रम आयोजित कर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को खाद्य पदार्थों में घरेलू स्तर पर अपमिश्रण की जांच कैसे करें तथा फास्ट फूड के प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया एवं अरूण कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में एफ.एस.डब्लू (सचल खाद्य प्रयोगशाला) वाहन के माध्यम से अवैरनी चौराहा बल्देव में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच लैब टेक्नीशियन द्वारा की गयी एवं सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं व आम जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति जागरूक किया गया।

# बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज में स्वदेशी मेला का उद्घाटन



उत्तम भारत संवाददाता

**मथुरा।** सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज के ग्राउंड में आयोजित यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री उच्च शिक्षा विभाग योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपायुक्त उद्योग रामेन्द्र कुमार परियोजना निदेशक यूपी नेडा एसके वर्मा जिला ग्राम उद्योग अधिकारी अनिल कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री उच्च शिक्षा विभाग योगेन्द्र उपाध्याय ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इण्डिया एक्सपो सेन्टर एण्ड मार्ट ग्रेटर नोयडा में आयोजित यूपीआईटीएस 2025 की भाँति 09 से

कारीगरों उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किये जा रहे है उत्पादों का विपणन दिपावली महापर्व के अवसर पर आम जन मानस को स्वदेशी वस्तु की खरीदारी का अवसर प्राप्त हो सके। जनपद में उद्योग विभाग खादी ग्रामोद्योग, माटी कला बोर्ड हथकरघा रेशम विभाग एवं ग्रामीण आजीविका मिशन सीएम युवा ओडीओपी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना पीएमईजीपी मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि के लाभार्थियों एवं स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य उत्पादकों को सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज के ग्राउंड में आयोजित यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 में निःशुल्क स्टॉल आवंटित कराये गए है। मंत्री ने कहा कि दीपावली के शुभ अवसर पर 18 अक्टूबर के बीच प्रदेश के समस्त जनपदों में स्वदेशी मेला आयोजित करने के निर्देश दिये गये है जिससे हस्तशिल्पियों अवसर पर स्वदेशी उत्पादों से सजाएं अपना घर और जीएसटी की दरों में कमी का लाभ उठाए। स्वदेशी अपनाएं देश को आत्मनिर्भर बनाएं। मंत्री ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करने से कई फायदे होते है। स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलता है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 में मंत्री का स्वागत किया। जिलाधिकारी ने स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्हींने कारीगरों से उत्पादों के बारे में जानकारी ली। उद्घाटन के दौरान महापौर विनोद अग्रवाल विधायक बलदेव पूरन प्रकाश विधायक मांट राजेश चौधरी सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा रविकांत गर्ग भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय महानगर अध्यक्ष हरिशंकर यादव राजू आदि उपस्थित रहे।

# जनपद सहारनपुर पुलिस का सघन नाकाबंदी अभियान—अपराध पर प्रभावी अंकुश हेतु सीमाएं सील कर की गई सघन चेकिंग



उत्तम भारत संवाददाता

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वर्तमान परिस्थितियों एवं संभावित आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के दृष्टिगत एक सुदृढ़ नाकाबंदी एवं चेकिंग कार्ययोजना लागू की गई। इस कार्ययोजना का उद्देश्य अपराध नियंत्रण, अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है।

जनपद भर में इस अभियान के अंतर्गत —नगर क्षेत्र के 24 स्थानों, ग्रामीण क्षेत्रों के 60 स्थानों, तथा अन्तर्जनपदीय/अन्तर्राज्यीय सीमाओं के 10 स्थलों पर बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गई। अभियान की प्रमुख विशेषताएँ

जनपद की सभी सीमाओं को अस्थायी रूप से सील कर रणनीतिक नाकाबंदी की गई। संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की गहन तलाशी एवं सत्यापन किया गया।

सीसीटीवी, ड्रोन व इंटेलिजेंस इनपुट के माध्यम से संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी गई। थाना स्तर से लेकर जनपद स्तर तक पुलिस समन्वय एवं गश्त व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया। अभियान का उद्देश्य अपराधियों में भय एवं जनता में विश्वास उत्पन्न करना रहा।

# मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाहियों की अद्यतन समीक्षा हेतु एक ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित



उत्तम भारत संवाददाता

**सहारनपुर।** आज पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के राजपत्रित अधिकारियों के साथ मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाहियों की अद्यतन समीक्षा हेतु एक ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान परिक्षेत्र स्तर पर संचालित ÷मिशन शक्ति 5.0÷ के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण से जुड़े अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। महोदय द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिशन शक्ति 5.0 के लक्ष्यों को शासन की मंशानुरूप सफल बनाने हेतु निरंतर मॉनिटरिंग, समन्वय तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाए।

पुलिस अधिकारियों द्वारा स्वतः स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम, हेल्प डेस्क, पिंक पेट्रोलिंग, शक्ति मोबाइल, एण्टीरोमियो आदि के माध्यम से कृत प्रभावी कार्रवाई की समीक्षा की जाएं एवं सुनिश्चित किया जाये कि मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतो पर त्वरित संज्ञान सफल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# आदित्यनाथ ने त्योहारों से पहले कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों को त्योहारों के दौरान सतर्क रहने तथा अफवाह फैलाने वालों और उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री गोरखपुर में हैं और समीक्षा बैठक बृहस्पतिवार रात वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई। बैठक में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों, संभागीय आयुक्तों, जिला मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों (जोन), पुलिस आयुक्तों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

ऐसे में जब धनतेरस, अयोध्या दीपोत्सव, दिवाली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, देवउठनी एकादशी, वाराणसी में देव दीपावली और छठ जैसे प्रमुख त्योहार निकट हैं, आदित्यनाथ ने कहा कि शांति, सुरक्षा और शासन के दृष्टिकोण से यह एक संवेदनशील समय है।

बयान के अनुसार, उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक दलों को चौबीस घंटे सतर्क रहने, पिछले अनुभवों से सीख लेने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों।

उन्होंने अधिकारियों को शांति भंग करने का प्रयास करने वाले तत्वों के खिलाफ निवारक कार्रवाई करने और सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहें या फर्जी खबरें फैलाने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया।

आदित्यनाथ ने इस बात पर जोर दिया कि ''किसी भी व्यापारी को त्योहारी बाजार गतिविधियों के दौरान उत्पीड़न का सामना नहीं करना पड़े।'' जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रमुखों को व्यवस्था व जनता का विश्वास बनाये रखने के लिए बाजार संघों के साथ संवाद करने को कहा।

उन्होंने यह भी आदेश दिया कि पटाखों की दुकानें और गोदाम रिहायशी इलाकों से दूर होने चाहिए और सभी बिक्री केंद्रों पर अग्निशमन उपाय और पुलिस सतर्कता को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस और अनापत्ति प्रमाण पत्र समय पर जारी किए जाने चाहिए, जबकि अवैध भंडारण पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

भीड़ और यातायात प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि बाजारों और घाटों के पास भीड़भाड़ से बचने के लिए प्रत्येक शहर के लिए यातायात योजनाएं तैयार की जानी चाहिए।

आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में व्यक्तिगत रूप से घटनास्थल का दौरा करें और त्वरित सूचना और प्रतिक्रिया सुनिश्चित करें।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'एक छोटी लापरवाही भी बड़े विवाद का कारण बन सकती है।'' उन्होंने अधिकारियों से सतर्कता और तत्परता से कार्य करने को कहा।

आगामी प्रमुख आयोजनों का उल्लेख करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या दीपोत्सव और वाराणसी की देव दीपावली की व्यवस्थाएं सुरक्षा, संरक्षा और भीड़ प्रबंधन के उच्चतम मानकों को पूरा करते हुए की जाए।

बयान के अनुसार, उन्होंने निर्देश दिया कि सभी त्योहारों का आयोजन स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए किया जाए। मुख्यमंत्री ने छठ पूजा के लिए शहरी और ग्रामीण विभागों द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाने के आदेश दिए। उन्होंने साथ ही यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि नदियां और तालाब प्रदूषित न हों और घाटों का रखरखाव अच्छी तरह से किया जाए। उन्होंने पूरे राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभागों को आपातकालीन एवं ट्रॉमा देखभाल सेवाओं को चौबीस घंटे चालू रखने, चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और त्योहारों से पहले खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच तेज करने के निर्देश दिए। बयान के अनुसार उन्होंने साथ ही निरीक्षण के नाम पर अनावश्यक उत्पीड़न से बचने का भी निर्देश दिया।

आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस थानों से लेकर क्षेत्रीय मुख्यालयों तक, हर स्तर के अधिकारियों को सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए सम्मानित नागरिकों और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने खुफिया प्रयासों को बढ़ाने और सीसीटीवी प्रणालियों की नियमित जांच करने का आह्वान किया, जो अपराध की रोकथाम और पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को याद दिलाया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा 12 अक्टूबर को होगी, जिसमें छह लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे।

उन्होंने जिला और पुलिस प्रशासन को आयोग के साथ समन्वय में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा, 'युवाओं के भविष्य से समझौता करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि इस वर्ष की दीपावली स्वदेशी की भावना के साथ मनायी जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर वर्ग का परिवार पर्व-त्योहारों पर कुछ न कुछ खरीदारी करता है और इस बार यह खरीदारी स्वदेशी उत्पादों की होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि ''स्वदेशी हो दीपावली'' केवल एक नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और सशक्त उत्तर प्रदेश की दिशा में एक सामूहिक संकल्प है।

# बृहस्पतिवार को राजधानी में हुई रैली में आये लोगो को धन्यवाद कहा बसपा नेता मायावती ने

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में पार्टी संस्थापक कांशीराम के 'परिनिर्वाण दिवस' पर आयोजित रैली में आने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक लंबी पोस्ट में कहा, ÷कल मान्यवर श्री कांशीराम जी की पुण्यतिथि पर लखनऊ में हुए महा-आयोजन में, उन्हें अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करने के साथ-साथ बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष को सुनने के लिए उप्र के सभी 75 जिलों के गांव-गांव व शहर-शहर से पार्टी के लाखों-लाखों की संख्या में पार्टी के लोग पहुंचे थे जिनको सुरक्षित लाने व वापिस ले जाने में पार्टी की प्रदेश इकाई के हर स्तर के सभी छोटे-बड़े पदाधिकारियों, नेताओं व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं आदि ने अपनी अहम भूमिका निभाई है इन सभी की पार्टी बहुत-बहुत आभारी है।÷

उन्होंने कहा कि रैली में हर वर्ग के लोगों के साथ ख़ासकर युवाओं व महिलाओं की रिकार्ड तोड़ भीड़ थी। उन्होंने लिखा कि रैली में लोगों द्वारा ''उप्र के अगले चुनाव में अपनी बहनजी की पांचवीं बार सरकार बनाने के लिए जिद के साथ काम करने के नारों आदि के साथ व्यक्त किये गये दृढ़ संकल्प को देखकर विरोधी पार्टियों/संगठनों आदि की नींद व उनके नेताओं के होश उड़ जाना स्वाभाविक है।''

मायावती ने कहा कि 'बहुजन समाज' के लोग अपने वोटों के बलबूते पर शोषित से शासक वर्ग बनकर बाबासाहेब डा. भीमराव आम्बेडकर का सपना पूरा करने के लिए कितने तत्पर व संघर्षशील हैं।

# सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा



उत्तम भारत संवाददाता

**सहारनपुर/नकुड।** क्षेत्राधिकारी नकुड़ एवं थाना प्रभारी नकुड़ द्वारा जुमे की नमाज व त्यौहारों के दृष्टिगत पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा । आज क्षेत्राधिकारी नकुड़ एवं प्रभारी निरीक्षक थाना नकुड़ द्वारा आगामी जुमे की नमाज एवं त्यौहारों के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कस्बा नकुड़ में पुलिस बल के साथ महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों, बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया गया। गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों को चौकसी बढ़ाने, सघन निगरानी रखने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे क्षेत्र में शान्ति एवं सुरक्षा बनी रहे।

# थाना बेहट पुलिस की पहल मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



उत्तम भारत संवाददाता

**बेहट/सहारनपुर।** आज थाना बेहट जनपद सहारनपुर की एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मांझीपुर में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीम ने मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (अक्टूबर 2025) के अंतर्गत उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं डिजिटल सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की। अभियान की प्रमुख विशेषताओं में महिलाओं व बालिकाओं को ÷डिजिटल एरेस्टिंग÷ जैसी झूठी अफवाहों से सावधान रहने की सलाह दी गई। साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग कॉल्स, फेक लिंक व सोशल मीडिया हैकिंग जैसे अपराधों से बचने के उपाय बताए गए। बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, महिला सशक्तिकरण एवं बाल कल्याण योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं कानूनी संरक्षण की जानकारी दी गई।

# नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर

उत्तम भारत संवाददाता

**सहारनपुर।** सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही मादक पदार्थ तस्करी पर थाना तीतरों मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम का करारा प्रहार एक हट८तस्कर गिरफ्तार, कुल 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। अवगत कराना है कि पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परि मादक पदार्थो / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी / बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में ÷ऑपरेशन सवेरा÷ - ÷नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर÷ अभियान चलाया जा रहा है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे नशीलें पदार्थो की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान ÷आपरेशन सवेरा÷ के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना तीतरों पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर अभियुक्त नोमान पुत्र इलियास निवासी ग्राम बालू थाना तीतरो जनपद सहारनपुर को थाना क्षेत्र तीतरो से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से कुल 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना तीतरों पर मु0अ0सं0 163/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त द्वारा मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के संबंध में लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही जारी है।


**पटना जं.–आनंद विहार (ट.) रेलवे स्टेशनों के बीच नई सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ**

**सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 03255/03256 पटना जं.–आनंद विहार (ट.)–पटना जं. एक्सप्रेस स्पेशल सेवा को नियमित सेवा के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया गया है। अब ये रेल सेवा नये नम्बर अर्थात् 13251/13252 पटना जं.–आनंद विहार (ट.)–पटना जं. द्वि–साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में संचालित की जाएगी, जिसकी विस्तृत समय–सारणी और नियमितीकरण की तिथियाँ निम्नानुसार हैं :–**

**रेलगाड़ी सं. 13251/13252 पटना जं.-आनंद विहार (ट.)-पटना जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 13251 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 13252 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22.20 | पटना जं. | 18.35 | ---- |
| 22:43 | 22:45 | दानापुर | 17:28 | 17:30 |
| 23.15 | 23:17 | आरा जं. | 16:40 | 16:42 |
| 00.15 | 00:17 | बक्सर | 15:56 | 15:58 |
| 02.10 | 02:20 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 14:40 | 14:50 |
| 04.40 | 04:45 | प्रयागराज जं. | 09:30 | 09:35 |
| 07.30 | 07:40 | गोविन्दपुरी | 06:00 | 06:10 |
| 18.35 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 23:30 |

**नोटः**– रेलगाड़ी सं. 03255 स्पेशल की सेवा पटना जं. से दिनांक 07.12.2025 से और रेलगाड़ी सं. 03256 स्पेशल की सेवा आनंद विहार (ट.) से दिनांक 08.12.2025 से वापस ले ली जाएगी।

नये नम्बर के साथ नियमितीकरण की तिथियाँ :– **13251 पटना जं.** से प्रत्येक **रविवार एवं वीरवार** दिनांक **07.12.2025** से अगले आदेश तक एवं **13252 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक **सोमवार एवं शुक्रवार** दिनांक **08.12.2025** से अगले आदेश तक।

स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
4003/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ





# चैतन्यानंद की जमानत याचिका पर अब सोमवार को होगी सुनवाई, दूसरे जज को सौंपा गया केस



● छेड़छाड़ के आरोप में न्यायिक हिरासत में बंद चैतन्यानंद की जमानत याचिका पर पहले न्यायाधीश अतुल अहलावत ने सुनवाई से इनकार कर दिया था

नई दिल्ली। पटियाला हाउस स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने शुक्रवार को वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट एंड रिसर्च के पूर्व प्रबंधक चैतन्यानंद सरस्वती की जमानत याचिका को सोमवार के लिए सूचीबद्ध किया है। यह मामला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) दीप्ति देवेश को सुनवाई के लिए सौंपा गया है। इससे पहले न्यायाधीश अतुल अहलावत ने चैतन्यानंद की जमानत याचिका पर सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया था। जिसके बाद मामला जिला न्यायाधीश को भेजा गया। चैतन्यानंद छेड़छाड़ के एक मामले में न्यायिक हिरासत में हैं और उसने जमानत की अर्जी दायर की है। चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को 27 सितंबर को आगरा से गिरफ्तार कर दिल्ली लाया गया था। 28 सितंबर को कोर्ट ने उनसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। इसके बाद तीन अक्टूबर को कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। वो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद सरस्वती से उस मामले में पूछताछ की थी, जिसमें उस पर वसंत कुंज स्थित एक शैक्षणिक संस्थान में 17 छात्राओं से छेड़छाड़ करने का आरोप है। इससे पहले, वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े एक अन्य मामले में भी एएसजे अतुल अहलावत ने उनकी अग्रिम जमानत अर्जी की सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया था। बाद में उनकी अग्रिम जमानत अर्जी को अदालत ने खारिज कर दिया था।
सरस्वती को गेरुआ वस्त्र पहनने और धार्मिक पुस्तकें रखने की अनुमति क्यों नहीं दी जा सकती। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनिमेष कुमार ने कहा कि जांच अधिकारी द्वारा दायर जवाब उचित नहीं है और उसमें जेल मैनुअल के किसी प्रविधान का उल्लेख नहीं किया गया है। गेरुआ वस्त्र और धार्मिक पुस्तकों से संबंधित आवेदन पर सुनवाई भी सोमवार को ही की जाएगी। पटियाला हाउस कोर्ट में चैतन्यानंद की जमानत याचिका पर सुनवाई सोमवार को होगी। छेड़छाड़ के आरोप में न्यायिक हिरासत में बंद चैतन्यानंद की जमानत याचिका पर पहले न्यायाधीश अतुल अहलावत ने सुनवाई से इनकार कर दिया था। दिल्ली पुलिस ने वसंत कुंज के एक संस्थान में छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में उनसे पूछताछ की थी। वित्तीय अनियमितताओं के एक अन्य मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्या बाल भवन के बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाया

नई दिल्ली। मयूर विहार फेज तीन स्थित विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सतवीर शर्मा ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाना है। यह अभियान कक्षा छठी से 12वीं तक की छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। इसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के साथ तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट की बड़ी खेप जब्त करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बरामद कुल 77,200 प्रतिबंधित सिगरेट डनहिल, डेविडऑफ गोल्ड और डेविडऑफ व्हाइट ब्रांड की हैं। क्राइम ब्रांच ने बताया कि सूचना के आधार पर सिकंदरा रोड स्थित अखिल भारतीय महिला शिक्षा निधि संघ के पास से तीनों तस्करों को सिगरेट के साथ पकड़ा गया। आरोपियों की पहचान यूपी के मुरादाबाद निवासी मोहम्मद अलाउद्दीन, मुजफ्फरनगर निवासी जैद और शामली निवासी शाहबुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है।

### ड्रग्स तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 808 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में चार करोड़ रुपये से अधिक है। आरोपियों के पास से नकदी, दो मोबाइल फोन और एक स्कूटर भी जब्त किया गया है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों मे सरोज उर्फ बाबू, राजकुमार और दीपाली शामिल हैं।

### पति की आत्महत्या के बाद दर्ज दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी रद्द

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक महिला की ओर से ससुराल वालों के खिलाफ दर्ज दहेज उत्पीड़न और क्रूरता की प्राथमिकी को खारिज कर दिया है। यह प्राथमिकी पति की आत्महत्या के बाद दर्ज की गई थी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि यह अस्पष्ट आरोपों व कानून के दुरुपयोग का मामला है। आपराधिक कार्यवाही को जारी रखना न्याय के हित में नहीं होगा। महिला की शादी मार्च 2016 में हुई थी। ससुराल वालों ने दावा किया कि इसके तुरंत बाद दंपति के बीच कुछ मतभेद पैदा हो गए। पति निराश रहने लगा। यह भी कहा गया कि महिला के परिवार ने न केवल पति पर दबाव डाला, बल्कि उसे हर हाल में उसके साथ रहने की धमकी भी दी। ससुराल वालों के अनुसार, महिला के माता-पिता ने उन्हें डरा दिया था। उनके पूरे परिवार को दहेज और घरेलू हिंसा के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी थी।

### एबीजेएस को समान चुनाव चिह्न दे ईएसआई : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को निर्देश दिया कि वह अखिल भारतीय जनसंघ (एबीजेएस) को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए एक सामान्य चुनाव चिह्न आवंटित करे। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने पार्टी को सामान्य चिह्न के आवंटन के लिए ईसीआई को एक आवेदन देने का निर्देश दिया। पार्टी की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि अखिल भारतीय जनसंघ का नाम चुनाव आयोग द्वारा 20 अक्तूबर, 1989 के अपने पत्र के माध्यम से विधिवत पंजीकृत किया गया था। यह तर्क दिया गया कि चुनाव आयोग ने पार्टी में आंतरिक विवाद का हवाला देते हुए बिहार चुनावों के लिए साझा चुनाव चिह्न आवंटित करने से इनकार कर दिया था। साथ ही यह तर्क दिया गया कि समीर सिंह चंदेल नामक व्यक्ति द्वारा उठाया गया विवाद अब कोई मायने नहीं रखता क्योंकि उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

## लोगों को भोर और संध्या में ठिठुरन का अनुभव हो रहा है

# बारिश-बर्फबारी के बाद दिल्ली में जल्द हुआ ठंड का एहसास



● मौसम विभाग का कहना है कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजी बर्फबारी तथा वर्षा से पर्वतीय शीतलता मैदानी क्षेत्रों तक पहुंची है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली-एनसीआर में अधिकतम-न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई

नई दिल्ली। राजधानी में गरज-चमक के साथ हुई बारिश के बाद सुबह-शाम शीतल हवा का असर बढ़ा है, जिसका प्रमुख कारण पहाड़ी क्षेत्रों में चल रही बर्फबारी तथा सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ माना जा रहा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह ठंडक फिलहाल अस्थायी प्रकृति की है और प्रणाली के कमजोर पड़ते ही तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखी जाएगी।

मौसम विभाग का कहना है कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजी बर्फबारी तथा वर्षा से पर्वतीय शीतलता मैदानी क्षेत्रों तक पहुंची है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली-एनसीआर में अधिकतम-न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। विभाग ने संकेत दिया कि अभी ठंड का वास्तविक चरण शुरू नहीं हुआ है, वर्तमान शीतलता पश्चिमी विक्षोभ की तात्कालिक देन है, जो कुछ दिनों में क्षीण हो जाएगी।

राजधानी में वर्षा के पश्चात नमी और हवा की गति घटने से लोगों को भोर और संध्या में ठिठुरन का अनुभव हो रहा है, जबकि दोपहर के समय हल्की गुनगुनी धूप राहत देती दिखी। मौसम विज्ञानियों के अनुसार 11 अक्टूबर तक आकाश मुख्यतः साफ रहने का अनुमान है और जैसे ही पर्वतीय प्रणाली का प्रभाव समाप्त होगा, रात के तापमान में आंशिक वृद्धि तथा दिन के समय हल्की उमस की वापसी संभव है।

उत्तराखंड में हालिया वर्षा और बर्फबारी को असाधारण बताया जा रहा है, जिसने अनेक क्षेत्रों में दशकों पुराने आँकड़ों को चुनौती दी है। इससे मैदानों में नमी और शीतल प्रवाह बढ़ा, जिसके फलस्वरूप दिल्ली समेत आसपास के जिलों में मौसम का रुख अचानक बदला और सामान्य से पहले ठंड की दस्तक महसूस की गई, यद्यपि इसे शीत ऋतु की स्थायी शुरूआत नहीं माना जा रहा। वायु गुणवत्ता के मोर्चे पर राजधानी में सूचकांक सौ के आसपास दर्ज हुआ, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है, किंतु विशेषज्ञों ने आगाह किया कि तापमान में गिरावट तथा हवा की मंद गति के कारण आगामी दिनों में प्रदूषण स्तर क्रमशः बढ़ सकता है। पराली दहन के मौसम के नजदीक आते ही निचली सतह पर प्रदूषक कणों का ठहराव बढ़ने की आशंका रहती है, ऐसे में निगरानी, स्वच्छ ईंधन का प्रयोग और यातायात अनुशासन पर बल आवश्यक होगा।

मौसम की निकट अवधि की दिशा को देखते हुए नागरिकों के लिए परामर्श है कि सुबह-शाम हल्का गर्म परिधान अपनाएँ, बच्चों और बुजुर्गों को तेज हवाओं से बचाएँ और दीर्घकालीन ठंड मानकर भारी ऊनी वस्त्र अभी न निकालें। घरों में नमी प्रबंधन, खिड़की-दरवाजों के उपयुक्त वेंटिलेशन तथा रात्रि काल में तापमान के उतार-चढ़ाव के अनुरूप दिनचर्या में मामूली बदलाव लाभकारी रहेंगे। विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि जैसे ही पश्चिमी विक्षोभ शिथिल होगा, दिन का तापमान कुछ अंकों तक उछल सकता है और हल्की उमस के साथ सामान्य गुलाबी ठंड का दौर शुरू होगा।

## यूपीपीसीएस परीक्षा के लिए बदला नमो भारत का समय

● सुबह 8 बजे के बजाय अब सुबह 6 बजे से प्रारंभ होंगी और रात 10 बजे तक उपलब्ध रहेंगी, जिससे परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुँचने में सुविधा होगी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की 12 अक्टूबर को होने वाली परीक्षा के मद्देनजर नमो भारत सेवाओं के समय में विशेष परिवर्तन किया गया है। नई व्यवस्था के अनुसार न्यू अशोक नगर से मेरठ दक्षिण खंड पर सेवाएँ सामान्यतः सुबह 8 बजे के बजाय अब सुबह 6 बजे से प्रारंभ होंगी और रात 10 बजे तक उपलब्ध रहेंगी, जिससे परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुँचने में सुविधा होगी।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संचालित इस क्षेत्रीय तीव्र परिवहन सेवा के समय परिवर्तन का उद्देश्य परीक्षा दिवस पर यातायात दबाव को कम करना और अभ्यर्थियों के निर्बाध आवागमन को सुनिश्चित करना है। परिचालन एजेंसियों ने कहा है कि रविवार को प्रातःकालीन भीड़ और मार्गों पर संभावित जाम को देखते हुए शीघ्र आरंभ से बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को लाभ पहुँचेगा, जबकि देर शाम तक संचालन लौटने वाले यात्रियों के लिए भी उपयोगी रहेगा। नयी समयसारिणी के साथ स्टेशन-स्तरीय प्रबंधन, यात्री सूचना तंत्र और सहायता काउंटरों को भी सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्लेटफार्मों पर भीड़ का सुचारु प्रबंधन हो सके। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि परीक्षा प्रवेश-पत्र और वैध पहचान पत्र के साथ पर्याप्त समय लेकर प्रस्थान करें, निकटतम स्टेशन का विकल्प पहले से तय करें और किसी भी आकस्मिक विलंब की स्थिति में मध्यवर्ती स्टेशनों पर वैकल्पिक ट्रेन पकड़ने की योजना बनाकर चलें। सेवा प्रदाता संस्थाओं ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि अद्यतन समयसारिणी, अंतराल और संभावित अतिरिक्त जानकारी के लिए आधिकारिक घोषणाओं पर नजर रखें। जिन केंद्रों तक अंतिम दूरी सार्वजनिक बस या साझा परिवहन से तय करनी है, वहाँ समन्वित समय-प्रबंधन का विशेष ध्यान रखने से परीक्षा-कक्ष तक पहुँच सुनिश्चित की जा सकेगी। परिवहन विशेषज्ञों का मत है कि ऐसी लक्षित व्यवस्था बड़े परीक्षा आयोजनों में भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने, निजी वाहनों पर निर्भरता घटाने और समयपालन बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है। परीक्षार्थियों के लिए यह भी आवश्यक है कि स्टेशन-प्रवेश जाँच, टोकन/स्मार्ट-कार्ड लेनदेन और प्लेटफार्म परिवर्तन में लगने वाले समय का अनुमान पहले से जोड़कर यात्रा-योजना बनाई जाए, ताकि अनावश्यक हड़बड़ी और तनाव से बचा जा सके।

## 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियाँ व्यापक स्तर पर



नई दिल्ली। संत निरंकारी मिशन का 78वां वार्षिक संत समागम, पूर्ववर्ती वर्षों की दिव्यता और गरिमा के अनुरूप, इस वर्ष भी 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2025 तक समालखा (हरियाणा) स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर अत्यंत भव्यता, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित होने जा रहा है। यह दिव्य आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा, जिसकी शुभ सूचना ने समस्त श्रद्धालु भक्तों के हृदयों में अपार हर्ष और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया है।

'आत्ममंथन' विषय पर आधारित इस वर्ष का वार्षिक संत समागम अपने आप में एक अद्भुत एवं अनुपम आध्यात्मिक यात्रा है, जहां श्रद्धालु ब्रह्मज्ञान की आंतरिक ज्योति में सेवा, सिमरन और सत्संग करते हुए आनंद और प्रेमाभक्ति का अनुभव प्राप्त करेंगे।

इस दिव्य उत्सव की तैयारियाँ अत्यंत श्रद्धा, लगन एवं निःस्वार्थ भावना से की जा रही हैं। श्रद्धालु भक्त, चाहे वे वृद्ध हों या युवा, पुरुष हों या महिलाएं, हर पृष्ठभूमि के भक्त सेवा में पूर्ण रूप से रत हैं। प्रातः काल की प्रथम किरण से लेकर संध्या के अंतिम प्रकाश तक, हर ओर भक्ति भाव से समर्पित सेवा का अपूर्व आलोक दिखाई देता है। कोई मिट्टी के तसले ढो रहा है, कोई शामियाने गाढ़ रहा है, तो कोई सफाई, जल प्रबंधन या भोजन व्यवस्था में जुटा है। 78वें वार्षिक संत समागम की भव्यता को प्रकट करता हुआ मुख्य गेट भी आकार लेने लगा है - एक ऐसा प्रवेश-द्वार, जो प्रेम, समरसता और आत्मिक एकत्व की यात्रा का प्रतीक बनेगा ह्न यह सब कुछ समर्पण की उस भावना का प्रमाण है, जो सतगुरु के ज्ञान से उत्पन्न होती है। जिस प्रकार कहा भी गया है कि ह्नजहाँ सेवा में समर्पण जुड़ जाता है, वहीं हर क्षण उत्सव बन जाता है।

सेवा भाव की गरिमा को देखकर यह स्पष्ट हो जाता है कि इन सेवकों के मुखमंडलों पर कोई थकान नहीं, अपितु आनंद और उल्लास की आभा झलक रही है। यह वही दिव्य आनंद है, जिसे केवल सतगुरु की छत्रछाया में रहकर, सेवा और भक्ति के माध्यम से अनुभव किया जा सकता है।

सतगुरु माता जी भी अपने प्रवचनों में बारंबार यही प्रेरणा देती हैं कि ह्नतन पवित्र सेवा किये, धन पवित्र दिये दान, मन पवित्र हरि भजन सों, त्रिबिध होई कल्याण। देश के कोने-कोने से ही नहीं, अपितु विदेशों से भी लाखों श्रद्धालु भक्त इस संत समागम में सम्मिलित होने के लिए पधारते हैं। उनके स्वागत एवं सुविधाओं हेतु सभी आवश्यक प्रबंध अत्यंत सुचारू रूप से किए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और हवाई अड्डों पर निरंकारी सेवादल के अनुशासित, मर्यादित एवं सुसज्जित सेवादार अपनी नीली और खाकी वर्दियों में श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उन्हें उनके निर्धारित निवास स्थलों तक ससम्मान पहुँचाने हेतु सतत तत्पर रहेंगे।

निसंदेह यह समागम केवल एक साधारण आयोजन नहीं, अपितु मानवता के उत्थान और समरसता के जागरण का एक अनुपम पर्व है, जहाँ विविध संस्कृतियों, भाषाओं और परिवेशों से आए श्रद्धालु भक्त 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को आत्मसात करते हुए, सतगुरु की अमृतवाणी से अपनी अंतरात्मा को जागृत करते हैं। इस पावन अवसर पर हर उस सज्जन, भाई व बहन का हृदय से स्वागत है, जो प्रेम, शांति, समरसता के इस दिव्य महायज्ञ का हिस्सा बनना चाहती है।

### खजूरी चौक के पास युवक की चाकू से हत्या

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के खजूरी चौक के पास खड्डर क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। उपायुक्त आशिष मिश्रा ने बताया कि रात करीब 11:27 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि खजूरी चौक के पास खड्डर इलाके में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां एक व्यक्ति खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला, जिसके शरीर पर चाकू से वार के निशान थे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान दयालपुर निवासी गजेन्दर (34) के रूप में हुई है। वह पेशे से नाई का काम करता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए विशेष टीमों को तैनात किया गया है और आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। फिलहाल, इलाके में पुलिस ने गश्त और निगरानी बढ़ा दी है।

### नरेला में पुलिस मुठभेड़ में वांछित अपराधी घायल

नई दिल्ली। दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक वांछित अपराधी घायल हो गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उसे पकड़ लिया गया और तुरंत पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी काले रंग के स्कूटर पर उस इलाके में आएगा और उसके पास बंदूक भी होगी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसकी हथियार भी होगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ह्नजब इसी विवरण से मिलता-जुलता एक स्कूटर नरेला औद्योगिक क्षेत्र के जी ब्लॉक के पास देखा गया, तो पुलिस टीम ने उसे रोकने की कोशिश की। स्कूटर सवार ने पुलिस पर दो गोलियां चलाईं। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में तीन गोलियां चलाईं, जिनमें से एक गोली उसके दाहिने पैर में लगी। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान बवाना निवासी आफताब आलम उर्फ अत्ती के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, आफताब एक आदतन अपराधी है और विभिन्न थानों में दर्ज झपटमारी, डकैती और हत्या के कई मामलों में शामिल है। पुलिस ने उसका स्कूटर जब्त कर लिया है और उसके पास से एक हथियार भी बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और कानूनी कार्रवाई शुरू की गयी है।

### 18.25 लाख रुपए लेकर भागा कर्मचारी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के मोती नगर थाना क्षेत्र में मालिक के 18.25 लाख रुपए लेकर फरार हुए कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 17.65 लाख कैश बरामद कर लिया है। गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-1 निवासी अजय सतीजा ने मोती नगर थाने में शिकायत दर्ज की। उन्होंने बताया कि वे रामा रोड औद्योगिक क्षेत्र, मोती नगर में केमिकल सेंटर नामक कार्यालय चलाते हैं। उन्होंने 3 अक्टूबर को अपने कर्मचारी संदीप कुमार सिंह को 18.25 लाख रुपए देकर भाई के अशोक विहार स्थित घर भेजा था, लेकिन संदीप न तो वहां पहुंचा और न ही लौटा। साथ ही उसका मोबाइल भी बंद मिला। संदीप पिछले 15 साल से उनके साथ काम कर रहा था और कैश जमा और संभालने का काम करता था। शिकायत के आधार पर मोती नगर थाने में मामला दर्ज हुआ और एएसआई दीपक सैनी ने जांच शुरू की। इंस्पेक्टर वरुण दलाल के नेतृत्व में और एसीपी शिवम के पर्यवेक्षण में एएसआई दीपक सैनी, एएसआई राजेंद्र, एचसी पवन और एचसी राजेंद्र की एक टीम बनाई गई। टीम ने संदीप (38) के गृहनगर फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) और फिर दिल्ली के हर्ष विहार में स्थानीय पते के बारे में खुफिया जानकारी जुटाई। सूचना मिलते ही पुलिस ने गगन सिनेमा, हर्ष विहार के पास से संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में संदीप ने बताया कि उसने चोरी की रकम को घर पर काले बैग में छिपाया था। उसके बयान के आधार पर पुलिस ने उसके घर से 17,65,500 कैश बरामद कर लिया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जो सक्रियता दिखाई, उसकी वजह से केस जल्द सॉल्व हो गया। पुलिस की त्वरित और पेशेवर कार्रवाई से न सिर्फ आरोपी पकड़ा गया, बल्कि चोरी की रकम का ज्यादातर हिस्सा भी वापस मिल गया। इस उपलब्धि के लिए पुलिस उपायुक्त पश्चिम जिला, दिल्ली शरद भास्कर ने टीम की तारीफ की है।

### दिल्ली सरकार की नई पहल: अब वॉट्सऐप पर मिलेंगे जन्म और जाति प्रमाणपत्र

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार नागरिक सेवाओं को और अधिक सरल तथा सुलभ बनाने के उद्देश्य से एक नई डिजिटल पहल शुरू करने जा रही है। इस पहल के तहत नागरिक अब जन्म प्रमाणपत्र और जाति प्रमाणपत्र जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए वॉट्सऐप के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे तथा प्रमाणपत्र प्राप्त भी कर पाएंगे। सरकार की इस योजना का मकसद लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना और पूरी प्रक्रिया को फेसलेस (प्रत्यक्ष संपर्क रहित) बनाना है। अधिकारियों के अनुसार, विभिन्न विभागों की लगभग 50 से अधिक सेवाओं की पहचान की गई है, जिन्हें वॉट्सऐप प्लेटफॉर्म पर लाने की तैयारी चल रही है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि 'वॉट्सऐप के जरिये शासन' नामक इस पहल के अंतर्गत वे सभी सेवाएँ शामिल होंगी, जिनके लिए वर्तमान में ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस प्रणाली को और अधिक प्रभावी और स्वचालित बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद ली जाएगी। अधिकारी ने बताया कि उपयोगकर्ता वॉट्सऐप पर निर्धारित सरकारी नंबर पर संदेश भेजकर आवश्यक दस्तावेजों के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने पर प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में सीधे वॉट्सऐप पर ही प्राप्त हो जाएगा। सरकार का मानना है कि इस कदम से न केवल नागरिकों का समय और धन दोनों की बचत होगी, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। इसके अलावा, इस पहल से सरकारी सेवाओं तक पहुँच और तेज व सुविधाजनक हो जाएगी। सूत्रों के अनुसार, आने वाले महीनों में दिल्ली सरकार इस प्रणाली को अन्य दस्तावेज संबंधी सेवाओं तक भी विस्तार देने की योजना बना रही है, ताकि नागरिकों को अधिकतम सरकारी सुविधाएँ उनके मोबाइल फोन पर ही उपलब्ध कराई जा सकें। इस तरह दिल्ली देश का पहला ऐसा राज्य बन सकता है, जो वॉट्सऐप के माध्यम से शासन सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में तकनीकी नवाचार का नया उदाहरण पेश करेगा।

### सड़क धंसने से पलटा ट्रक, महिला की मौत; द्वारका क्षेत्र में चालक फरार, वाहन जब्त

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के बिंदापुर थाना क्षेत्र स्थित द्वारका सेक्टर के समीप सड़क धंसने से रोड़ी से भरा एक भारी ट्रक पलट गया, जिसके नीचे दबकर एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान रेणु देवी के रूप में की गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल मौके पर पहुँचे, महिला को मलबे के नीचे से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया, जबकि पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है।

प्राथमिक जाँच में संकेत मिले हैं कि घटनास्थल पर सड़क की सतह अचानक धंस जाने से ट्रक का संतुलन बिगड़ा और वह बाईं ओर पलट गया। भारी बोझ और असमतल सतह की वजह से पलटाव इतना तेज था कि राह चल रही महिला इसकी चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धंसान के साथ ही सड़क पर दरारें उभर आईं और कुछ ही क्षणों में वाहन एक ओर झुककर उलट गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस नियंत्रण कक्ष और आपात सेवाओं को सूचना दी। बचाव कर्मियों ने क्रेन और हाइड्रोलिक उपकरणों की सहायता से ट्रक को सहारा देकर नीचे फँसी महिला को बाहर निकाला, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर यातायात आंशिक रूप से मोड़ दिया और साक्ष्य संकलन के बाद मार्ग को सुरक्षित बनाते हुए आवागमन पुनः संचालित किया।

**प्रशासन** | आधिकारिक सूचना स्रोतों के माध्यम से नवीनतम प्लेटफॉर्म विवरण अवश्य सत्यापित करें

## स्टेशन पर 30 अक्टूबर तक 14 ट्रेनों के प्लेटफॉर्म बदले

दिया शर्मा





नई दिल्ली। त्योहारी आवागमन के चरम को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन के लिए प्लेटफॉर्म पुनर्विन्यास लागू कर दिया है। अजमेरी गेट की ओर अस्थायी होल्डिंग क्षेत्र तैयार किया गया है और 30 अक्टूबर तक 14 ट्रेनों के प्लेटफॉर्म अस्थायी रूप से बदल दिए गए हैं, ताकि एक ही समय में भीड़भाड़ वाले प्लेटफॉर्मों पर दबाव न बढ़े और यात्रियों की आवाजाही सुचारू बनी रहे।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार पूर्व दिशा की ओर जाने वाली अधिकांश विशेष गाड़ियाँ अब प्राथमिकता से प्लेटफॉर्म संख्या 16 से संचालित की जाएंगी। परिचालन स्थिति के अनुसार अन्य प्लेटफॉर्मों से भी प्रस्थान की व्यवस्था रहेगी, जिससे प्लेटफॉर्म संख्या 12, 13, 14 और 15 जैसे भीड़-संवेदनशील खंडों पर एक साथ कई लंबी दूरी की ट्रेनों का जमावड़ा टाला जा सके। भीड़ विभाजन के साथ मार्गदर्शन, उद्घोषणाएँ और सूचना पटों के माध्यम से यात्रियों को अद्यतन प्लेटफॉर्म जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। त्योहारों के सीजन में दिल्ली से पूर्वी राज्यों की ओर जाने वाली यात्राओं में असामान्य वृद्धि को देखते हुए ट्रेन परिचालन की अंतराल-योजना पुनसंर्तुलित की गई है। उद्देश्य यह है कि कम समय खिड़की में किसी एक प्लेटफॉर्म पर अत्यधिक ट्रेनें न लगें और यात्री प्रवाह क्रमबद्ध रहे। इसके लिए प्रवेश-निकास गलियारों, सीढ़ियों और फुट-ओवरब्रिज पर अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती तथा कतार व्यवस्थापन लागू किया गया है। स्टेशन परिसर में दिशा-सूचक संकेतों और स्वचालित उद्घोषणाओं की आवृत्ति बढ़ाई गई है। यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे ने अपील की है कि प्रस्थान से पहले टिकट, संदेश या आधिकारिक सूचना स्रोतों के माध्यम से नवीनतम प्लेटफॉर्म विवरण अवश्य सत्यापित करें। भीड़ के समय वैकल्पिक प्रवेश द्वार और फुट-ओवरब्रिज का उपयोग, निर्धारित समय से पहले स्टेशन पहुँचना, तथा बुजुर्गों और बच्चों के साथ यात्रा कर रहे परिवारों के लिए होल्डिंग क्षेत्र का उचित उपयोग करने से अनावश्यक अफरा-तफरी से बचा जा सकता है।

### दिल्ली में खांसी की दवाओं की बिक्री घटी, सीरप की मांग में 30 प्रतिशत की कमी

नई दिल्ली। मध्यप्रदेश में खांसी के सिरप के सेवन से बच्चों की मृत्यु की घटना के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सीरप की मांग में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। दवा व्यापार से जुड़े लोगों का कहना है कि उपभोक्ता अब सीरप खरीदने में सावधानी बरत रहे हैं, वहीं चिकित्सक भी अपने नुस्खों में सिरप लिखने से परहेज कर रहे हैं। रिटेल वितरण औषधि संघ (आर.डी.सी.ए.) के दिल्ली अध्यक्ष संदीप नांगिया के अनुसार, अक्टूबर माह के शुरूआती दिनों में सीरप की मांग में औसतन 25 से 30 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि इसके विपरीत गोलियों और कैप्सूल की बिक्री में वृद्धि देखने को मिली है। उनका कहना है कि लोग अब द्रव रूप में दवा लेने की अपेक्षा ठोस रूप को अधिक सुरक्षित मान रहे हैं। दवा विक्रेताओं का कहना है कि उपभोक्ता अब पहले की तरह सीधे सीरप की मांग नहीं कर रहे हैं। अधिकांश ग्राहक चिकित्सक से परामर्श के बाद ही औषधि खरीद रहे हैं। कई दुकानदारों ने बताया कि अब मरीज खांसी-जुकाम के इलाज के लिए सीरप की जगह टैबलेट, पाउडर अथवा अन्य विकल्प पूछते हैं। एक दवा व्यापारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हाल ही में मध्यप्रदेश की घटना के बाद दिल्ली सहित एनसीआर क्षेत्र में भी भय का माहौल बना है। लोगों के मन में यह आशंका बैठ गई है कि कहीं सिरप में किसी हानिकारक रासायनिक तत्व का मिश्रण तो नहीं है। औषधि विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति अस्थायी है और जैसे-जैसे जांच रिपोर्ट स्पष्ट होंगी, बाजार में सामान्य स्थिति लौट आएगी। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी सभी औषधि विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि बिना वैध अनुमति और बैच सत्यापन के कोई भी दवा बिक्री के लिए उपलब्ध न कराई जाए।

## हथीन शहर को दिवाली तोहफा, तिरंगा लाइटों से जगमग होगा हथीन शहर



**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन, सुरेंद्र तेवतिया।** हथीन शहर को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के लिए हथीन को नई पहचान देने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की गई है। इस पहल के तहत शहर के मुख्य मार्गो, चौराहो और सार्वजनिक स्थानों पर 48 लाख रुपए की लागत से तिरंगा लाइटे लगाई जा रही है। इतना ही नहीं एक करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से हथीन में स्ट्रीट लाइट भी लगाई जा रही हैं। जिससे कि हथीन शहर के मुख्य मार्ग,गली, चौराहे और सार्वजनिक स्थान जगमग रहे। हथीन नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुमित राजपूत ने बताया कि हथीन नगर पालिका क्षेत्र में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा सीएसआर फंड से दिए गए 1 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से लगभग 365 स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है। जिसका काम लगभग पूरा हो गया है। इसके अलावा 48 लाख रुपये की लागत से तिरंगा लाइट भी लगाई जा रही है। यह पहल केवल शहर की सुंदरता बढ़ाने तक सीमित नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति और एकता की भावना को और मजबूत करना है। उनका संकल्प हथीन शहर को साफ, स्वच्छ और सुंदर शहर बनाना है। जिसके लिए वह लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा 12 अक्टूबर को केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर 12 करोड़ के विकास कार्यो का उदघाटन करने के लिए हथीन आ रहे है। उसी दौरान स्ट्रीट लाइट व तिरंगा लाइट का भी उदघाटन किया जाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को 12 अक्टूबर को हथीन नगर पालिका की मांगो को लेकर एक मांग पत्र भी दिया जाएगा और उन्हें आशा व उम्मीद है कि जल्द ही उनकी उन मांगो को भी पूरा किया जाएगा।

## मुख्य न्यायाधीश और एडीजीपी सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता अपने आप को कैसे सुरक्षित समझे: उदयभान

● एडीजीपी वाई पूरन कुमार को जातिगत तौर पर किया गया प्रताडित, दलितों को बनाया जा रहा है शिकार



**उत्तम भारत संवाददाता, होडल।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं दलित वर्ग कल्याण समिति के अध्यक्ष उदयभान ने मुख्य न्यायाधीश वी आर गव?ई और एडीजीपी वाई पूरन कुमार के मामले को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब देश के सबसे बडे पद और मुख्य न्यायाधीश और एडीजीपी सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता अपने आप को कैसे सुरक्षित समझे। भाजपा के शासन में दलितों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के मुख्य न्यायाधीश वी.आर.गवई पर जूता फैंकना और आईपीएस एडीजीपी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या की घटना से दलित समाज में भारी रोष व्याप्त है।उन्होंने इस मामले में खासकर डीजीपी शत्रुजीत कपूर और एसपी नरेंद्र विजरानियां के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें गिरफतार किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो समाज के लोग बडा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उदयभान शुक्रवार को उक्त मामले को लेकर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। मामले को लेकर दलित वर्ग कल्याण समिति द्वारा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें देवेश कुमार,बाबू खैमचन्द, दलित वर्ग कल्याण समिति के पदाधिकारियों के अलावा आसपास के गावों के सैंकडों लोगों ने हिस्सा लिया। यहां उदयभान ने कहा कि एडीजीपी वाई पूरन कुमार को जातिगत तौर पर प्रताडित किया गया, उनके साथ ज्यादती की गई। इस मामले में मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री के अलावा अन्य अधिकारियों को पत्र लिखे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इतने शीर्ष पदों पर आसीन अधिकारियों का यह हाल है तो आम जनता का क्या होगा। उदयभान ने कहा कि इसी सप्ताह में हरीओम बाल्मीकि के साथ हुई इस प्रकार की घटनाओं से दलित, शोषित और वंचित समाज में भारी रोष और आक्रोश है। इतने बडे पदों की गरीमा का भी घ्यान नहीं है। दलित समाज इसकी भर्तसना करता है। उन्होंने कहा कि जुडिशरी में दलित समाज मात्र एक प्रतिशत हैं, उनमें भी हाई कोर्ट और सर्वोच्च न्यायालय में दलित समाज के जज नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश के साथ उनकी अदालत में ही इस प्रकार अभद्र व्यवहार के बाद भी मनुवादी सोच की भाजपा व आरएसएस के किसी भी नेता ने कोई टिप्पनी नहीं की है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में एफआईआर तो हुई है, लेकिन आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गई है। इससे पहले भी डीजीपी शत्रुजीत कपूर द्वारा एडीजीपी वाई पूरन कुमार के साथ बदतमीजी की गई है। उदयभान ने कहा कि एडीजीपी वाई पूरन कुमार ने आत्महत्या नहीं की है,बल्कि उनकी हत्या की गई है। उक्त मामले की जांच होनी चाहिए और मामले में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। अगर सरकार ने इस मामले में कार्रवाई नहीं की तो प्रदेश में एक बडा आंदोलन खडा हो सकता है। इस मामले में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से मजबूती के साथ इसके विरोध में है।

## पुन्हाना में 29-30 अक्तूबर को होगा जिला युवा महोत्सव, छात्रों को मिलेंगे 31 हजार तक पुरस्कार

**उत्तम भारत संवाददाता, पुन्हाना, ललित कुमार गर्ग।** नोडल अधिकारी नूंह के आदेशानुसार 29 और 30 अक्तूबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पुन्हाना में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा की ओर से जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय महोत्सव में समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन, लोक वाद्य यंत्र, राज्य की लोक कला एवं लोक नृत्य प्रस्तुतियां, विज्ञान मेला आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विजेता प्रतिभागियों को ग्यारह सौ रुपए से लेकर इकतीस हजार रुपए तक के नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अवसर छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और सांस्कृतिक-शैक्षिक गतिविधियों में आगे बढ़ने का मौका देगा। प्रधानाचार्य ने जिले के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। इच्छुक प्रतिभागी 24 अक्तूबर तक आईटीआई पुन्हाना में आकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## आज कुतुबपुर में लगेगा निशुल्क डेंटल कैंप,निशांत यादव होंगे मुख्य अथिति

**उत्तम भारत संवाददाता, रेवाड़ी,( पवन कुमार )।** नारनौल रोड़,कुतुबपुर में स्थित वृंदावन डेंटल क्लिनिक में एसएसपी फाउंडेशन की तरफ से फ्री डेंटल कैंप लगाया जा रहा है, रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण यादव के सुपुत्र निशांत यादव बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और रिबसन काट कर डेंटल कैंप का उद्धघाटन करेंगे,मार्केटिंग कमेटी के उपप्रधान दीपक मंगला की अध्यक्ष होंगे कइस डेंटल कैंप के आयोजन एसएसपी फाउंडेशन के प्रधान पवन कुमार और वृंदावन डेंटल क्लिनिक के संचालक राहुल बंजारा है।

## नूंह पुलिस ने पुलिस लाईस नूंह में सी.पी.आर. तकनीकी प्रशिक्षण किया आयोजन

सी.पी.आर. तकनीकी का ज्ञान देता है जीवनदान।

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** शुक्रवार को पुलिस लाईन नूंह में सी.पी. आर. तकनीकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश सिंह मलिक रैडक्रॉस सोसाइटी नूंह ने सी.पी. आर.तकनिकी प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी सड़क दुर्घटना, आपदा के समय आवश्यक होता है कि पीड़ित को घटनास्थल से अस्पताल पहुंचाने तक आवश्यक फर्स्ट एड दी जाए तो जीवन बचाना काफी आसान होता है ।इसी को मद्देनजर रखते हुए आज बेसिक फर्स्ट एड में बेहोशी, घायल को मौके पर प्राथमिक सहायता, हार्ट अटैक, सिक्का निगलना, आगजनी के दौरान धुआं होने, बिजली का करंट, पानी में डूबने, शरीर से बहुत खून बहने की स्तिथी में पीड़ित को ट्रांसपोर्ट करने, साँस न आने और हार्ट के कार्य न करने की अवस्था में जीवनदायनी विधि सी0पी0आर0 का प्रयोगात्मक तरीका समझाया तथा सभी उपस्थित अधिकारियों एवम कर्मियों को इसका अभ्यास कराया । नूंह पुलिस का संदेश :- इस अनोखे अभियान ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि नूंह पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता और मानवीय मूल्यों की अलख जगाने के लिए भी सदैव तत्पर है ।इस अवसर पर रैडक्रॉस सोसाइटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक, लिपिक नरेश कुमार, उप-निरीक्षक मनीराम, सहायक उप-निरीक्षक विजय कुमार आदि मौजूद रहे ।



## हथीन में बीजेपी का दबदबा, रविन कुमार अपने खेमे के पार्षदों के साथ बीजेपी में शामिल



**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन, सुरेंद्र तेवतिया।** शुक्रवार को हथीन नगरपालिका में बीजेपी उम्मीदवार के सामने चुनाव लड़ने वाले रविन कुमार अपने खेमे के पार्षदों को लेकर खेल मंत्री गौरव गौतम और जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला के नेतृत्व में बीजेपी में शामिल हो गए हैं जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला ने बीजेपी का पटका पहना कर बीजेपी की सदस्यता दिलाई है बता दे कि हथीन नगर पालिका के चुनावों में रविन कुमार, और बीजेपी की उम्मीदवार सुमित राजपूत की पत्नी रेनू लता आमने सामने की टक्कर रही, बीजेपी की उम्मीदवार रेनू लता ने अपनी जीत दर्ज कराई, नगरपालिका चुनावों के दौरान रविन कुमार ने बीजेपी के सभी नेताओं को खूब खरी खोटी सुनाई, सुमित राजपूत की पत्नी रेनू लता हथीन नगरपालिका की चेयरमेन बनी और वाइस चेयरमेन भी बीजेपी गुट का बना दिया गया, हथीन शहर में बीजेपी का दबदबा रहा है, बीजेपी में शामिल हुएइस मौके पर रविन कुमार के साथ हथीन नगरपालिका के पूर्व वाइस चेयरमैन देवेंद्र शर्मा, पार्षद कपिल बघेल, पार्षद धीरज उपाध्यक्ष, पार्षद हेमन्त राजपूत, पार्षद इतेंद्र, पार्षद सुखपाल गोला, समाजसेवी सचिन राजपूत, प्रमोद जांगिड़, हेमंत उपाध्याय ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर भाजपा के मंडल महामंत्री हरकेश शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।

## नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही से भगवान वाल्मीकि जयंती का कार्यक्रम प्रभावित, समाज ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत



**उत्तम भारत संवाददाता, पुन्हाना।** पुन्हाना में भगवान महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही खुलकर सामने आई। समाज के लोगों का आरोप है कि नगरपालिका प्रशासन द्वारा जानबूझकर सफाई व्यवस्था नहीं कराई गई, जिससे मेले और झांकियों में आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रोहित बाल्मीकि सहित समाज के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम शिकायत पत्र लिखकर मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ के पुन्हाना आगमन पर सौंपकर कार्यवाही की मांग की। शिकायत पत्र में कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने 7 अक्तूबर को पूरे प्रदेश में भगवान श्री वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाने के लिए प्रयास किए थे, लेकिन पुन्हाना नगरपालिका ने समाज के आयोजन को पूरी तरह विफल करने का कार्य किया। समाज के गणमान्य लोगों द्वारा 6 और 7 अक्तूबर को नगरपालिका प्रशासन से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की गई थी, लेकिन उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया गया।शिकायत में बताया गया कि वार्ड न. 8 के मुख्य बाजार, मशीन चौक और आर्य समाज मंदिर मार्ग पर नालियों का गंदा पानी दो-दो फुट तक भरा रहा। इसी गंदगी के बीच झांकियों और मेले में आए स्थानीय लोगों सहित बाहर से आए श्रद्धालुओं को भी गुजरना पड़ा। इससे समाज की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँची और कार्यक्रम की गरिमा धूमिल हो गई। समाज के लोगों का कहना है कि नगरपालिका प्रशासन का यह रवैया भगवान वाल्मीकि जयंती जैसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन के लिए अपमानजनक है। उन्होंने मांग की है कि लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो।इस पर मीडिया कॉर्डिनेटर ने बाल्मीकि समाज के लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुँचाई जाएगी और कार्यवाही के लिए वे स्वयं पुरजोर वकालत करेंगे।

## विदेश निगम के सलाहकार पवन चौधरी को लगाया गया जिला रेवाड़ी का फीडबैक और आउटरीच समन्वयक

● समन्वयक लाभार्थियों तक पहुंचते हुए करेंगे योजनाओं के कार्यान्वयन का आकलन



**उत्तम भारत संवाददाता, रेवाड़ी, (पवन कुमार)।** डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से लाभार्थियों तक पहुंचने और योजनाओं के कार्यान्वयन का आकलन करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को फीडबैक और आउटरीच समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला रेवाड़ी सहित महेन्द्रगढ़ व गुरुग्राम, के लिए विदेश निगम के सलाहकार पवन चौधरी को फीडबैक और आउटरीच समन्वयक लगाया गया है। डीसी ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से राज्य के नागरिकों के हित के लिए विशेष रूप से समाज के अंत्योदय वर्ग के लिए अनेक प्रकार की अंत्योदय योजनाएं लागू की हुई हैं। इन योजनाओं के कार्यान्वयन, वास्तव में प्राप्त हो रहे लाभों और लोगों के जीवन में होने वाले बदलावों का आकलन करने के लिए मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को फीडबैक और आउटरीच समन्वयक के रूप में तैनात किया गया है। फीडबैक और आउटरीच समन्वयक क्षेत्र का दौरा करते हुए लाभार्थियों तक पहुंचेंगे और सरकार की ओर से लागू की गई अंत्योदय योजनाओं के कार्यान्वयन का आकलन करेंगे।

## सी जे आई बी आर गंवई के ऊपर जूता फेकने के विरोध में निकाला मार्च

● राष्ट्रपति को जांच के लिए सौपा ज्ञापन




**उत्तम भारत, रेवाड़ी, (पवन कुमार)।** रेवाड़ी के सामाजिक संगठनों, प्रबुद्ध नागरिकों, अधिवक्ताओं ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गंवई पर जूते फेंकने के विरोध में निंदा रोष मार्च आयोजित किया और जिला प्रशासन की मार्फत महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया,जिसमें मांग की गई कि इस घटना की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की जाए और ऐसी अलोकतांत्रिक मानसिकता को बढ़ावा देने वाले कारकों का पता लगाकर दोषी और दोषी को शह देने वालों पर सख्त कार्यवाही कानून अनुसार की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।नागरिकों ने एक स्वर में कहा कि यह हमला लोकतंत्र, आजादी पर है। क्योंकि मुख्य न्यायाधीश एक व्यक्ति नहीं बल्कि उच्च लोकतांत्रिक , संवैधानिक संस्था के एक प्रतिनिधि है। कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट की पहल पर आयोजित इस निंदा रोष प्रदर्शन में भगत सिंह सांभरिया , सत्यवीर गोठवाल , काशीराम आचार्य, कैलाश चंद , आर पी सिंह, दहिया, राजकुमार एडवोकेट, दीपराज एडवोकेट, हरीश कुमार एडवोकेट ,भूप सिंह, सुभाष चंद, हरिओम, के के मूल निवासी, सतनारायण मेजर, मेजर रविं दत , गणेश मेहरा , हितेश, पवन रामपुरा, राजकुमार जलवा एडवोकेट , दुर्गेश ,संतोष मूल निवासी, लक्ष्मी बाई,रामेश्वर दयाल शर्मा रणबीर एडवोकेट ,सुमेर सिंह ,हरि किशन,सुरेंद्र एडवोकेट,अजय सिंह एडवोकेट , मोतीलाल एडवोकेट , राकेश एडवोकेट, चांदराम एडवोकेट, मीनाक्षी भगत एडवोकेट, सतीश एडवोकेट, इत्यादि ने अपने अपने विचार रखें। प्रदर्शन ने इस बात पर भी चिंता जताई कि कथित दोषी वकील को अपने किए गए अपराध पर कोई खेद नहीं है और देश की लॉ एंड ऑर्डर मशीनरी मौन है।सामाजिक संगठनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने फैसला लिया कि न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## श्री गोपाल मंदिर ट्रस्ट ने 47 वे राम कथा वार्षिकोत्सव पर मनाया राम जन्म उत्सव

**उत्तम भारत संवाददाता, बल्लबगढ़, सुमित गोयल।** श्री गोपाल मंदिर गोपाल मंदिर ट्रस्ट जगदीश कलोनी द्वारा मनाये जा रहे 47 वे वार्षिकोत्सव पर वृंदावन से पधारे श्री सुमेधानंद जी महाराज द्वारा आज राम जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर का प्रांगण अयोध्या नगरी की तरह लग रहा था चारों ओर हर्ष उल्लास दिखाई दे रहा था। श्री राम के बाल स्वरुप की सुंदर झांकी निकली गयी। जन्मे है चारो भय्या।अवध में गाओ रे बधाइयां।चारो ओर मंगलगान हो रहा है। तुलसी बाबा कहते हैं मानो देवता भी स्वर्ग से उतरकर अयोध्या नगरी में अपना आशीर्वाद देने उतर आए हैं सबका मन प्रसन्न है सब एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं महाराज श्री सुमेधानन्द जी द्वारा सभी को बधाई दी गयी। भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी। सुंदर भजन महाराज द्वारा गाया गया ।मुख्य अतिथि मनोज अग्रवाल व प्रियंका अग्रवाल द्वारा महाराज जी का पगड़ी पहना कर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। राम जन्मोत्सव पर मोहित बोहरा द्वारा सभी के लिए सुंदर प्रशाद की व्यवस्था की गई।



## महर्षि वाल्मीकी जयंती समारोह संबंधी तैयारियां समयबद्ध सुनिश्चित हो: उपायुक्त अखिल पिलानी

● उपायुक्त ने समारोह के आयोजन के संबंध में जिला प्रशासन के अधिकारियों को सौंपी जिम्मेवारी

● अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक सभी तैयारियों के लिए ओवरऑल इंचार्ज होंगे




**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में आगामी 14 अक्टूबर को होने वाले महर्षि वाल्मीकी जयंती समारोह के संबंध में जरूरी तैयारियां व प्रबंध सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने मीटिंग रूम में आयोजित बैठक में कहा कि जिला नूंह के लिए बहुत की खुशी का अवसर है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में महर्षि वाल्मीकी जयंती समारोह आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक कार्यक्रम संबंधी सभी तैयारियों के लिए ओवरऑल इंचार्ज होंगे। सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पूरी तत्परता व जिम्मेदारी से कार्य करें, ताकि मुख्यमंत्री का दौरा गरिमापूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। सभी कार्य आपसी तालमेल के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि समारोह में वीवीआईपी सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण, बैरिकेडिंग और पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था पुलिस विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी एंबुलेंस, चिकित्सीय सहायता, रक्त की उपलब्धता तथा खाद्य नमूनों की जांच करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ व सिविल अस्पताल नूंह को डिजाइनेटेड सेफ हॉस्पिटल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद नूंह द्वारा सभी मार्गो की सफाई, पेड़ों की छंटाई, सड़कों की मरम्मत, संकेतक बोर्ड, डिवाइडर पेंटिंग व नालियों की सफाई का कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर मंच, बैरिकेडिंग, साउंड सिस्टम, एलईडी स्क्रीन, बिजली व जनरेटर आदि की व्यवस्था सही ढंग से की जाए। लोक निर्माण विभाग हेलीपैड संबंधी कार्य करेंगे तथा अग्निशमन विभाग फायरब्रिगेड की गाड़ियों व कर्मियों को तत्पर रखेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, डीएमसी दलबीर सिंह फोगाट, डिप्टी सीईओ एमडीए अशोक कुमार, आरटीए मुनीष सहगल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## आर्य वेद प्रचार मंडल मेवात की ओर से ग्राम छछेड़ा में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** आर्य वेद प्रचार मंडल मेवात की ओर से ग्राम छछेड़ा में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन पर हवन सत्संग किया गया। जिसमें वैदिक संस्कार भारतीय प्राचीन संस्कृति प्राणी मात्र की भलाई के वेद प्रचार किया।

भजनोपदेशक मानक चंद आर्य ने सामाजिक बुराई कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, अंधविश्वास, पाखंड, जातिवाद, अंधश्रद्धा जिन्होंने समाज को खोखला कर दिया है समाज आगे नहीं बढ़ पा रहा है उन्होंने बताया सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए हम सबको आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा नशे से समाज कमजोर हो रहा है। नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है। नशा ने हर घर में अपना घर बना लिया है। नशा को छोड़ने के लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए। जिससे हमारे बर्बाद घरों को बचाया जा सके।

आचार्य राजेश ने बताया कि वेद और सत्यार्थ प्रकाश जीवन ने लाखों लोगों को अच्छे मार्ग दिखाया है। और ऋषियों मुनियों के बताएं रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने बताया कि मातृ देवों भव, पितृ देवों भव, आचार्य देवो भव, अतिथि देवों भव, का सम्मान करना चाहिए। आज हम वेदों की लोटो का संदेश हमारे लिए जरूरी कदम है। कार्यक्रम में तारा चंद आर्य, केशव आर्य, निर्मल, गोवर्धन, शिवचरण, अशोक, कुंवर पाल, टेकचंद, सुंदर, योगेश हर्ष आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस सेवा दल द्वारा सदस्यता अभियान का शुभारंभ बल्लभगढ़ से शुरू हुई नई ऊर्जा की पहल

**उत्तम भारत संवाददाता, बल्लबगढ़, सुमित गोयल।** आज प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री गिरीश भारद्वाज के संयोजन में कांग्रेस कार्यालय, तिरंगा भवन सेक्टर-02,बल्लभगढ़ में कांग्रेस सेवा दल द्वारा एक व्यापक सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा दल ग्रामीण अध्यक्ष एस० एस० गौड़ एवं सेवा दल शहरी अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने की।इस अवसर पर प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर गिरीश भारद्वाज ने कहा कांग्रेस सेवा दल पार्टी की रीढ़ है। ऐसे में सेवा दल का यह सदस्यता अभियान कांग्रेस के विचार सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनेगा। हमें हर कार्यकर्ता तक यह संदेश पहुँचाना है कि सेवा दल केवल संगठन नहीं, बल्कि एक राष्ट्र निर्माण की भावना है। सेवा दल शहरी अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा सेवा दल का सदस्य बनना केवल संगठन से जुड़ना नहीं, बल्कि विचार और अनुशासन से जुड़ना है। हम हर मोहल्ले, हर वार्ड में सेवा दल की सक्रिय इकाइयाँ गठित करेंगे। सेवा दल ग्रामीण अध्यक्ष एस० एस० गौड़ ने अपने संबोधन में कहा ग्रामीण अंचलों में सेवा दल के सदस्य समाज सेवा और संगठन सशक्तिकरण दोनों कार्यो में अहम भूमिका निभाएँगे। यह अभियान गाँव-गाँव तक कांग्रेस का संदेश लेकर जाएगा। कांग्रेस प्रवक्ता अंश वत्स ने कहा आज के युग में कांग्रेस विचारधारा को मजबूत करने के लिए सेवा दल सबसे सशक्त माध्यम है। उपस्थित सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे कांग्रेस के सिद्धांतों, गांधीवादी विचारधारा और सेवा दल के अनुशासन को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी पूरी निष्ठा से योगदान देंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित रहे कांग्रेस प्रवक्ता अंश वत्स, युवा विधानसभा अध्यक्ष बल्लभगढ़ प्रदीप सैन, सेवा दल यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष विशाल पांडे, टेकचंद शर्मा, मंजीत सिंह, दीपक चौहान, मनोज खुटेला, सोनू शर्मा, करतार सिंह, नरेंद्र भारद्वाज सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



P-05:28 paga09_jhn.qxd 10/10/2025 8:06 PM Page 1



# लूट की घटना को अंजाम देने वाला अर्जुन पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** लूट की घटना को अंजाम देने वाले 25 हज़ार के वांछित आरोपी को बहजोई पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया। गोली लगने से आरोपी घायल हो गया जिसको उपचार के लिए नगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना बहजोई पुलिस द्वारा पंवासा से आटा रोड पर सिहोरी की पुलिया के पास मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में थाना बहजोई पर पंजीकृत लूट के मुकदमे में प्रकाश में आये व वांछित आरोपी अर्जुन पुत्र जगवीर सिंह निवासी मौ0 जाटोवाला चौराह चौधरी सराय थाना कोतवाली सम्भल जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा, 01 खोखा व 01 नाल में फंसा हुआ कारतूस 315 बोर,एक 01 जोड़ी कुंडल (पीली धातु), 200 रुपये नकद व एक मोटर साइकिल हीरो बरामद की गयी। आरोपी द्वारा भागते हुए पुलिस पार्टी पर फायरिंग की गयी जिसके फलस्वरूप पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में आरोपी उपरोक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा पुलिस पार्टी का मु0आ0 सोन पाल भी घायल हो गया, उपरोक्त दोनों घायलों को उपचार हेतु सीएचसी बहजोई भेजा गया है। पुलिस मुठभेड़ की सूचना पर क्षेत्राधिकारी बहजोई व आस-पास के थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। आरोपी की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बहजोई पर अभियोग पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था । बताते चलें कि 01 अक्टूबर 2025 को थाना बहजोई पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में पंवासा में आरोपी उपरोक्त द्वारा अपने तीन साथियो के साथ पिंकी पत्नी लखनपाल निवासी पंवासा थाना बहजोई के खेत पर काम करते हुये उनके कान से पीली धातु के कुंडल लूटे गये थे जिस सम्बन्ध मे थाना बहजोई पर मुकदमा बीएनएस पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना बहजोई सन्त कुमार, प्रभारी सर्विलांस मय पुलिस टीम, प्रभारी स्वाट टीम मय पुलिस टीम शामिल रहे।

# ग्रामीण ने एस डी एम को शिकायती पत्र सौंपकर की सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग



*** शिकायतकर्ता ने भूमि कब्जा मुक्त ना होने पर दी आत्महत्या की चेतावनी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव नेकपुर निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र विजय सिंह का आरोप है कि गांव नेकपुर में गांव के कुछ दबंगों ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे कर रखे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए वह पिछले 15 साल से शिकायत कर रहा है। लगातार हो रही शिकायतों के बाद अवैध कबजेदारों के विरुद्ध तहसील प्रशासन द्वारा 10 सितंबर वर्ष 2019 को नोटिस जारी किए गए लेकिन नोटिस जारी होने के बाद भी आज तक ग्राम समाज व बंजर भूमि को राजस्व प्रशासन द्वारा खाली नहीं कराया गया। वही शिकायतकर्ता का आरोप है कि हल्का लेखपाल तारेश राणा ने अवैध कबजेदारों से हमसाज होकर झूठी रिपोर्ट लगाकर गाटा संख्या को मौके पर अवैध कब्जा मुक्त दर्शाकर शासन व प्रशासन को गुमराह किया है। साथ ही आरोप लगाया कि हल्का लेखपाल ने शिकायतकर्ता सुरेंद्र सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी नेकपुर के स्थान पर शिकायतकर्ता के पिता के स्थान पर अपना नाम तारेश सिंह दर्शाया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह शिकायत निस्तारण से सहमत नहीं है। शिकायतकर्ता ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम को शिकायती पत्र दिया शिकायत की निष्पक्ष जांच कर सुनवाई नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने आत्महत्या करने की चेतावनी भी दी है।

# राज्यमंत्री ने किया यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेला का उद्घाटन



*** मेले में लगे स्टालों का किया अवलोकन, स्थानीय उत्पादों की सराहना,खरीददारी कर, किया प्रोत्साहित**

*** हमारे उत्पाद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ उत्पादों में से एक - राज्यमंत्री**

*** स्वदेशी को व्यवहार में लाएं - जसवंत सैनी**

*** लोकल को ग्लोबल बनाने का कार्य किया जा रहा है**

*** जनपदवासियों से की अपील, 09 से 18 अक्टूबर तक लगने*वाले स्वदेशी मेले में अवश्य करें प्रतिभाग**

*** मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के संकल्प आत्मनिर्भर भारत को साकार करने हेतु स्वदेशी को एक अभियान के रूप में किया गया है प्रारंभ**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सैनी द्वारा कम्पनी बाग परिसर में यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेला का फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, महापौर डॉ0 अजय कुमार सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी,जिलाधिकारी मनीष बंसल, पूर्व विधायक नरेश सैनी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन चौधरी राजपाल, जिलाध्यक्ष भाजपा महेन्द्र सैनी, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, महानगर अध्यक्ष भाजपा शीतल विश्नोई उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के धोबी कार्य के लिए 25 लाभार्थियों में से सात लाभार्थियों को मंच पर टूल किट वितरित किए गए। इस टूल किट में वाशिंग मशीन, प्रैस, ब्रश, टेबल आदि सामग्री है। श्री सैनी ने कहा कि हमें स्वदेशी का उपयोग करना चाहिए क्योंकि स्वदेशी उत्पादों में इस देश की मिट्टी की सुगंध और इस देश के नौजवानों का खून पसीना लगा हुआ है। हम स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना शुरू करेंगे, उनका प्रचार प्रसार करेंगे तो देश आत्मनिर्भर से स्वावलंबन की और बढ़ेगा तथा विकसित भारत का सपना साकार होगा। हमारे स्वदेशी उत्पाद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ उत्पादों में से एक है। उन्होने समस्त जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वदेशी मेले में उत्पादों का क्रय व प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

देश के अंदर बाल गंगाधर तिलक और महात्मा गांधी जी के स्वदेशी के आवाहन से आजादी के आंदोलन को शक्ति मिली थी। पहले हमारे गांव ओर शहर आत्मनिर्भर थे इसलिए देश सोने की चिड़िया था। इस देश के व्यापारी दुनिया के अंदर व्यापार करते थे यहां की बनी हुई चीजों को दुनिया के अंदर सप्लाई किया जाता था। आज ओडीओपी को दुनिया की लोकप्रिय व्यवस्था के रूप में जाना जा रहा है। देश में ही नहीं बल्कि विदेशों के अंदर निर्यात करने का काम हमारे उद्योगपतियों के माध्यम से हो रहा है। देश के अंदर आज मोदी जी सरकार बनने से वोकल फॉर लोकल और लोकल से ग्लोबल तक का सफर तय किया जा रहा है। उन्होंने विधायकों से कहा कि अपने क्षेत्र की जनता को प्रेरित करें कि हम स्वदेशी का इस्तेमाल करेंगे। उन्हें इस मेले में आने और खरीदारी करने के लिए प्रेरित करें। आज देश में लड़ाकू विमान, मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित किए जा रहे है।

मेले का उद्देश्य है कि हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किये जा रहे उत्पादों के विपणन एवं दीपावली महापर्व के अवसर पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी का अवसर प्राप्त हो सके। मेले में विविध उत्कृष्ट उत्पाद, स्थानीय उत्पादित उत्पाद तथा विविध फूडस् स्टॉल भी लगाए गए है।

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के संकल्प आत्मनिर्भर भारत को साकार करने हेतु स्वदेशी विचार नही एक अभियान के रूप में शुरू किया गया है। स्वदेशी विचारधारा से ही मेले में हस्तशिल्पियों / कारीगरों / उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किये जा रहे उत्पादों के विपणन एवं दीपावली महापर्व पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी कर जी0एस0टी0 उत्सव का लाभ उठा सकते है। हर व्यक्ति अपने घर एक स्वदेशी सामान जरूर खरीद कर हमारे हस्तशिल्पि / कारीगरों को आर्थिक अवसर प्रदान करें। 10 दिवसीय स्वदेशी मेले में जनपद सहारनपुर की ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद काष्ठ कला एवं हौजरी उद्योग को ऋण उपलब्ध कराकर एम0एस0एम0ई0 विभाग द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन कर बाजार भी उपलब्ध कराया जा रहा ताकि उत्पादों को वोकल फोर लोकल के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया जा सके।यह मेला ग्रेटर नोएडा में हुए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 की सफलता के बाद, उसी की तर्ज पर जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।

यू0पी0 ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेले में उद्योग विभाग की विभिन्न संचालित योजनाओं सी0एम0 युवा, ओ0डी0ओ0पी0, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पी0एम0ई0जी0पी0, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत तथा एम0एस0एम0ई0 उद्यमियों द्वारा आकर्षक उत्पादों के 50 विभिन्न स्टाल लगाये गये है जिनपर जनमानस की भीड़ दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में खरीददारी की जा रही है। मेले में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, माटीकला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, डूडा, यूपीनेडा विभाग, स्वयं सहायता समूहों व अन्य उत्पादकों के स्टाल भी आकर्षण के केन्द्र है। स्वदेशी मेला में श्रीमती अंजू रानी, संयुक्त आयुक्त उद्योग, सचिन जैन, उपायुक्त उद्योग, डॉ0 बनवारी लाल, सहायक आयुक्त उद्योग, श्रीमती रेनू राय, सहायक आयुक्त, राज्यकर सहित आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फ़तेहउल्ला सराय में गौस पाक के झंडे मुबारक पर दो दिवसीय उर्स का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सम्भल।** गौस पाक के झंडे पर आयोजित किए दो दिवसीय उर्स के मौके पर शानो शौकत के साथ 17 वीं शरीफ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आकर अकीदतमंदों ने हाजिरी देकर अपनी अकीदत का नजराना पेश किया।

नगर के मोहल्ला फ़तेहल्लाह सराय स्थित दरगाह गोसे पाक रहमतुल्ला अलैह के झंडे पर परंपरागत रूप से 17 वीं शरीफ के नाम से लगने वाले दो दिवसीय उर्स के आखिरी दिन हजारों की तादाद में आकर 10 अकीदतमंदों ने गौसे पाक के झंडे पर हाजिरी देकर मन्नते मांगकर नजराना पेश किया। दूसरी तरफ मिलाद के साथ लंगर व कुरान ख्वानी का भी आयोजन किया गया। उर्स कमेटी व दरगाह के सदर मरहूम अकील अहमद के बेटे मोहम्मद ताबिश खान ने बताया कि सैकड़ो साल से गौस पाक के झंडे पर उर्स शरीफ होता चला आ रहा है और उसमें संभल के अलावा दूर-दराज से जायरीन आकर हाजिरी देते हैं और उर्स के मौके पर 2 दिन तक लंगर चलता है जो सभी के लिए होता ह। शनिवार की सुबह कुल शरीफ का समापन किया गया। इस दौरान मलंगों का अखाड़ा हुआ जिसमे अली मौला, दम मदार बेड़ा पार के नारे गूंज उठे। इस मौके पर मोहम्मद ताबिश, नबील अहमद, हाजी शहजाद, अथर, शहरोज अनवर, सरताज आदि मौजूद रहे।

# धर्मान्तरण के मामलों पर कदम उठाये सरकार और प्रशासन: बालयोगी दीनानाथ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** धर्मांतरण के मामलों को लेकर क्षेमनाथ मन्दिर के बाल योगी दीनानाथ ने सरकार और प्रशासन से कड़े कदम उठाये जाने की मांग करते हुए प्रेस वार्ता की।

नगर के बरेली सराय स्थित प्रेम शंकर वाटिका मे आयोजित प्रेस वार्ता मे क्षेमनाथ तीर्थ के बाल योगी दीनानाथ ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि जिस तरह से भारत मे जितने अराजकतत्व सक्रिय हो चुके है, उसको लेकर सरकार और प्रशासन से मांग है कि वह कड़े कदम उठाये चाहे लव जेहाद, या लालच देकर या धर्मान्तरण उच्च स्तर पर हो रहा है उसको लेकर हमे जागरूक करना है। धर्मान्तरण कराया जा रहा है और यह मामले सामने आ रहे हैं चाहे वह कहीं के भी है किसी भी क्षेत्र के उनको रोकने के लिए सरकार और प्रशासन दोनो कदम उठाये। धर्मान्तरण गलत है सबको अपने धर्म पर चलने का अधिकार है और उसको मानने का लेकिन अगर इस तरह से होगा और हिन्दू धर्म के लोगों का धर्मान्तरण कराया जायेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत मे सबको अपने अधिकारों से रहने का अधिकार है अगर कोई धर्मान्तरण कर रहा है तो वह गलत है। समस्त सनातनी को इस पर अपने क्षेत्र मे ध्यान देने की ज़रूरत है, हमे जागरूक होने की ज़रूरत है। वह इस सम्बंध मे कल 11 अक्टूबर को प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात करेंगे ताकि कड़े से कड़े कदम उठाये जा सकें।

# मोरी दादी राम सुनीती देवी ने ज़मीन बैची है तालाब पर नहीं बने मकान: पूर्वी वार्ष्णेय



*** हातिम सराय मे मकानों को नोटिस दिए जाने के बाद सच आया सामने**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** तहसील प्रशासन द्वारा तालाब पर मकान बने होने को लेकर दिये गये नोटिस और 15 दिन का समय लाल निशाने लगाये जाने के बाद मकान स्वामियों के माथे पर चिन्ता की लकीरें आयी तो शहर विधायक को इस प्रकरण मे डीएम से मिलना पड़ा और अब जिसने उक्त भूमि को बैचा राम सुनीती देवी की पोती पूर्वी वार्ष्णेय ने भी स्पष्ट कर दिया कि तालाब की भूमि पर मकान नहीं बनाये गये है।

दरअसल आपको बताते चलें कि हातिम सराय मे जिन 80 मकानों को तहसील प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किए गये थे और तालाब पर मकान की भूमि का निर्माण करने की बात कही गई उसको लेकर मकान स्वामी सकते मे आ गये और परिवारों जनो के माथे पर चिन्ता की लकीरे आ गई। इन मकान स्वामियों को 15 दिन का समय नोटिस द्वारा किया गया था जिसके बाद तोड़े जाने के लिए लाल निशान लगाये गये। मकानो पर बुलडोज़र का खतरा मण्डराया तो शहर विधायक इकबाल महमूद को आगे आना पड़ा और जिलाधिकारी से मुलाकात करते हुए मकान स्वामियों की ओर से पक्ष रखते हुए तालाब की भूमि होने से इंकार किया गया। उक्त भूमि के बैनामे राम सुनीती देवी द्वारा किए गये थे यह उनकी निजी सम्पत्ति थी यह कहना है राम सुनीती देवी की पोती पूर्वी वार्ष्णेय का। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस भूमि पर पहले खेती होती थी और इसे बाकायदा बिक्री के माध्यम से लोगों को बेचा गया था। पूर्वी वार्ष्णेय ने मीडिया को बताया कि गाटा नंबर 84, 85 और 86 में से केवल 84 नंबर को चिन्हित किया गया है, जबकि इस पर जो लोग बसे हुए हैं, उनके पास बैनामा, रजिस्ट्री या हिबानामा जैसे वैध दस्तावेज मौजूद हैं। सरकार को उनके कागज देखने चाहिए, क्योंकि यह जमीन किसी भी तरह से विवादित या तालाब की नहीं है। पूर्वी वार्ष्णेय ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो मैं खुद अधिकारियों से मिलकर सच्चाई सामने लाऊंगी, क्योंकि यह जमीन मेरी दादी राम सुनीति देवी की थी, और उससे पहले उनकी मां गायत्री देवी इसकी असली मालकिन थीं।

# शनिवार-रविवार को भी जमा करा सकते हैं टैक्स

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जल कर एवं गृहकर के करदाताओं को टैक्स में छूट का लाभ देने के लिए कल 11 एवं 12 अक्टूबर 2025 को अवकाश दिवस में भी नगर निगम का कैश काउन्टर एवं एवं टैक्स विभाग खुला रहेगा। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर करदाताओं की सुविधा के लिए अवकाश दिवस शनिवार एवं रविवार को भी निगम का टैक्स विभाग एवं कैश काउन्टर खुला रहेगा। करदाता हर रोज की तरह कार्यालय समय में नगर निगम पहुँचकर अपना बकाया टैक्स जमा करा सकते है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के पास बिल नहीं पहुँचे है वह कार्यालय से अपने बिल प्राप्त कर टैक्स जमा करा सकते है।

# मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि, 2027 के चुनाव में अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने की शपथ



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के बेलूपुर कैम्प कार्यालय पर शुक्रवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी आंदोलन के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित की गई थी।

समाजवादी पार्टी के बेलूपुर कैम्प कार्यालय पर शुक्रवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी आंदोलन के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित की गई थी।

बैठक का संचालन महानगर अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन महानगर महासचिव और मीडिया प्रभारी राम जी यादव ने किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं और नेताओं ने मुलायम सिंह यादव के योगदान और आदर्शों को याद करते हुए उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

समाजवादी पार्टी के बेलूपुर कैम्प कार्यालय पर शुक्रवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी आंदोलन के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित की गई थी।

कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि ÷मुलायम सिंह यादव ने गरीबों, किसानों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आवाज़ हमेशा बुलंद की। उनके बताए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।÷ इस अवसर पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को 2027 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री बनाने की शपथ भी ली गई। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में घोषणा की कि आगामी चुनाव ÷मुलायम विचार - अखिलेश नेतृत्व÷ के आधार पर लड़ा जाएगा।

समाजवादी पार्टी के बेलूपुर कैम्प कार्यालय पर शुक्रवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी आंदोलन के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में आगामी संगठनात्मक रणनीतियों पर भी चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. बहादुर यादव, डॉ. सूबेदार सिंह, एमएलसी आशुतोष सिंह, अखिलेश मिश्रा, किशन दीक्षित, राजू यादव, पूजा यादव, दीपचंद गुप्ता, जितेंद्र यादव, अजहर अली सिद्दीकी, दिलशाद अहमद, भैया लाल यादव, काशीनाथ गुप्ता, राहुल कनौजिया, संगीता पटेल, रजत वाल्मीकि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समाजवादी पार्टी के बेलूपुर कैम्प कार्यालय पर शुक्रवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी आंदोलन के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक का समापन नेताजी की याद में मौन धारण और उनके आदर्शों के पालन के संकल्प के साथ हुआ। कार्यकर्ताओं ने पूरी श्रद्धा और भावभीनी चेतना के साथ मुलायम सिंह यादव को याद किया।

# मिठाई की दुकानों पर फूड सेफ्टी विभाग का छापा, बिहारीगढ़ में मचा हड़कंप



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिहारीगढ़/सहारनपुर।** कस्बे में शुक्रवार को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे फूड सेफ्टी विभाग के उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में तीन अलग-अलग मिठाई की दुकानों पर छापा मार कार्रवाई करते हुए मिठाई और मावे के सैंपल लिए गए हैं। विभागीय कार्रवाई के दौरान बिहारीगढ़ के स्थानीय व्यापारियों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए अधिकारियों से गुहार तक लगाई कि त्योहारों का सीजन है ऐसे में आप लोगों को किसी भी तरह की अगर दूकानों पर कोई खामी दिखाई पड़ रही है तो सुधार करने के लिए दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ दे, और एक बार सुधार करने का मौका दे, लेकिन अधिकारियों ने व्यापारियों की बात को अनसुना कर नमूने लेकर वापस लौट गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई से बिहारीगढ के मिठाई विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अन्तर्गत क्रय स्वच्छता वाहनों को कैबिनेट मंत्री ने दिखाई हरी झण्डी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा, उत्तर प्रदेश सरकार अरविन्द कुमार शर्मा के जनपद सम्भल आगमन पर जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पेंसिया द्वारा पुष्पकली/पुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया तथा नगर पालिका परिषद, सम्भल द्वारा तैयार आर. आर.आर इनिसिएटिव पर निर्मित पोट्रेट सम्मान स्वरुप भेंट की गयी। तत्पश्चात् मंत्री द्वारा नगरीय सेवाओं पर आधारित विकास की ओर एक सशक्त कदम, संवरता सम्भल नव- प्रवर्तन की ओर बुकलेट का अनावरण किया गया। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री द्वारा जीरो वेस्ट कार्यक्रमष् पर आधारित सम्भल कल्कि महोत्सव / विकासोत्व- 2025 के लोगो का अनावरण एवं स्वच्छता सर्वेक्षण - 2024 में नगर पालिका परिषद, सम्भल द्वारा राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रमाणन गार्बेज फ्री सिटी एवं ओ.डी.एफ के सर्टिफिक्रेट का अवलोकन भी किया गया। नगर पालिका परिषद, सम्भल द्वारा नागरिकों को प्रदान की जा रही नगरीय सेवाओं एवं स्वच्छता गतिविधियों के कार्यो का लघु वीडियो के माध्यम से प्रस्तुतीकरण कराया गया। तत्पश्चात् जनपद की नगर निकायों में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाल 20 सफाई मित्रों को कैबिनेट मंत्री द्वारा वोकल फॉर लोकल पोषक उत्पाद को सम्मान स्वरुप उपहार प्रदान किया गया तथा जनपद की नगरीय निकायों में नगर विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया गया। मंत्री द्वारा नगर पालिका परिषद, सम्भल में 15वें वित्त आयोग की टाइड ग्राण्ट की धनराशि से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अन्तर्गत क्रय किये गये स्वच्छता वाहनों को हरी झण्डी दिखायी गयी। इस मौके पर कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी,मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, एवं संबंधित अधिकारी तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष तथा नगर पालिका सम्भल के अधिशासी अधिकारी डॉ मणिभूषण तिवारी सहित समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी तथा विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सफाई कर्मी, स्वयंसेवी संस्थाएं, महिला समूह एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

# 75 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में सशक्त पैरवी के चलते माननीय न्यायालय अपर-सत्र न्यायाधीश एडीजे-देवबन्द जनपद सहारनपुर द्वारा हत्या का प्रयास व हत्या के मुकदमें में अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास व 75 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

अवगत कराना है कि वादी सुजात हुसैन पुत्र हाजी हसन निवासी मौ0 छता थाना नानौता जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त वजाहत खॉ पुत्र गययूर खॉ निवासी मौहल्ला छता थाना नानौता जनपद सहारनपुर द्वारा वादी की पत्नी व बेटी पर जान से मारने की नियत से तलवार से वार करना, इलाज के दौरान वादी की पत्नी की मृत्यु हो जाने की सूचना पर मु0अ0स0-353/2018 धारा 302,307 भादवि थाना नानौता पर पंजीकृत कराया गया । जिसमें उपरोक्त विवेचना अभियोग एसटी नं0-113/2019 पर माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीजे-देवबन्द जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा। भादवि में दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास व 75 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई—नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022 / टीसी(एफएम) / 10 / 04 दिनांक 13.06.2022 और रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2024/RS(G) / 779 / 7(E3471089) दिनांक 13.08.2024, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर कम्पार्टमेंट और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 03 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई—नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई—नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 22.10.2025 को 10:30 बजे | 12045(F1), 12050 (F1), 12066(F1), 12330 (F1), 12644 (F1), 12820 (F1), 13698 (F1), 14016 (F1), 14303 (F1, R1), 14212 (F1), 15026(F1), 15280(F1), 20508 (F1), 22450 (F1), 22463 (F1), 22542 (F1), 54076 (F1, R1) |
| 2. | 23.10.2025 को 10:30 बजे | 12034(F1), 12457 (F1, F2, R1), 12524 (R1), 12802(F1, R1), 12874 (F1), 14014 (F1), 14521(F1, F2, R1), 20488 (F1, R1), 20946 (F1), 22168 (F1), 22210 (F1, R1), 22222 (F1), 22438 (F1) |
| 3. | 24.10.2025 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12011(F1), 12013 (F1), 12017(F1), 12382 (F1), 12392 (F1), 12398 (F1), 12445(F1), 12554 (F1), 12618 (F1), 12963 (F1), 14164 (F1), 14507(F1, F2, R1), 14679 (F1), 14681 (F1), 15706 (F1), 22429 (F1), 22582 (F1) |
| 4. | 27.10.2025 को 10:30 बजे | 12040 (F1), 12057 (F1), 12191 (F1, F2, R1), 12265 (F1), 12455(F1), 12481(F1), 12582(F1), 12986(F1), 14053 (F2, R1), 14305(F1, F2, R1), 22421(F1, F2, R1) |
| 5. | 28.10.2025 को 10:30 बजे | 02570(F1), 12015(F1), 12055(F1), 12215(F1), 12428(F1), 12448(F1), 14087(F1, F2, R1), 14303 (F2), 14331(F1, F2, R1), 14731 (F1), 20473(F1), 22434 (F1), 22454(F1, F2, R1) |
| 6. | 29.10.2025 को 10:30 बजे | 12226(F1), 12584(F1), 14041(F1, F2, R1), 14316(F2), 15035(F1, F2, R1), 20452(F1), 20473(F2, R1), 22168(R1), 22472(F1, F2, R1), 22540(F1) |
| 7. | 31.10.2025 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 tonnes) on round trip basis in each train 12454/12453, 20408/20407 |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई—नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।
**2.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं / अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। **3125/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# सम्पादकीय

## सोना लगातार महंगा होगा

त्योहारों और शादियों का मौसम है। आपकी बेटी की शादी होनी है और आप कुछ सोने के आभूषण बनवाने पर सोच रहे होंगे, लेकिन बजट अनुमति नहीं देता, क्योंकि सोना आम आदमी के बजट से बाहर होता जा रहा है। दरअसल 10 ग्राम सोने के दाम 1.22 लाख रुपए तक पहुंच चुके हैं और चांदी भी 1.5 लाख रुपए के पार चली गई है। आम आदमी बेटी को सोना कैसे दे सकता है? इधर एक बहस आरंभ हुई है कि सोने का बहिष्कार कर देना चाहिए। बेटी के लिए सोने का विकल्प सोचना चाहिए, लेकिन सोने के बाजार की हकीकत बिल्कुल अलग है। वहां आम आदमी का अस्तित्व ही नहीं है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल का मानना है कि सोने में अब भी उतना निवेश नहीं हो रहा, जितना होना चाहिए। वैश्विक निजी निवेश में सोने की हिस्सेदारी मात्र 1-2 फीसदी ही है, जबकि केंद्रीय बैंकों में सोने का रिजर्व 10-20 फीसदी के बीच रहा है। फिर भी यह दिलचस्प और हैरान करने वाला तथ्य है कि 2022 की दीपावली के बाद से सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि 2026 की दीपावली तक सोने के दाम 23 फीसदी और बढ़ सकते हैं। सोना 1.45 लाख और 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक उछल सकता है, क्योंकि बड़े निवेशक और दुनिया भर के केंद्रीय बैंक सोने में लगातार निवेश कर रहे हैं। चीन का पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना सितंबर में लगातार 11वें महीने सोने का शुद्ध खरीददार रहा है। यह डॉलर पर निर्भरता कम करने की चीन की रणनीति का हिस्सा है। 2025 में अभी तक घरेलू बाजार में सोने का रिटर्न करीब 60 फीसदी रहा है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह रिटर्न करीब 53 फीसदी रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के दाम 4890-5000 डॉलर प्रति आउंस हैं। एक आउंस 28.3 ग्राम के बराबर है। सोच लीजिए, सोना कितने आसमानों को छू रहा है। उसके बाजार को आम आदमी और उसकी बेटी की कोई चिंता नहीं है, क्योंकि आम आदमी का निवेश नगण्य है। गोल्ड ईटीएफ में भी इस साल अभी तक 17 फीसदी निवेश बढ़ चुका है। सितंबर में गोल्ड ईटीएफ में 1.53 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जोकि एक माह में सबसे अधिक है। अंतरराष्ट्रीय, अमरीकी बाजार में कभी सोने के दाम 20.7 डॉलर थे। 1834-1934 के बीच सोने के दाम धीरे-धीरे बढ़े और 35 डॉलर के दाम लगातार 34 साल तक स्थिर रहे। अब मौजूदा दौर में सोना इतना महंगा और अनिवार्य हो गया है कि देशों की अर्थव्यवस्था की बुनियाद है, लेकिन आम आदमी के लिए मुसीबत, परेशानी का प्रतीक बन गया है। दरअसल सोने के दाम अमरीका से ही शुरू होते हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय कारोबार डॉलर में ही होता है। जनवरी, 2025 में जब ट्रंप ने अमरीकी राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी, तो सोना 2700 डॉलर प्रति आउंस था। उनके 8 माह के कार्यकाल में सोना महंगा ही होता गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ की बात शुरू की, तो देशों में अनिश्चितता फैलने लगी, नतीजतन सोना महंगा होता गया। देशों ने सोना खरीदना तेज किया, ताकि वे आर्थिक तौर पर सबल रहें।

अमरीका में तो आजकल शटडाउन का दौर है। सरकारी कर्मचारियों को वेतन के बिना ही छुट्टी पर भेज दिया गया है, क्योंकि ट्रंप प्रशासन अमरीकी कांग्रेस (संसद) से बजट ही पास नहीं करा पाया है। बहरहाल 1970-80 का दौर याद कीजिए, जब सोना 20 गुना से अधिक महंगा हो गया था और वित्तीय सलाहकारों ने सोना खरीदने की सलाह दी थी, लेकिन 1999 तक सोने के दाम अचानक ध्वस्त हुए, तो निवेश भी घटा। 1990-91 के दौर में भारत सरकार को सोना गिरवी रखना पड़ा था, ताकि सामान्य खर्च चलाए जा सकें। फिर उदारीकरण का दौर आया, सोना वापस ले लिया गया, भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर खुल गई। अब तो सोना आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गया है।

# विशेष

## मोदी: नेतृत्व की रजत जयंती : अटल की सलाह ने दिखाई नई राह....!

-ओमप्रकाश मेहता-

प्रधानमंत्री भाई नरेन्द्र दामोदरदास मोदी के सरकारी नेतृत्व के पच्चीस साल पूरे होने जा रहे है, इस उतार-चढ़ाव वाले उनके नेतृत्व काल में उनकी सफलता का श्रेय यदि किसी को जाता है तो वे है पूर्व प्रधानमंत्री और औजस्वी नेता स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को जिन्होंने गुजरात के दंगों के तत्काल बाद मोदी जी को टीस भरी कुछ सलाह दी थी। यद्यपि उस समय मोदी जी को कुछ अच्छा नही लगा था, किंतु बाद में शांत मन से अटल जी की सलाह पर चिंतन-मनन के बाद वे सलाहें ही मोदी जी की नेतृत्व सफलता का मुख्य राज बनी और वे सलाहे आज भी मोदी जी के राजनीतिक जीवन का मुख्य सम्बल बनी हुई है।

इस नई सदी के प्रारंभ के साथ ही मोदी जी ने गुजरात में सरकारी नेतृत्व संभालने की शुरूवात की थी, उनके नेतृत्व संभालते ही गुजरात में जो साम्प्रदायिक दंगे हुए उन्होंने गुजरात तो ठीक केन्द्र की अटल सरकार को भी हिला कर रख दिया था, तब प्रधानमंत्री अटल जी को गुजरात आना पड़ा था और उन्होंने मोदी जी को कुछ कटाक्ष भरी सलाहें दी थी और वे ही सलाहें बाद में मोदी जी के राजनीतिक जीवन की मुख्य मार्गदर्शक बन गई, अटल जी ने नवागत तत्कालीन राजनेता मोदी जी को सरकार चलाने व सही जनप्रतिनिधित्व के बारे में कुछ सीख दी थी। सार्वजनिक तौर पर सबके सामने दी गई इन सीखों से मोदी जी को बुरा तो लगा था, किंतु बाद में शांत मन से सोचने- विचारने पर वे सीखें ही मोदी प्रशासन की सफलता का मुख्य कारण बनी, मोदी जी आज अपने प्रधानमंत्रित्व काल के एकादश वर्ष के बाद भी अटल जी की सलाहों को न सिर्फ दिमाग में रखे है, बल्कि आज भी उनका अनुसरण कर रहे है।

अटल जी ने झिड़की भरे अंदाज में नवागत मुख्यमंत्री मोदी जी को यह बताया था कि जन लोकप्रियता कैसे अर्जित की जाती है? सरकार में रहते नेतृत्व को किन बातों का विशेष ध्यान रखना होता है? और लोकप्रियता की लम्बी उम्र के लिए जननेता को क्या-क्या करना पड़ता है? चूंकि सार्वजनिक रूप से एक समारोह में ये सीख दी गई थी, इसलिए उस समय नए-नए नेता मोदी जी को कुछ अच्छा नही लगा था, किंतु अटल जी का वह मार्गदर्शन आज भी मोदी जी के काम आ रहा है और उनकी नेतृत्व सफलता का हिस्सा बना हुआ है और आज अकेले मोदी जी ही नही पूरा गुजरात प्रदेश अटल जी का इस दृष्टि से उपकार-अहसान मान रहा है और मोदी जी आज भी अटल जी के प्रति आभार मान रहे है।

राजनीति में ऐसे अवसर लगभग हर राजनेता के कार्यकाल में आते है, प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल के मार्गदर्शक महात्मा गांधी थे तो इंदिरा जी को नेतृत्व का गुर उनके पिता जवाहर लाल जी ने सीखाया था, वही परम्परा आज तक भी भारतीय राजनीति में चली आ रही है और यही परम्परा नेतृत्व की सफलता का राज बन रही है।

# सच कहना यदि बगावत है तो कह दो हम भी बागी है : जेपी आंदोलन

-निमिषा सिंह-

5 जून 1974 पटना का गांधी मैदान। मंच पर विराजमान जयप्रकाश नारायण के साथ फणीश्वरनाथ रेणु और नागार्जुन। बिहार के तत्कालीन गफूर सरकार के इस्तीफे के प्रस्ताव के समर्थन में इकट्ठे किए गये तीन ट्रक हस्ताक्षर के पुलिंदे राजभवन पहुँचाकर लौट रहे आंदोलनकारियों पर बेली रोड में इंदिरा ब्रिगेड के अड्डे से गोलीबारी शुरू कर दी गई। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने पटना के गांधी मैदान में पांच लाख की उत्साही भीड़ के सामने सम्पूर्ण क्रांति का ऐलान किया और कहा कि सच कहना यदि बगावत है तो कह दो हम भी बागी है। इंदिरा गांधी की सत्ता को उखाड़ फेकने का आहवान किया गया। लाखों लाख लोग जेपी के सम्पूर्ण क्रांति से जुड़ गए। 11 अक्टूबर 1902 में सिताब दियारा के एक कायस्थ परिवार में जन्मे जयप्रकाश नारायण सन 1979 तक विविध रूप मे सक्रिय दिखे। स्वतंत्रता सेनानी के रूप में समाजसेवी के रूप और अन्ततः राजनेता के रूप में। इन तीनों रूपों में उन्होंने भारतीय जनमानस को गहराई से प्रभावित किया। वह उन लोगों में से थे जिन्होंने सत्ता और पद से परे रहकर समाज को अपनी सेवा के लिए चुना और राजनीति को जनता की सेवा का माध्यम बनाया। भाईचारा स्वतंत्रता आजादी यह विचार जे पी को महात्मा गांधी से विरासत के तौर पर मिले थे। उन्होंने कॉन्ग्रेस के अंदर सोशलिस्ट पार्टी योजना बनाई थी और कॉन्ग्रेस को सोशलिस्ट पार्टी का स्वरूप देने के लिए आंदोलन भी शुरू किया था। इतना ही नहीं जेल से भाग कर नेपाल में रहने के दौरान उन्होंने सशस्त्र क्रांति भी शुरू की थी। इसके अलावा वह किसान आंदोलन छात्र आंदोलन और सर्वोदय आंदोलन सहित कई छोटे-बड़े आंदोलनों में शामिल रहे और उन्हें अपना समर्थन देते रहे।

जयप्रकाश इकलौते ऐसे नेता हुए जिन्होंने देश के तीन बड़े आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाई थी या यूं कहे कि नेतृत्व किया था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान गांधी जी के साथ हर मोर्चे पर साथ खड़े दिखाई दिए। आजाद भारत के भूदान आंदोलन में जे पी विनोबा भावे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते दिखे। तीसरा वह आंदोलन जिसकी अगुवाई स्वयं जेपी ने की। संपूर्ण क्रांति जब इस देश के घर-घर में क्रांति का पर्याय बने थे जे पी। वह जे पी ही थे जिन्होंने उस दौर के युवाओं को सही दिशा दिखाया। यह वह दौर था जब देश के युवाओं में सरकार के प्रति असंतोष का भाव घर कर चुका था। देश इंदिरा के नेतृत्व में महंगाई भ्रष्टाचार और विकास की सुस्त गति से त्रस्त था। शैक्षणिक अराजकता का माहौल था। ऐसे में गुजरात में हुई एक राजनीतिक उथल-पुथल ने बिहार के छात्रों को काफी प्रेरित किया। गुजरात में छात्रों के नेतृत्व में नवनिर्माण समिति द्वारा आंदोलन तीव्र हो चुका था। गुजरात विधानसभा को भंग करना पड़ा। चुनाव में चिमन भाई पटेल की सरकार की हार हुई। इस घटनाक्रम से बिहार के छात्रों का हौसला बढ़ा। बिहार प्रदेश में तत्कालीन गफूर सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए बिहार के छात्र प्रतिबद्ध हुए। लाठी चार्ज के द्वारा छात्रों की आवाज को दबाने की कोशिश की गई। 21 जनवरी 1974 को पटना के व्हिलर सीनेट में यूथ फॉर डेमोक्रेसी के तत्वाधान में एक सभा हुई जिसमें जे पी ने संबोधित किया। 17 और 18 फरवरी को पटना में बिहार राज्य छात्र नेता सम्मेलन हुआ जिसमें साम्यवादी छात्रों को छोड़ सभी संगठनों के छात्रों ने हिस्सा लिया और बिहार छात्र संघर्ष समिति का गठन हुआ। मुलायम सिंह यादव, लालमुनि चौबे, लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार, दिवंगत रामविलास पासवान, रविशंकर या फिर सुशील मोदी, आज के सारे नेता जेपी के उसी छात्र युवा संघर्ष वाहिनी का हिस्सा थे। इनमें से कुछ ने आगे चलकर कुछ नए दल बनाए तो कुछ दूसरे स्थापित पार्टियों में शामिल हो गए। सक्रिय छात्रों के नेतृत्व में प्रदेश के हर हर नुक्कड़ चौराहे पर धरना प्रदर्शन और नुक्कड़ नाटक होने लगे। सरकार की दमनकारी नीतियां आरंभ हो गई। 16 मार्च को बेतिया और बाढ़ में गोली चली। 18 मार्च को 12 सूची मांगों को लेकर छात्रों का प्रदर्शन हुआ। सरकार ने अपनी बर्बरता दिखाई। पुलिस कारवाही में 110 छात्र मारे गए। 23 मार्च को राम बहादुर राय एवं गोविंदाचार्य जैसे बड़े नेता की मुलाकात जेपी से हुई और उन्होंने उनसे छात्र आंदोलन का नेतृत्व करने का आग्रह किया। जयप्रकाश ने छात्रों को सही दिशा दिखाते हुए शांतिपूर्वक और अहिंसात्मक तरीके से आंदोलन करने की अपील की। उस वक्त जयप्रकाश नारायण ने युवाओं का नेतृत्व किया और उनके आंदोलन को चरम सीमा तक पहुंचाया। अगर जेपी नहीं होते तो उस आंदोलन का दमन कर दिया जाता। बड़ी संख्या में और युवा मारे जाते। भविष्य में किसी की भी हिम्मत नहीं होती कि वह सत्ता के खिलाफ अपना सर उठा सके। 8 अप्रैल 1974 को पटना से विशाल मुक प्रदर्शन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में मुंह पर काली पट्टी बांधे और पीठ पीछे हाथ बांधे युवा छात्र सड़कों पर निकल पड़े। जीपी ने नारा दिया--हमला चाहे जैसा होगा हाथ हमारा नहीं उठेगा।

अखिल विश्व भारतीय परिषद छात्र संगठनों को समाजवादी युवजन सभा का साथ मिला। 9 अप्रैल 1974 को गांधी मैदान में हुई सभा में जे पी को लोक लायक की उपाधि दी गई। बिहार के सभी विधायकों से त्यागपत्र देने की अपील हुई। 5 जून 1974 को जयप्रकाश नारायण ने बिहार विधानसभा भंग करने का आह्वाहन दिया और गांधी मैदान से ही सम्पूर्ण क्रांति की घोषणा कर डाली।

जे पी की हुंकार पर नौजवानों का जत्था सड़कों पर निकल पड़ता था। देखते ही देखते बिहार से उठी संपूर्ण क्रांति की चिंगारी देश के कोने-कोने में आग बनकर भड़क उठी थी। पूरे साल भर के लिए छात्रों द्वारा कक्षा बहिष्कार तथा परीक्षा बहिष्कार कर दिया गया। विधायकों को विधान परिषद में आने से रोका जाने लगा। अगले 21 दिनों तक बिहार पुलिस प्रशासन की बर्बरता जारी रही एक समय ऐसा भी आया जब छात्रों ने विधान परिषद को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस की तरफ से अंधाधुंध गोलियां चलाई गई और 50 से ज्यादा युवा मारे गए। अक्टूबर महीने तक पूरे बिहार में धरना प्रदर्शन चलता रहा। छात्र मारे जाते रहे। 4, 5 और 6 अक्टूबर 1974 को बिहार बंद का आवाह्न किया गया जो काफी हद तक सफल रहा। 1 नवंबर को जयप्रकाश नारायण और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बीच हुई वार्ता विफल रही। 4 नवंबर को जयप्रकाश नारायण की नेतृत्व में निकली जुलुश पर हुई लाठी चार्ज के दौरान जे पी चोट खाकर जमीन पर गिर पड़े। नानाजी देशमुख ने उन्हें बचाने की कोशिश कीजिए और इसी क्रम में उनका हाथ टूट गया। दर्जनों नेता और बड़ी संख्या में आंदोलनकारी घायल हुए। यह वाकया इंदिरा सरकार के लिए ताबूत में आखिरी कील साबित हुई। 18 नवंबर को गांधी मैदान में विशाल जनसभा में जयप्रकाश नारायण ने इंदिरा गांधी द्वारा दी गई चुनाव मैदान में उतरने की चुनौती को स्वीकार किया। अपने बिगड़ते स्वास्थ्य के बावजूद जेपी ने आपातकालीन शासन से लड़ने असमान राजनीतिक संस्थाओं का एक गठबंधन बनाकर इंदिरा गांधी की हार सुनिश्चित करने और लोकतंत्र की बहाली सुनिश्चित करने के लिए अड़े रहे डटे रहे। जयप्रकाश नारायण गैर राजनीतिक भूमिका में रहकर भी इस देश की राजनीति का ऐसा केंद्र बने कि देश में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार अगर बनी तो वह जे पी के प्रयासों से बनी। वह बूढ़ा व्यक्ति जिसके पास कोई राजनीतिक पद नहीं था पर उसने अपने नैतिक बल और गांधी दर्शन के बल पर सत्ता से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंका। तत्कालीन इंदिरा सरकार को अपने घुटने तक टेकने पड़े। कहा जा सकता है कि तब से लेकर अब तक भारत के लोकतंत्र ने ऐसा कोई दूसरा निर्णायक मोड़ नहीं देखा। आजाद भारत के सबसे बड़े जन आंदोलन की नींव रखने वाले जेपी ने आपातकाल के दौरान दिल्ली में नारा दिया था--सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

# समाज में परिवर्तन की वाहक बने बालिकाएं

-रमेश सर्राफ धमोरा-

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित एक अंतर्राष्ट्रीय पालन दिवस है। 11 अक्टूबर 2012 को पहली बार बालिका दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 11 अक्टूबर को पूरी दुनियां में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस दुनिया भर में लड़कियों द्वारा उनके लिंग के आधार पर सामना की जाने वाली लैंगिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इस असमानता में शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल और भेदभाव से सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और जबरन बाल विवाह जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं। संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां। यह थीम संकट की परिस्थितियों में लड़कियों की दृढ़ता, नेतृत्व और सशक्त भूमिका पर केंद्रित है। यह थीम उन चुनौतियों पर प्रकाश डालती है जिनका सामना बालिकाएं करती हैं। जैसे संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और असमानताएं। यह थीम बालिकाओं को केवल संकट के शिकार के रूप में नहीं बल्कि परिवर्तन के वाहक के रूप में पहचानने पर जोर देती है। यह थीम शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा में निवेश का आह्वान करती है ताकि वे बेहतर और समावेशी दुनिया का निर्माण कर सकें।

आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उनके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 12 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2023-24 में 12 अंक बढ़कर 930 हो गया।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है।

अगर समाज में बेटियों को उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है तो इसमें कुछ गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।

आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। कठिन से कठिन कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। लड़कियों ने अपने काम और समर्पण के दम पर कई क्षेत्रों और क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। वे अधिक प्रतिभाशाली, आज्ञाकारी, मेहनती और परिवार और अपने जीवन के लिए जिम्मेदार हैं। लड़कियां अपने परिवार और माता-पिता के प्रति अधिक देखभाल करने वाली और प्यार करने वाली होती हैं और वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। वे श्रम शक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसायों की वृद्धि और विकास में योगदान देती हैं।

एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं।

समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें। तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है।

हम सभी जानते हैं कि एक लड़की समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। वह एक मा, एक बेटी, एक पत्नी इस तरह कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती है। उसे घर की शांति बनाए रखने वाली स्तंभ माना जाता है और फिर भी उसका अपमान किया जाता है। स्त्रियां ही संतति की परम्परा में मुख्य भूमिका निभाती है फिर भी प्राचीन समाज से लेकर आधुनिक कहे जाने वाले समाज तक स्त्रियां उपेक्षित ही रही है।

हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है।

# बालिकाओं को उड़ान दें, समाज को नई दिशा दें

-दिलीप कुमार पाठक-

जब तक हमारे समाज में बेटियों के प्रति ज्यादतियां होती रहेंगी, तब तक हम कितना भी समृद्ध, उदारवादी विकसित समाज होने का ढोल पीट लें हमारी वास्तविकता कुछ और ही है। 2011 की जनगणनाः भारत में प्रति 1, 000 पुरुषों पर 943 महिलाएँ थीं, लिंगभेद की स्थिति इसी से समझी जा सकती है। भारत में पुरुषों की साक्षरता दर 82.14% और महिलाओं की साक्षरता दर 65.46% है, जो शिक्षा में लिंग अंतर को दर्शाता है। उच्च शिक्षा में पुरुषों का अनुपात ज़्यादा है, और महिला शिक्षकों का प्रतिशत पुरुषों की तुलना में कम है। पुरुष शिक्षकों और उच्च शिक्षा में कुल नामांकित छात्रों की संख्या में महिलाओं की तुलना में अधिक है। कई सामाजिक कारक, जैसे कि कम उम्र में विवाह, बाल श्रम, और आर्थिक तंगी, लड़कियों की शिक्षा में बाधाएँ उत्पन्न करती हैं और उनके स्कूल छोड़ने की दर को बढ़ाती हैं। आज भी हमारे देश एवं दुनिया में बेटियों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के लिहाज से स्थिति कुछ अच्छी नहीं है। भारत सहित पूरी दुनिया में लिंग भेद आज भी है, अन्यथा अमेरिका जो दुनिया को संस्कृति सिखाने का ठेकेदार बनता है, आज तक उनके देश में एक भी महिला राष्ट्रपति नहीं बन पाई। जब हम भारतीय परिपेक्ष्य में देखते हैं तो स्थिति और भी विकट है। जब हमारे देश में हाथरस, मंदसौर, कोलकाता, उन्नाव, कठुआ, बुलन्दशहर, हैदराबाद आदि से रेप की दर्दनाक खबरें आती हैं और जहां से भी छोटी-छोटी बालिकाओं पर ज्यादतियों की खबरें आती हैं, तो पूरे समाज पर प्रश्न चिन्ह लग जाते हैं कि हमारे समाज में शिक्षा एवं संस्कारों मे ये कैसी गिरावट है जहां छोटी-छोटी बालिकाएं कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहीं हैं। लिंग भेद ऐसा कि अपनों के बीच भी बच्चियों को गैरों जैसा दोयम दर्जे का व्यवहार झेलना पड़ता है।

जब पाकिस्तान में मलाला यूसुफजई ने बेटियों के शिक्षा का मुद्दा उठाया, तो कट्टरपंथी लोगों ने उन पर जानलेवा हमला किया, ऐसे-ऐसे मुद्दे जब मेन स्ट्रीम में आते हैं, तब समाज की हकीकत सामने आ जाती है, दरअसल हमारे समाज में आज भी लड़कियों को लड़कों के बराबर न मानने वाले लोगों की संख्या ज़्यादा है, हालांकि समाज के लिए सोचने

**इस दिन को मनाने का उद्देश्य यह भी है कि समाज में जागरूकता लाकर लड़कियों को वे समान अधिकार दिलाए जा सकें, जो कि लड़कों को दिए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस को बढ़ावा देने के लिए इस दिन अलग-अलग देशों में कई तरह के आयोजन भी किए जाते हैं जिसके अंतर्गत लड़कियों की शिक्षा, पोषण, उनके कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल के प्रति उन्हें और समाजजनों को जागरूक किया जाता है।**

वाले कुछ अग्रणी लोग एनजीओ के माध्यम से ही सही बालिकाओं के लिए कुछ न कुछ योगदान दे रहे हैं, परंतु ये काफी नहीं है। यही कारण है कि हर साल 11 अक्टूबर को इंटरनेशनल डे ऑफ गर्ल चाइल्ड यानी कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इसे मनाने की शुरूआत यूनाइटेड नेशन ने 2012 में की थी। इस दिन को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य था लड़कियों के विकास के लिए अवसरों को बढ़ाना और लड़कियों की दुनियाभर में कम होती संख्या के प्रति लोगों को जागरूक करना, जिससे कि लिंग असमानता को खत्म किया जा सके। लिंग असमानता भारत सहित पूरी दुनिया की सच्चाई है।

इस दिन को मनाने का उद्देश्य यह भी है कि समाज में जागरूकता लाकर लड़कियों को वे समान अधिकार दिलाए जा सकें, जो कि लड़कों को दिए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस को बढ़ावा देने के लिए इस दिन अलग-अलग देशों में कई तरह के आयोजन भी किए जाते हैं जिसके अंतर्गत लड़कियों की शिक्षा, पोषण, उनके कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल के प्रति उन्हें और समाजजनों को जागरूक किया जाता है। लड़कियों को सुरक्षा मुहैया कराना, उनके प्रति भेदभाव व हिंसा खत्म करना।

बाल विवाह पर प्रतिबंध लगाना भी इस दिन को मनाने के कारणों में शामिल है। 11 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर, 2011 को प्रस्ताव 66/170 के माध्यम से घोषित किया गया था। इसे पहली बार 11 अक्टूबर, 2012 को मनाया गया था। यह वार्षिक दिवस 1995 के बीजिंग घोषणापत्र और कार्य योजना से जुड़ा है, जिसने पहली बार दुनिया भर में बालिकाओं के विशिष्ट अधिकारों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला था।

प्लान इंटरनेशनल ने इस पहल का नेतृत्व किया, जिसमें कनाडा सरकार सहित कई देशों का मजबूत समर्थन मिला। यह कार्यक्रम बालिकाओं के सशक्तीकरण, मानवाधिकारों और उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों में उनकी भागीदारी के हित में, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, भेदभाव और हिंसा जैसी बाधाओं पर दुनिया का ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करता है। इस दिन दुनिया भर में बालिकाओं के लिए एक अधिक समावेशी और न्यायसंगत भविष्य सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा दिया जाता है।

आज 11 अक्टूबर 2025 को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम हैः द गर्ल आई एम, द चेंज आई लीडः गर्ल्स ऑन द फ्रंटलाइन्स ऑफ क्राइसिस इस थीम का मुख्य फोकस उन परिस्थितियों पर है जिनका सामना बालिकाओं को करना पड़ता है, और उनकी दृढ़ता, नेतृत्व तथा मजबूत आवाजों पर, जो मानवीय, सामाजिक और पर्यावरणीय संकटों के खिलाफ खड़ी होती हैं। चूँकि संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और असमानताएँ बालिकाओं के खिलाफ असमान रूप से भारी पड़ती हैं, इसलिए यह विषय परिवारों, समुदायों और समाजों में परिवर्तनकारी भूमिकाएँ निभाने में उनके साहस को दर्शाता है। यह बालिकाओं को परिस्थितियों के शिकार के रूप में नहीं, बल्कि परिवर्तन के वाहक के रूप में पहचानने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। लड़कियों के अनुभवों और नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए, यह थीम शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सशक्तिकरण में निवेश का आह्वान करती है ताकि वे सक्रिय रूप से एक बेहतर और अधिक समावेशी दुनिया का निर्माण कर सकें। यह नारा दुनिया को याद दिलाता है कि हर बालिका में क्षमताएँ भरपूर होती हैं और यह समाज का दायित्व है कि वह उनमें से प्रत्येक को संकट की स्थिति में अग्रणी भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करें'

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# हाशमी कॉलेज में टाई एंड डाई कार्यशाला का समापन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अमरोहा के होम साइंस एवं ड्राइंग विभाग द्वारा आयोजित टाई एंड डाई कला कार्यशाला का आज भव्य समापन हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को पारंपरिक भारतीय कला से जोड़ते हुए उन्हें रोजगारपरक शिक्षा की दिशा में प्रोत्साहित करना रहा। कार्यशाला में फेविक्रील कंपनी की विशेषज्ञ रीता अग्रवाल ने छात्राओं को टाई एंड डाई की विभिन्न तकनीकों, रंग संयोजन की विधियों तथा वस्त्रों को आकर्षक डिज़ाइन देने के आधुनिक तरीके सिखाए। छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लेते हुए रंग-बिरंगे पैटर्न तैयार किए। समापन सत्र में हाशमी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी (एडवोकेट) ने ÷स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ÷ विषय पर छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा,÷आज के समय में स्वदेशी उत्पादों को अपनाना केवल देशभक्ति नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। छात्राओं को अपने कौशल के माध्यम से 'मेड इन इंडिया' की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए।÷ डॉ. हाशमी ने कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित करते हैं।कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रिज़वाना कुलसूम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की व्यावहारिक कार्यशालाएँ शिक्षा को अधिक सार्थक बनाती हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए होम साइंस एवं ड्राइंग विभाग की शिक्षिकाओं को बधाई दी। कार्यक्रम में डॉ. पंकज रानी, डॉ. दीपिका शर्मा, रुखसार इदरीसी सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रेस वार्ता






**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 को लेकर जिलाधिकारी जसजीत कौर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा आज मिशन शक्ति फेस-5.0 के विषय पर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस बंधुओं के साथ प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अंतर्विभागीय समन्वय से चलाये जाने वाला अभियान है, जिसे प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं के लिए चलाये जाने वाली विभिन्न योजनाओं को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए विगत वर्षों से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें महिलाओं को राज्य व समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए विभिन्न विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे है ताकि वर्ष 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूरा किया जा सके और यह तभी संभव है जब प्रदेश की आधी आबादी सुरक्षित व स्वालांबी हो जाएं तथा महिलाओं को घर से लेकर कार्यस्थल तक सुरक्षित कर सके, इसके लिए कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा देने के लिए पुलिस विभाग कार्य कर रहा है। मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला संरक्षा व सुरक्षा के लिए कार्य किए जा रहे हैं। सार्वजनिक स्थलों यथा स्कूल, कालेज, बाजार आदि में छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस द्वारा निरन्तर भ्रमण करना एवं एण्टी रोमियों स्क्वायड द्वारा कार्यवाही करना, महिला एवं बच्चों से संबन्धित प्रमुख कानूनो यथा घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, पोक्सो एक्ट के बारे में जागरूक करना, बाल विवाह, बाल श्रम रोकने के लिए बने कानूनों की जानकारी देना, 1090, 112, 1076, 1098, 181, 1930, 102, 108 जैसे हेल्पलाइन की जानकारी उपलब्ध कराना आदि कार्य किया जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग सखी योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर आयुष्मान योजना, प्रधानमत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि से लाभान्वित भी किया जा रहा है, ताकि महिलाओं को मुख्य धारा में लाकर विकसित उत्तर प्रदेश के सपने के साकार किया जा सके।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा पुलिस विभाग के माध्यम से पत्रकार बंधुओं को महिला सुरक्षा सम्मान एवं आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यक्रमों योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि मिशन शक्ति फेस चरण-5.0 के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अपनी गरिमा को भागीदारी बढ़ाएं।

# मिशन शक्ति द्वारा छात्राओं को किया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत महिला आरक्षी 87 प्रीति तोमर व आरक्षी 754 मुकेश कुमार द्वारा कृषक इण्टर कॉलेज ग्राम धुंधली थाना चांदपुर जनपद बिजनौर में छात्राओं को जागरूक किया गया तथा

*1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181*
*2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090*
*3. आपातकालीन नंबर 112*
*4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102*
*5. एंबुलेंस नंबर 108*
*6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098*
7. *साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना*

के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया , महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया।

# मुख्य न्यायाधीश पर हमले के विरोध में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन




**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** आम आदमी पार्टी की जिला इकाई ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय अमरोहा पर जोरदार प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष कुशल चौधरी ने किया। जबकि रोहिलखंड प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर मोहम्मद हैदर कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे। ज्ञापन में भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) पर जूता फेंकने की घटना को देश के सर्वोच्च न्यायिक पद का घोर अपमान बताते हुए इस पर अविलंब कठोर कार्रवाई की मांग की गई। पार्टी प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कृत्य केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि संविधान और न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह एक सुनियोजित षड्यंत्र है, जिसके पीछे समाज में घृणा और विभाजन फैलाने वाली ताकतें सक्रिय हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि सोशल मीडिया पर मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की जा रही अपमानजनक टिप्पणियों और वीडियो प्रसारण में भाजपा समर्थित ट्रोल आर्मी की भूमिका स्पष्ट है। उन्होंने केंद्र सरकार की संदिग्ध चुप्पी को निंदनीय बताया और कहा कि यह दलितों व पिछड़ों के सम्मान को ठेस पहुँचाने का प्रयास है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला प्रभारी मोहम्मद आमिर, प्रांतीय कमेटी सदस्य अमर सिंह खागी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कविता कांत, विधानसभा अध्यक्ष हसनपुर मुरारीलाल मौर्य, धनोरा अर्पित शर्मा, नौगांवा सुरेंद्र सिंह, तंजीम हुसैन, एडवोकेट ब्रह्मपाल सिंह राणा, ओसाफ खान, हरशरण सिंह, सेवाराम, जफर मेहंदी, जेपी सिंह, रविकांत, अब्दुल समद, हेमेंद्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मुख्य मांगें :**

1.आरोपी व्यक्ति की तत्काल गिरफ्तारी व कड़ी कानूनी कार्रवाई
2. सोशल मीडिया पर घृणित सामग्री फैलाने वालों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई
3. न्यायपालिका की स्वतंत्रता और संवैधानिक पदों की गरिमा की रक्षा के ठोस उपाय

# श्री वेंक्टेश्वरा में मेन्टल हैल्थ अवेयरनेस वीक-2025 का समापन

*** आपदा एवं आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर हुए विविध कार्यक्रम**





**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** वेंक्टेश्वरा स्कूल ऑफ नर्सिंग एवं वेंक्टेश्वरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में ''मेन्टल हैल्थ अवेयरनेस वीक-2025'' (06 से 10 अक्टूबर) का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर संस्थान में आयोजित समापन समारोह का शुभारंभ प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, डीन मेडिकल डॉ. संजीव एच. भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश मेहता, मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप चौधरी, डॉ. मंजरी राणा एवं डॉ. मनीष शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। पांच दिनों तक चले इस मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह में इस वर्ष की थीम ÷आपदा एवं आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य÷ पर आधारित सेमिनार, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, जागरूकता रैली समेत एक दर्जन कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री वेंक्टेश्वरा स्कूल आफ नर्सिंग एवं वेंक्टेश्वरा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साईसेस के हॉस्पिटल ब्लॉक के स्वागत परिसर में ''मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह'' समारोह की समापन सेरेमनी का शुभारम्भ प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 कृष्ण कान्त दवे, डीन मेडिकल डॉ0 संजीव एच0 भट्, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सुरेश मेहता, विभागाध्यक्ष मनोरोग डॉ0 संदीप चैधरी, डॉ0 मंजरी राणा, डॉ0 मनीष शर्मा आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इसके बाद एम0बी0बी0एस0 छात्र अनिकेत पंत की टीम ने शानदार गीत एवं नुक्कड़ नाटक द्वारा ''व्यक्तित्व विकास में मानसिक स्वास्थ्य'' का महत्व बताया। इसके बाद प्रो0 मनीष शर्मा, स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा आपदाओ एवं आपात स्थितियो में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होने समाज में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु सामूहिक प्रयासो और समुदाय आधारित पहलो के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात् एम0बी0बी0एस0 छात्रो द्वारा एक समूह नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसने वातावरण को सकारात्मकता और ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम का शानदार संचालन सुश्री डॉ0 कृति कंवर, क्लिनिकल सायकॉलजिस्ट मनोरोग विभाग तथा डॉ0 श्रेया शर्मा, जूनियर रेजिडेंट मनोरोग विभाग द्वारा किया गया। समापन अवसर पर डॉ0 मंजरी राणा ने उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विम्स अस्पताल का मनोरोग विभाग मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के लिए निरंतर कार्यरत है न केवल अस्पताल परिसर में, बल्कि सामुदायिक स्तर पर भी विभिन्न आउटरीच प्रोग्राम, मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक और कार्यशालाओ के माध्यम से भी जागरूकता बढ़ा रहा है। उन्होने सभी से आग्रह किया कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में सकारात्क दृष्टिकोण विकसित करने और कलंक को कम करने में सक्रिय भूमिका निभायें। इस समापन सेरेमनी के साथ ही चले कई कार्यशालाओ, संवाद सत्रों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित किया गया। जिनका उद्देश्य छात्रो, स्टॉफ और समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है। इस अवसर पर डॉ0 मनीष शर्मा, डॉ0 मंजरी राणा, डॉ0 सहर्ष वाल्टर, निशा, इस्मिता, हुमा, अलीशा, सुमन, इंदु, जूही, हिमानी, बॉबी, अखिल, जुबेर, अनुज, शोएब, संजीव, डॉ0 चित्राजित सिंह जुनेजा, डॉ0 कृति कंवर, डॉ0 विवेक पाठक, डॉ0 स्नेहांगी, डॉ0 विदिशा, डॉ0 गजल, डॉ0 मयंक, डॉ0 बी0एस0 त्यागी, एम0ए0 चैधरी, डॉ0 रूचि मान, डॉ0 प्रेरणा, डॉ0 श्रेया, डॉ0 अनमोल एवं मेरठ परिसर से निदेशक डॉ0 प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत हुआ स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** मिशन शक्ति फेस-5.0 जागरूकता अभियान के क्रम में जिलाधिकारी महोदया श्रीमती निधि गुप्ता वत्स के आदेशों के अनुपालन में तथा मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्वनी कुमार मिश्र महोदय एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्री राकेश सिंह महोदय के दिशा निर्देशानुसार शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जोया में व्यक्तिगत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कु0 ललिता रानी, जेंडर स्पेशलिस्ट द्वारा महिलाओं से कहा गया कि शरीर को साफ़ रखकर कीटाणुओं और बीमारियों से बचाना, जिसमें नियमित रूप से नहाना, हाथ-मुँह धोना, दाँत ब्रश करना, नाखून काटना और साफ़ कपड़े पहनना शामिल है। हर व्यक्ति को शौचालय में जाने के बाद व खाना बनाने से पहले और खाना बनाने से पहले हाथ को अच्छे से साफ कर लेना चाहिए जिससे किसी प्रकार की बीमारी न हो सके।यह न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बनाए रखता है बल्कि संक्रमण को फैलने से रोककर दूसरों को भी सुरक्षित रखता। स्वस्थ वातावरण अपने आस-पास के लोगों को भी बीमारियों से बचाकर एक स्वस्थ वातावरण बनाता है। व्यक्तिगत स्वच्छता उन आदतों को संदर्भित करती है जो संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकने और व्यक्तिों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करती हैं। यह न केवल शरीर को स्वच्छ रखता है। इसके अलावा हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन एवं सखी वन स्टॉप सेन्टर की टीम द्वारा महिला कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना तथा हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098 ,181 और एंबुलेंस सेवा 102 और 108 के बारे में बताया गया। इसके अलावा वन स्टाप सेंटर की टीम द्वारा वन स्टॉप सेंटर की जानकारी और चाइल्ड लाइन द्वारा बाल श्रम तथा बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा बच्चों के कानूनी अधिकार और बाल विवाह व बाल श्रम के खिलाफ जागरूक किया गया। इस अवसर पर सखी वन स्टॉप सेन्टर की सेन्टर मैनेजर श्रीमति ममता दुबे, हब इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन (HEW) के कार्मिक कु0 ललिता रानी, जेण्डर विशेषज्ञ, अनुराधा भारती ,नर्स ,नरेन्द्र पाल आदि उपस्थित रहे।

# पंडित दीन द याल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का किया गया आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** पशुपालन विभाग जनपद अमरोहा द्वारा ग्राम सिरसा मनिहार में पंडित दीन दे याल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद् घाटन मुख्य अतिथि कमल चौधरी चेयरमैन गन्ना समीति द्वारा किया गया। श्री कमल चौधरी ने ग्राम में शिविर आयोजन के लिए पशुपालन विभाग को बधाई थी तथा उपस्थित पशुपालकों को विभागीय योजनाओं एवं सुविधाओं का पूर्ण लाभ उठाने को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने अवगत कराया कि सरे कार पशुपालकों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है एवं इस दिशा में विभिन्न योजनाएं चला रही है। विशिष्ट अतिथि डा0 आभा दत्त मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अमरोहा ने पशुपाले कों को नन्द बाबा दुग्ध मिशन, पशुधन बीमा, 1962 पशु एम्बुलेन्स सेवा एवं पशुओं में टीकाकरण टीकाकरण के के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डा0 निलय कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्ता अधिकारी अमरोहा ने पशुओं में बांझपन, पशुपोषण एवं पशुप्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी।

शिविर के आयोजक श्री विजेन्द्र सिंह, पशुचिकित्सा अधिकारी, बुढनपुर ने पशुओं में संक्रामक रोग के कारण एवं बचाव के उपायों कुक्कुट पालन एवं बकरी पालन योजना के विषय में उपस्थित पशुपालकों को जानकारी दी। शिविर में 367 पशुओं की पशुचिकित्सा, बांझपन चिकित्ता, शल्य चिकित्मा कृमिनाशक दवापान किया गया। शिविर के सफल आयोजन में ग्राम प्रधान हरकेश, पशुधन प्रसार अधिकारी लोकेन्द्र सिंह, अंकित, ब्रिजेश, रवि, मुन्तजिर, सद् दाम आदि का विशेष सहे योग रहा।

# सिन्दूर वाटिका का निरीक्षण नगर विकास मंत्री ने थपथपाई ईओ की पीठ



*** मीडिया से रूबरू हुए नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने सरकार के कार्य**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** नगर पालिका परिषद संभल द्वारा बनाई गई सिंदूर वाटिका का नगर विकास मंत्री ने निरीक्षण किया इस दौरान पौधा रोपण किया गया और मीडिया से मुखातिब हुए। ईओ के प्रयास और कार्यो की भी जमकर प्रशंसा की गई।

शुक्रवार को यूपी सरकार के नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा सम्भल पहुंचे। इस दौरान उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया गया ओर संभल ग्रीन कॉरिडोर की ओर से राजकुमार शर्मा आदि लोगों ने सम्भल के तीर्थो का चित्र भी भेंट किया। इस दौरान उन्होंने निरीक्षण करते हुए लगाए गए 108 पौधों को देखा और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संभल डॉ0 मणि भूषण तिवारी के प्रयास एवं कार्यो की प्रशंसा करते हुए पीठ थपथपाई। उन्होने कहा कि पहले जिस तरह गन्दगी रहती थी उसको साफ करने का काम सरकार ने किया है और ईओ ने जी तरह से इसमें भूमिका निभाई वह प्रशंसनीय है। हमारी सरकार विकास के कार्यो में बढ़चकर हिस्सा ले रही है बेहतरीन सदके बन रही है विकास को पंख लग रहे है। सरकार पैसा देने में विकास कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। स्वच्छता की जहां तक बात है तो केंद्र सरकार ओर राज्य सरकार तरह तरह के अभियान चला रही है। हमने कई स्थानो पर गन्दगी दूर कर कूढ़े के ढेर हटाकर लोगों के बैठने के लिए पार्क बनाकर बैठने के लिए बैच बनाई है। प्रयागराज मे पूरा शिवालय पार्क बनाया है लखनऊ मे जन संघ पार्क बनाया है ऐसे लाखो उदाहरण देखने को मिलेंगा। सम्भल के लिए जो भी हो सकेगा किया जाएगा। इस दौरान संजय सांख्यधर, प्रमोद कुमार, आनन्द कुमार, सैयद शान अली आदि मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर बोले सपाई नेता जी मुलायम सिंह सम्भल से भी रहे लोकसभा सांसद

*** सपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर मनाई सपा संरक्षण की तीसरी पुण्यतिथि**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक एवम उत्तर प्रदेश के और मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की तीसरी फुल्ल पुण्य तिथि के मौके पर उन्हें समारोह पूर्व से श्रद्धांजलि दी गई।

शुक्रवार को नगर के हातिम सराय में समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में आशक हुसैन पेलेस में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यसभा सांसद जावेद अली खा, पूर्व कबिनेट मंत्री एवं विधायक इकबाल महमूद बतौर अतिथि शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी अंसारी ने की तथा संचालन कृष्ण मुरारी संख्यधर ने किया। सभी मंचासिन नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सपा संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव नेता जी की तीसरी पुण्यतिथि पर याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। जावेद अली खा ने बोलते हुए कहा कि नेता जी की सेवाओ को हम कभी नहीं भुला सकते वह धरती पुत्र के ऐसा नेता थे जिनका पूरा जीवन देश सेवा में समर्पित हो गया। इकबाल महमूद ने कहा कि नेता जी सम्भल से बेहद लगाव रखते थे और वह यहां से सांसद रहे बेहद लगाव ओर प्यार सम्भल की आवाम से था। असगर अली अंसारी ने कहा कि नेता जी और सम्भल वासियों प्रेम एक मजबूत राजनीति का स्तंभ था। सुहैल इकबाल ने कहा कि जब कोई लखनऊज़ सैफई या मैनपुरी जाता नेता जी खासा अहमियत देते थे। इस मौके पर शहर अध्यक्ष ताहिर सलामी, जिला सचिव सईद अख्तर इसराइली, हाजी अशरफकिदवई, मुशाहिब हुसैन नकवी, हसन आरिफ़ नेता शरीफ़ हाजी रियाजुल, मोहम्मद अरशद, ठाकुर केपी सिंह आदि शामिल रहे।

# रायसत्ती पुलिस ने महिलाओं को जागरूक करने के लिए चलाया मिशन शक्ति अभियान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सम्भल।** मिशन शक्ति फ़ेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत आजाद गर्ल्स स्कूल मोहल्ला ख्वास खाँ सराय जनपद संभल में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि मुख्यमंत्री के द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है। तत्पश्चात वहाँ पर उपस्थित सभी को महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य, सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, हे.का.सोमपाल सिंह, हे.का. सुखविन्द्र सिंह सिद्धू, का.संजीव कुमार, का.पीयूष शर्मा एवं थाना रायसत्ती पुलिस मौजूद रही।

# उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन दस पत्रकारों को करेगी सम्मानित, दिसंबर में आयोजित की जायेगी एक दिवसीय कार्यशाला



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर ।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 10 पत्रकारों को सम्मानित करेगी, साथ ही दिसंबर माह में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करेगी। इस आशय का निर्णय यूनियन की जिलाध्यक्ष ज्योति लाल शर्मा की अध्यक्षता व महामंत्री अनुज चौधरी के संचालन में संपन्न बैठक में लिया गया । पालिका बाजार में आयोजित उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 10 लोगों के चयन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया।इफ्तिखार मलिक की अध्यक्षता में गठित कमेटी में मनोज बाल्मीकि व अनुराग शर्मा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। कमेटी दस सदस्यों का चयन कर एक सप्ताह में सूची उपलब्ध करायेगी। यूनियन की बैठक में अयोध्या में 6 नवंबर से आयोजित तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय सम्मेलन पर चर्चा की गई, यूनियन के सदस्यों से एक सप्ताह के भीतर सहमति मांगी गई, ताकि सम्मेलन में शामिल होने वाले सदस्यों के नाम प्रदेश कार्यकारिणी को भेजे जा सके। इसके अलावा दिसंबर माह में यूनियन की कार्यशाला जिला मुख्यालय पर आयोजित किए जाने पर विचार विमर्श किया गया, सभी सदस्यों ने कार्यशाला आयोजित किए जाने पर सहमति जताई। पत्रकारों की सहायता के लिए एक कोष बनाने का निर्णय भी लिया गया, सरकार से पत्रकारों को मूलभूत सुविधाएं पेंशन व आवास दिलाये जाने की मांग की गई। यूनियन में मासिक बैठक तहसील स्तर पर भी आयोजित किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक को आबिद रजा, इफ्तार मलिक, संजीव भुइयार ,अनुराग शर्मा , आरके सिंह अव्वरवाल ,अफसर हुसैन सिद्दीकी, मनोज बाल्मीकि, डॉक्टर अभय कुमार बिश्नोई आदि ने संबोधित किया।

P-08:28 paga09_jhn.qxd 10/10/2025 7:22 PM Page 1



# रामपुर में जनसेवा के नए आयाम : नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने आज जनपद रामपुर में अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में विकास की गति तीव्र हुई है। सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं मिले और प्रदेश के हर हिस्से को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि ÷विकास कार्य जनता की उम्मीदों को साकार करने का माध्यम हैं÷ और सरकार का हर प्रयास जनता के जीवन को सरल, स्वच्छ और



सुरक्षित बनाने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों का उद्देश्य आमजन के जीवन में वास्तविक सुधार लाना है।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता पारदर्शिता और समय बताता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि ऊर्जा विभाग के अंतर्गत लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र रंपुरा, 8.25 किलोमीटर लंबी 33 केवी लाइन, तथा 7.2 किलोमीटर 11 केवी लाइन का निर्माण कार्य कराया गया है।इन परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को स्थिर, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।अब उत्तर प्रदेश बिजली कटौती नहीं, बल्कि निर्बाध आपूर्ति के लिए जाना जा रहा है।

नगर विकास विभाग की योजनाओं के अंतर्गत लगभग 14.88 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 40 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।इनमें लगभग 4 करोड़ की लागत से 8 कार्यों का शिलान्यास तथा 10.55 करोड़ की लागत से 32 कार्यों का लोकार्पण किया गया।इन योजनाओं में नाली, इंटरलॉकिंग, स्ट्रीट लाइट, पार्क, पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।श्री शर्मा ने कहा कि ये परियोजनाएं रामपुर शहर को अधिक सुंदर, आधुनिक और जनसुविधाओं से युक्त बनाएंगी।हर शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक बनाना ही सरकार का लक्ष्य है।

## रन फॉर एम्पावरमेंट का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं क्षेत्राधिकारी टाण्डा/लाइन द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर से मोरी गेट तक रन फॉर एम्पावरमेंट का आयोजन किया गया। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में आरटीसी रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला आरक्षियों एवं महिला विशेष सुरक्षा दल द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया एवं महिला आरक्षी निधि चौधरी द्वारा थाना कोतवाली, रामपुर की पीआरवी 1394 का संचालन कर सभी को यह संदेश दिया कि महिलाएं न केवल समाज की सुरक्षा में समान रूप से सक्षम हैं,




बल्कि वे प्रत्येक जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं कौशल के साथ कर सकती हैं। इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जनमानस को जागरूक करने हेतु प्रेरणादायी संदेश दिया। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को हर स्तर पर सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। रामपुर पुलिस इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है, ताकि समाज में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके।

## फूल मालाओं के साथ स्वागत किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भावाधस (भीम) के बैनर तले रामपुर में वीरेश भीम अनार्य जी राष्ट्रीय प्रमुख भावाधस के नेतृत्व में निकाली गई रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की प्रकटोत्सव के अवसर पर भव्य और दिव्य शोभा यात्रा का किले के गेट पर गाडगे यूथ ब्रिगेड के बैनर तले दिवाकर समाज के लोगों के द्वारा मिठाई एवं फल, और जल का वितरण करते हुए सभी आयोजकों के सिर पर पगड़ी बांधते हुए फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया सभी आयोजकों ने पंडाल में लगी बाबा संत गाडगे महाराज की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया महर्षि वाल्मीकि की भव्य और दिव्य झांकी में बैठकर श्री रघुवीर सरन दिवाकर जी



के द्वारा लगातार भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जा रहा था इस शोभायात्रा में सामाजिक एकता एवं भाई -चारे का संदेश देती हुई सुंदर एक से सुंदर एक झांकी चाहे मर्यादा पुरुषोत्तम राम - लक्ष्मण जी की हो चाहे संविधान के शिल्पिकर डॉक्टर बी आर अंबेडकर की चाहे स्वच्छता के जनक बाबा संत गाडगे महाराज की चाहे विशाल झांकी महर्षि वाल्मीकि जी की हो सभी झांकियों ने श्रद्धालुओं को आकर्षित करने का काम किया

## ए.के. शर्मा ने की विभागीय समीक्षा बैठक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभागार, रामपुर में ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की।बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, विद्युत व्यवस्था की स्थिति, नगरीय परियोजनाओं की समीक्षा तथा नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री श्री शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं से संबंधित सभी लंबित कार्यों और शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति और



समयबद्ध सेवा देना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतें समय पर सुनी और सुलझाई जाएं, यही सुशासन का मूल है।

कोई उपभोक्ता असुविधा में न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए।श्री शर्मा ने यह भी कहा कि लाइन रखरखाव, ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन और बिलिंग से जुड़ी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए ताकि नागरिकों का भरोसा बढ़े।

## फीता काटकर किया रोड का उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नरपतनगर।** रामपुर की नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला में वार्ड नंबर चार में एक बाईपास रास्ता पेट्रोल पम्प से नगर को जोड़ने के लिए निकाला है,यह रास्ता नगर से मेन रोड से जुड़ने के किए बहुत महत्वपूर्ण होगा और नगरवासियों को बहुत सहूलियत मिलेगी ।यह रास्ता ख़राब पड़ा था ,गहरे गहरे गड्ढे थे ,चेयरमैन खालिद अली ने इस बाईपास रोड के 140 मीटर हिस्सा जो कि नौशाद की दुकान से कल्लू माली के खेत तक है उस पर आरसीसी रोड का निर्माण करा दिया ,बाक़ी हिस्सा भी बहुत जल्द बन जाएगा ।चेयरमैन खालिद अली ने इस का फीता काटकर उद्घाटन किया ।वार्डवासियों ने चेयरमैन खालिद अली का फूल बरसाकर ,गले में फूलों की मालाएँ डालकर स्वागत किया और



मिठाई वितरण भी किया ।चेयरमैन खालिद अली ने इस मौके पर कहा की नगर को आने वाले समय में इन बाईपास रोडों से बहुत सहूलियत मिलेगी आवागमन के लिए यह बाईपास रोड नगरवासियों के लिए सुविधाजनक साबित होंगे ।इस मौके पर चेयरमैन खालिद अली ,मसरूर अहमद,सभासद मोहम्मद जिलानी,मुकुट लाल,एडवोकेट मोहम्मद आसिफ़,शमशाद हुसैन, ख़लील अहमद,हाफिज इश्तियाक,कैसर अली,नौशाद अली,बलवंत सिंह,वसीम अहमद,शादाब अहमद आदि लोग मौजूद रहे ।

## थाना कोतवाली का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिलाधिकारी, रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव, निर्माण/ मरम्मत कार्य व थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई,



उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चैक किया गया, साथ ही मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## शिष्टाचार मुलाकात कर अनेको मुद्दों पर चर्चा की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** विधायक शफीक अहमद अंसारी, प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश अपना दल (एस) और बरेली-मुरादाबाद शिक्षक सीट से सदस्य विधान परिषद (एमएलसी) डॉ. हरि



सिंह ढिल्लों जी ने शिष्टाचार मुलाकात कर अनेको मुद्दों पर वार्ता की।

## नौकरी दिलाने के नाम पर की धोखाधड़ी रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटवाई।** गुरुवार को पटवाई थाना क्षेत्र के परतापुर हरदासपुर के रहने वाले विकास ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया है की प्रमें ग्राम हरनगला पोस्ट पैगंबरपुर थाना स्वार के रहने वाले रोहित व जावेद पुत्र बच्चन थाना गंज से मुलाकात हुई इन लोगों ने प्रार्थी की अलवेनिया में नौकरी का वीजा लगवाने के नाम पर आरोपितो ने प्रार्थी को भरोसा दिलाकर पांच लाख तीन सो रूपये प्रार्थी ने आरोपितों के खाते में ट्रांसफर कर दिए पीड़ित युवक जब अपना वीजा लेकर इंदिरा गांधी एयरपोर्ट नई दिल्ली गया तब जांच के दौरान एयरपोर्ट की कर्मचारियों ने प्रार्थी को फर्जी वीजा बात कर रोक लिया और वहां से पीड़ित को वापस कर दिया पीड़ित ने जब मुल्जिबानों से संपर्क किया था उन्होंने कहां की हमने तुम्हारे साथ धोखाधड़ी की है।

## बिलासपुर में पंचायत की जाएगी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** सभी भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से विनय निवेदन है कि हर माह की 11 तारीख को मासिक पंचायत की जाती है

इस बार भी 11 अक्टूबर को तहसील परिसर बिलासपुर में की जाएगी जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर ज्ञापन किया जाएगा सभी पदाधिकारी से विनय निवेदन है अपनी पूरी टीम व कार्यकर्ताओं के साथ सुबह 11ः00 बजे तहसील परिसर पार्क में पहुंचे कोई भी पदाधिकारी का बहाना नहीं चलेगा अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए समय से पहुंचे

## छात्राओं ने किया कोतवाली का भ्रमण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** मिशन शक्ति के तहत थाना भ्रमण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहाबाद की सैकड़ों छात्राओं ने कोतवाली का भ्रमण किया। यहां छात्राओं ने कोतवाली के कामकाज और एफआईआर कैसे दर्ज कराई जाती हैं की जानकारी ली। थाने में महिला हेल्प डेस्क और साइबर हेल्प डेस्क कैसे काम करती है आदि के बारे में जाना। छात्राओं के सवालों के जवाब महिला उपनिरीक्षक ने दिए। थाना प्रभारी ने पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में बताते हुए कहा कि पुलिस महिला विरुद्ध अपराध की सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई



करती है। आप सभी को असामाजिक गतिविधियों को अनदेखा नहीं करना है। आजकल साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। युवाओं को नौकरी या पैसा कमाने का झांसा देकर ठगा जा रहा है। ऐसी कॉल या फिर लिंक को अनदेखा कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को साइबर ठगी के मामले में खुद के साथ समाज में जागरूकता लानी चाहिए।

## विस्तृत जानकारी दी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** तंबाकू मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना के निर्देशन में जिला चिकित्सालय में कोटपा अधिनियम 2003 के अनुपालन में जुर्माना अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला चिकित्सालय रामपुर को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है और जिला चिकित्सालय के परिक्षेत्र



में तंबाकू का उपयोग करने वाले 20 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने जिला चिकित्सालय में आये मरीजों एवं तीमारदारों को तंबाकू से होने वाले रोगों एवं इसके उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## मंचले के विरूद्ध की गयी कार्यवाही

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** म030नि0 नीलम द्विवेदी द्वारा थाना पर मु0अ0सं0 428/2025 धारा 296 बीएनएस बाबत अभियुक्त * गौरव पुत्र राधेश्याम नि0 वार्ड न0 12 चाउपुरा मसवासी थाना स्वार जनपद रामपुर * द्वारा खुशहालपुर मोड तिराहा के पास सार्वजनिक स्थान पर अश्लील प्रदर्शन करते हुए अश्लील



गाने व महिलाओं व लडिकयों को आते जाते देख अभद्र टोन्ट बाजी करने के सम्बन्ध में पंजीकृत कराया ।

## श्रद्धांजलि अर्पित की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नजवी के कैंप कार्यालय पर आज देश के पूर्व रक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया सभी कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट मोन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट ने महान पूज्य स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा




कि मुलायम सिंह यादव को पूरा हिंदुस्तान धरती पुत्र के नाम से जानता था मुलायम सिंह यादव जी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के कल्याण के लिए न्योछावर किया।

## जूता फेंकने के विरोध में रामपुर में आप का प्रदर्शन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** CJI पर जूता फिंकवा कर BJP ने न सिर्फ दलितों का अपमान किया बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से न्याय पालिका को यह बताने की कोशिश की है कि अगर हमारे ख़िलाफ़ फ़ैसले दिए तो न्यायाधीशों पर भी हमले होंगे। आज आम आदमी पार्टी ने CJI पर हुए हमले के ख़िलाफ़ प्रदेश व्यापी प्रदर्शन का ऐलान किया था इसी क्रम में रामपुर में बरेली गेट स्थित ज़िला



कार्यालय पर कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और भाजपा के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए नैनीताल हाइवे पर निकल आए जहां पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया उत्तेजित कार्यकर्ताओ ने नारेबाज़ी और तेज़ कर दी।

## अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** धर्म स्वतंत्रता कानून के समर्थन में भावाधस व सामाजिक संगठनों का जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन प्रदर्शन कल उक्त जानकारी भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री ने दी उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में धर्मान्तरण को रोकने धर्म स्वतंत्रता कानून लागू है इस कानून पर रोक लगाने कुछ देश विरोधी षड्यंत्रकारियों ने याचिकाए दायर कर रखी हैं क्योंकि इन देश विरोधी ताकतों के निशाने पर सब से अधिक दलित सभी दलित संगठनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या अम्बेडकर पार्क पहुंचे धरने प्रदर्शन को सफल बनाएं

## मुलायम सिंह यादव को किया याद

**उत्तम भारत संवाददाता**

**दढ़ियाल।** नगर सहित क्षेत्र के कई गांवों में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। 10 अक्टूबर 2022 को गुरुग्राम के जजके मेदांता अस्पताल में उनका निधन हो गया था।

नगर पंचायत दढ़ियाल ,रामपुर धम्मन, पर्वतपुर,अकबराबाद व सरकथल में स्वार टांडा विधानसभा से प्रत्याशी रही अनुराधा चौहान के आवास पर



पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव की पुण्य तिथि के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये । उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुआ स्वार टांडा विधानसभा से प्रत्याशी रही अनुराधा चौहान ने कहा कि उनका जीवन संघर्ष से भरा हुआ था।

## अभद्र टिप्पणी करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

**उत्तम भारत संवाददाता**

मसवासी (रामपुर)। थाना स्वार क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक को महिलाओं और लड़कियों से अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मामला ग्राम खुशहालपुर मोड़ तिराहा का है। महिला सुरक्षा दल/एंटी रोमियो अभियान के तहत गुरुवार को उपनिरीक्षक नीलम द्विवेदी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रही थीं। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि एक युवक राह चलती महिलाओं पर फब्तियां कसता है और अश्लील गाने बजाकर सार्वजनिक स्थान पर माहौल बिगाड़ता है।सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी की पहचान गौरव पुत्र राधेश्याम निवासी वार्ड नंबर 12, चाउपुरा मसवासी, थाना स्वार के रूप में की।

## विशेष अभियान चलाया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह के निर्देश पर आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु 09 व 10 अक्टूबर कोसहायक आयुक्त (खाद्य)-11/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

विशेष छापामार अभियान में पहाडी गेट स्थित खाद्य तेल के थोक विक्रेता मैसर्स भारत ट्रेडिंग कम्पनी से सरसों



का तेल और रिफाइण्ड राइस ब्रान ऑयल का 01-01 नमूना लिया गया और लगभग 180 कि0ग्रा0 खाद्य तेल (अनुमानित कीमत 26100/-) सीज किया गया और मौके पर पायी गयी अस्वास्थ्यकर एवं अस्वच्छकर परिस्थितियों के पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 32 के अन्तर्गत सुधार सूचना निर्गत की गयी।

## पुलिया निर्माण कराने की मांग उठाई

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** वार्ड नंबर 16 के सभासद शराफत हुसैन हस्सानी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर पुलिया निर्माण की मांग की है। नगर के मोहल्ला बेदान करबला रोड पर बत्तन खा के मकान के पास पुलिया कई वर्षों से टूटी पड़ी है। बोर्ड की बैठक में शराफत हुसैन हस्सानी ने कई बार इस पुलिया निर्माण की मांग की है और कई बार इस पुलिया में कई हादसे भी हो चुके है एक माह पहले एक गोवंश गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गया था और कुछ दिन पूर्व एक चार पहिया



वाहन भी इस पुलिया में फंस गई थी जो काफी मशक्कत के बाद निकाली गई थी खबरें प्रकाशित करने के बाद भी नगर पंचायत ने कोई संज्ञान नहीं लिया तब सभासद शराफत हुसैन हस्सानी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर पुलिया निर्माण की मांग उठाई।

## वन विभाग ने लगाया पिंजरा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** मंसूरपुर सेमरा लाडपुर के जंगल में तेंदुआ पकड़ने के लिए वन विभाग के कर्मचारियों ने पिंजरा लगा दिया है गुरुवार को जिला बन अधिकारी ने बनकर्मियों के साथ तेंदुए के पद चिन्ह तलाशे थे और ग्रामीणों को कार्रवाई करने का भरोसा दिया था। सेमरा लाडपुर और मंसूरपुर के जंगल में तेंदुए की चहल कदमी को लेकर ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया था तेंदुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था जिसको लेकर ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया था। सूचना पाकर वन कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे थे लेकिन ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ लापरवाही बरतनी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था ग्रामीणों का कहना था की वन विभाग की टीम तेंदुआ पकड़ने के बजाय मामले को रफा-



दफा करने में जुटी हुई है। जिसकी सूचना पाकर गुरुवार को जिला वन अधिकारी प्रनव जैन मौके पर पहुंचे थे और बंद कर्मियों के साथ कांबिंग की थी। कांबिंग के दौरान तेंदुए के पद चिन्ह पाए गए थे जिसको लेकर जिला वन अधिकारी ने ग्रामीणों को पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया था। शुक्रवार को वन दरोगा कुलबीर सिंह और अन्य वन कर्मचारियों ने सेमरा लाडपुर मंसूरपुर संपर्क मार्ग के किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय के पीछे गन्ने के खेत में पिंजरा लगा दिया है जिसको लेकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## गंगा एक्सप्रेसवे को लेकर जाट जागरण समिति ने दिया समर्थन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** शिवसेना द्वारा चलाए जा रहे गंगा एक्सप्रेसवे अभियान के अंतर्गत दिन शुक्रवार को जाट जागरण समिति के अध्यक्ष डॉ विकास तोमर द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से निकले को लेकर अपनी समिति का पूर्ण समर्थन दिया।

समिति के अध्यक्ष द्वारा आश्वासन भी दिया गया कि हमारी समिति बिजनौर की जनता के साथ है ।

शिवसेना की इस लड़ाई में हम इनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे । और शिवसेना द्वारा चलाई जा रहे गंगा एक्सप्रेसवे अभियान को धरातल पर उतरने का कार्य करेंगे ।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सदन में भी गंगा एक्सप्रेसवे को लेकर बयान दिया गया । गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से होकर निकाला जाएगा ।

# संक्षिप्त समाचार

## 01 वारण्टी गिरफ्तार



**मिलक।** थाना मिलक पुलिस,रामपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी थान सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम करीमगंज नानकार थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित बाद संख्या 726/24 धारा 125(3) सीआरपीसी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## 01 वारण्टी गिरफ्तार



**अजीमनगर।** थाना अजीमनगर, रामपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी शाहिद पुत्र अहमद हसन निवासी ग्राम खिजरपुर थाना जनपद अजीमनगर जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 536/15 मु0अ0स0 251/14 धारा 323/504/506 भादवि0 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## 06 महिलाओ को मिले गैस सिलेंडर



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित महिला मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अंतर्गत रामपुर पुलिस द्वारा महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियाँ निरंतर संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 10.10.2025 को पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक, महिला थाना रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र भोट अन्तर्गत ग्राम पीपलगांव में जन चौपाल का आयोजन किया गया ।

## सपाइयों ने मनाई स्व मुलायम सिंह की पुण्यतिथि

**शाहबाद।** नगर में शुक्रवार को सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर सपाइयों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुलायम सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरज्ञान सिंह के आवास पर सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए हतज्ञान सिंह ने कहा कि नेता जी सच्चे किसान हितेषी थी। साथ ही गरीब, अल्पसंख्यकों और दलितों की आवाज थे। उन्होंने हर तरीके से सबके हक की आवाज उठाई। इसी के साथ सपाइयों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर चेयरमैन पति वसीम खान, पूर्व विधायक विजय सिंह, वेद प्रकाश यादव, निधि गोपाल यादव, कुलदीप यादव, भोजराज सिंह, लोकेन्द्र, अतर सिंह, बादशाह सिंह, सल्लन खान आदि लोग मौजूद रहे।

## सम्मान एवं स्वालंबन अभियान का आयोजन



**रामपुर।** मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह 03 से 11 अक्टूबर 2025, के क्रम में महिला कल्याण विभाग जनपद में निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार हादी पब्लिक स्कूल रामपुर में महिला कल्याण विभाग द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन अभियान का आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती ईरा आर्या के निर्देशन में किया गया।

## परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने जनपद में 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाली आगामी राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2025 के दृष्टिगत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा व्यवस्था, तथा अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने इस दौरान केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्र पर पूर्ण अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की नकल, गड़बड़ी या अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए सतर्कता बरती जाए।

## पंपलेट वितरित किए



**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में दिनांक 10अक्टूबर 2025 को क्षेत्राधिकारी, स्वार द्वारा महिला सुरक्षा दल थाना स्वार के साथ राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रज़ानगर स्वार में छात्र-छात्राओं/शिक्षकों को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया । महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।

## भाजपा के सभासदों ने किया मंत्री का स्वागत



**रामपुर।** रामपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने रामपुर में विकास कार्य को आगे बढ़ाने की हरी झंडी दिखाई है रामपुर में जिस तरीके से विकास कार्य तेजी से बढ़ता जा रहा है उसी को लेकर नगर विकास मंत्री ने रामपुर की प्रशंसा की है रामपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश नगर विकास मंत्री ने ज्वाला नगर राम चौक का निरीक्षण किया जिस तरीके से और जिस खूबसूरती से रामपुर के राम चौक को श्री राम के नाम पर नाम दिया गया है और जिस खूबसूरती से चौक को बनाया गया है नगर विकास मंत्री ने उसकी खूब प्रशंसा की और नगर विधायक आकाश सक्सेना को बधाई दी रामपुर के विकास कार्य की गति और भी तेज करने के लिए नगर विकास मंत्री ने रामपुर को बड़ी सौगात भी दी है इसी को लेकर नगर विधायक आकाश सक्सेना और भाजपा सभासदो ने नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का रामपुर में जोरदार स्वागत किया।

## सपाइयों ने मनाई स्व मुलायम सिंह की पुण्यतिथि



**शाहबाद।** नगर में शुक्रवार को सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर सपाइयों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुलायम सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरज्ञान सिंह के आवास पर सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए हतज्ञान सिंह ने कहा कि नेता जी सच्चे किसान हितेषी थी। साथ ही गरीब, अल्पसंख्यकों और दलितों की आवाज थे। उन्होंने हर तरीके से सबके हक की आवाज उठाई। इसी के साथ सपाइयों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर चेयरमैन पति वसीम खान, पूर्व विधायक विजय सिंह, वेद प्रकाश यादव, निधि गोपाल यादव, कुलदीप यादव, भोजराज सिंह, लोकेन्द्र, अतर सिंह, बादशाह सिंह, सल्लन खान आदि लोग मौजूद रहे।

## जरूरी सूचना दो घंटे लाइट की रहेगी कटौती

**रामपुर।** सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है दिनांक 11/10/2025 दिन शनिवार को पनबडिया 132KV ट्रांसमिशन पर जंपर करने, टेस्टिंग करने, व मेंटेनेंस कार्य करने हेतु प्रातः 09ः00 बजे से 11ः00 बजे तक अजीतपुर उपकेंद्र की 33KV लाइन का शटडाउन रहेगा

P-09:28 paga09_jhn.qxd 10/10/2025 6:46 PM Page 1



# लोहिया वाहिनी ने नेता जी की पुण्यतिथि पर किए श्रद्धा सुमन अर्पित

● नेताजी ने हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों और युवाओं के हक की लड़ाई लड़ीः मनीष यादव



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी हरियाणा के अध्यक्ष मनीष यादव द्वारा जिले के गांव मोलाहेड़ा स्थित कार्यालय पर नेता जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने भाग लिया और पार्टी के संस्थापक तथा पूर्व रक्षा मंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। देश में दलित-पिछड़ों व अल्पसंख्यकों की राजनीति को नयी दिशा देने वाले देश के रक्षा मंत्री, प्रदेश के तीन बार के मुख्यमंत्री, सपा के संस्थापक, पद्म विभूषण, धरती पुत्र नेताजी मुलायम सिंह यादव ने अपने राजनैतिक कौशल से समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आकांक्षाओं को हौसला दिया और एक युग का प्रतिनिधित्व किया। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया। मनीष यादव ने कहा कि नेताजी ने हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों और युवाओं के हक की लड़ाई लड़ी। हमें उनके सपनों को पूरा करने के लिए समाजवादी विचारधारा को मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अगुवाई में आज पार्टी उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है और देश के कोने-कोने तक जनमानस की आवाज बन चुकी है। भारतीय राजनीति के दुर्जेय व महानतम राजनेता आदरणीय नेताजी को सजल नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने हेतु हम संकल्पित हैं।

# सडकें गड्ढा मुक्त करने का देना होगा प्रमाण पत्रः आयुष सिन्हा

● आयुक्त ने इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ की बैठक में दिए निर्देश

● सड़क व गलियों के निर्माण के कार्यों की समीक्षा की



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** मानेसर नगर निगम क्षेत्र में सड़कों को गड्ढा मुक्त करना ही काफी नहीं होगा, बल्कि इसके लिए अधिकारियों को प्रमाण पत्र देना होगा। तभी सडकों को गड्ढा मुक्त माना जाएगा। यह निर्देश निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने शुक्रवार को इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ बैठक में दिए। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि निगम की इंजीनियरिंग विंग निगम क्षेत्र की सडकों को एक सप्ताह के भीतर गढ्ढा मुक्त करके प्रमाण पत्र दें। वार्डों में नई बनने वाली सड़कों और गलियों के निर्माण की जरूरी प्रक्रिया पूरी करके जल्द काम शुरू करवाने के निर्देश दिए। आयुक्त आयुष सिन्हा ने अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि सड़कों को गड्ढा मुक्त करें और एक सप्ताह के भीतर काम पूरा करके प्रमाण पत्र आयुक्त कार्यालय में दें। आयुक्त ने निगम क्षेत्र के गांवों की मुख्य सड़क, फिरनी और आंतरिक सडकों के सुधार और निर्माण के आदेश देते हुए कहा कि आमजन को सुगम और गढ्ढा मुक्त रास्तें बनाकर देना ही निगम का मुख्य ध्येय है। मानसून सीजन खत्म हो गया है। अब निर्माण कार्यों में तेजी लाएं। स्पेशल रोड रिपेयरिंग के तहत सड़कों को ठीक किया जाए। इस दौरान उन्होंने म्हारी सडक ऐप का रिव्यू किया और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि ऐप पर मिलने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान करके नागरिकों को बताया जाए। तय समय के भीतर शिकायतों को संबंधित विभाग के पास भेजा जाए। सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। निगम क्षेत्र में कई जगहों से शिकायत मिली है कि अभी हाल ही में बनी सडकों में गढ्ढें या टाइलें धंस गई है। डिफेक्ट लाइबिलिटी के तहत एजेंसी से उन्हें दुरूस्त करवाया जाए। रोजाना होने वाले निर्माण और काम की रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। बैठक में उनके साथ एक्सईएन मंदीप धनखड़, निजेश, सुशील ठाकरान, एसडीओ अमन राठी, विकास शर्मा, संजोग शर्मा, अनिल मलिक मौजूद रहे।

# एंबियंस आइलैंड में टैक्स बकाया होने पर तीन प्रॉपर्टी की गई सील

● नगर निगम गुरुग्राम की ओर से की गई यह कार्रवाई



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम ने प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को एंबियंस आइलैंड क्षेत्र में स्थित तीन प्रॉपर्टीज को सील कर दिया। निगम के अनुसार, इन प्रॉपर्टीज पर 3 करोड़ रुपये से अधिक का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। नगरा निगम की ओर से बार-बार नोटिस और चेतावनी देने के बावजूद भी संबंधित प्रॉपर्टी मालिकों द्वारा टैक्स का भुगतान नहीं किया गया था। यह कार्रवाई जोन-3 के जोनल टैक्स ऑफिसर राजेश यादव की टीम द्वारा की गई। निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर कानूनी प्रक्रिया के तहत तीनों प्रॉपर्टीज को सील किया।निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा टैक्स डिफॉल्टरों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स नगर निगम की आय का प्रमुख स्रोत है, जिससे शहर में विकास कार्यों के लिए धन उपलब्ध होता है। अतः टैक्स अदायगी में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे समय पर अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करें ताकि उनके खिलाफ किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। निगम ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि सीलिंग के बाद भी टैक्स बकाया नहीं चुकाया गया, तो संबंधित प्रॉपर्टीज की नीलामी की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स वसूली को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई अब तक की बड़ी कार्रवाइयों में से एक मानी जा रही है।

# मानेसर की मेयर ने कासन गांव में किया पीएचसी का शिलान्यास

● एक साल के भीतर बनकर तैयार होगा यह भवन

● मानेसर नगर निगम की मेयर ने किया शिलान्यास



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** नगर निगम मानेसर की मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव ने शुक्रवार को गांव कासन में बनने वाले प्राइमरी हेल्थ सेंटर (पीएचसी) भवन का शिलान्यास किया। भवन के निर्माण पर नगर निगम 4 करोड़ 72 लाख रुपये खर्च करेगा। यह भवन एक साल में बनकर तैयार होगा।

इस अवसर पर मेयर डा. इंद्रजीत कौर यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि एक एकड़ में बनने वाला यह भवन दो मंजिला होगा। इसमें करीब 60 कमरें बनाए जाएंगें। पीएचसी के निर्माण के बाद लोगों को गांव में ही अच्छा ईलाज मिलेगा। मरीजों के लिए ओपीडी व ऑपरेशन थिएटर की सुविधा भी होगी। मेयर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में लोगों की सहूलियत को देखते हुए जरूरी कामों को प्राथमिकता से किया जा रहा है। निगम क्षेत्रवासियों को साफ पानी, अच्छी सडकें, पार्क, स्वच्छता जैसी सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है।

इस दौरान मेयर ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि गांव की जरूरत के मुताबिक सभी काम पूरे किए जाएंगें। उन्होंने कहा कि निगम की ओर से किए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता में कोई कमी मिलती है, तो इसके बारे में उन्हें सूचित किया जाए। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव का फूल मालाओं से स्वागत और धन्यवाद किया। इस दौरान उनके साथ पार्षद भूपेंद्र, निगम के एसडीओ अमन राठी, जेई पुनीत कुमार सहित गांव कासन के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## समाचार

# नगर निगम ने स्वच्छता महाअभियान में नागरिकों से जुड़ने की करी अपील

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ गुरुग्राम के निर्माण के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शनिवार को सेक्टर-4/7 चौक पर विशेष स्वच्छता (श्रमदान) महा अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान में गुरुग्राम की मेयर राजरानी मल्होत्रा, नगर निगम पार्षदगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, एनजीओ प्रतिनिधि, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के सदस्य और स्थानीय निवासी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नगर निगम द्वारा इस पहल का उद्देश्य शहरवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामूहिक प्रयासों से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाना है। अभियान के दौरान निगम अधिकारी नागरिकों से अपील करेंगे कि वे अपने आस-पास सफाई बनाए रखें और गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करके निगम की कचरा गाड़ियों में ही डालें।इसी के साथ जोन-4 क्षेत्र की टीम द्वारा गुरुग्राम बस स्टैंड के आसपास के इलाकों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों से कचरा हटाने, दीवारों की सफाई और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मेयर राजरानी मल्होत्रा ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस स्वच्छता महाअभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शहर को स्वच्छता की दिशा में अग्रणी बनाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ गुरुग्राम हमारा सामूहिक संकल्प है, और इसकी सफलता हर नागरिक की भागीदारी से ही संभव है। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे अभियान निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि स्वच्छता के प्रति नागरिकों में स्थायी आदत विकसित हो और गुरुग्राम स्वच्छ शहर की श्रेणी में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए।

# राष्ट्रीय मीडिया संवाद का समापन, सत्य और पारदर्शिता को पत्रकारिता का मूल मंत्र बताया गया




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** यूनिवर्सिटी में आयोजित 43ँ राष्ट्रीय मीडिया संवाद-2025 कार्यक्रम आज उत्साह, ऊर्जा और वैचारिक समृद्धि के साथ सम्पन्न हुआ। यह दो दिवसीय शैक्षणिक आयोजन (9-10 अक्टूबर) अकके युग में गलत सूचना और दुष्प्रचार की चुनौतियां विषय पर पर केन्द्रित रहा, जिसमें देशभर से आए वरिष्ठ पत्रकारों, मीडिया शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में तेजी से फैल रही फेक न्यूज, दुष्प्रचार और उसके समाज, लोकतंत्र तथा पत्रकारिता पर पड़ने वाले प्रभावों पर गंभीर चर्चा करना रहा। इस मौके पर उपस्थित माननीय अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । समापन सत्र को यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक, दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य, वरिष्ठ पत्रकार शालिनी कपूर, धर्मेंद्र सिंह, कुलसचिव डॉ. संजय अरोड़ा, प्रसार भारती के पूर्व सीईओ, शशि शेखर, ने संबोधित किया ।यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक ने कहा कि अकके दौर में मीडिया की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। तकनीकी उपकरणों के साथ-साथ नैतिकता, तथ्य-जांच और पारदर्शिता को प्राथमिकता देना समय की मांग है। उन्होंने आगे कहा कि युवा पीढ़ी को डिजिटल साक्षरता और क्रिटिकल थिंकिंग की शिक्षा देकर ही गलत सूचना और दुष्प्रचार की चुनौती का समाधान किया जा सकता है। दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और ऐसे संवाद कार्यक्रम छात्रों को विचारशील एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने गुरुग्राम यूनिवर्सिटी द्वारा उठाए गए इस शैक्षणिक पहल की सराहना की, उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने जीवन के अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए ।वही दूसरी और वरिष्ठ पत्रकार शालिनी कपूर, धर्मेंद्र सिंह ने फेक न्यूज, एआई युग में दुष्प्रचार, पत्रकारिता की नैतिकता, और जनहित में मीडिया की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे।

# करवाचौथ पर्व पर सुहागिनों ने की पति की दीघार्यु की कामना

● कहीं घरों में, कहीं पार्कों में सुनी गई कहानियां



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** करवाचौथ का पर्व शुक्रवार को पूरी आस्था व उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिनों ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत रखा। महिलाएं दुल्हन की तरह सजी नजर आईं। करवाचौथ व्रत के दौरान भगवान शिव-पार्वती, कार्तिकेय, गणेश का पूजन किया गया। महिला अंजु, रमेश कुमारी, रीटा मीना, शिवानी, डा. स्वाति, रिया, हरी ओम, मंजू बहल संतोष, क्यूटी, ज्योति सुनीता, प्रिया शर्मा, वंदना आदि महिलाओं ने करवाचौथ की एक-दूसरे को बधाई भी दी। आधुनिकता के इस दौर और बदलते परिवेश में करवाचौथ का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। अब युवतियां भी सुयोग्य वर प्राप्ति के लिए करवाचौथ का व्रत रखती हैं। बड़ी संख्या में युवतियों ने भी करवाचौथ का व्रत रखकर मनवांछित वर मिलने की कामना की। परिवार की वृद्ध महिलाओं ने विवाहित महिलाओं को करवाचौथ की कथा सुनाई और उन्हें सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद भी दिया। चंद्रमा को अर्ध्य देकर सुहागिनों ने अपना व्रत खोलकर बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। करवाचौथ का पर्व सदियों से मनाया जाता आ रहा है। सनातन धर्म में नारी को शक्ति का रुप माना जाता है।

# 5वें दिन कथाव्यास से सुनाए भगवान श्रीकृष्ण बाल लीला व गोवर्धन पूजा के प्रसंग

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था अखंड संकीर्तन मंच द्वारा सैक्टर ९ए स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर परिसर में आयोजित की जा रही श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ के 5वें दिन काशी की कथाव्यास आराधना देवी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला व गोवर्धन पूजा के प्रसंगों का संगीतमय शैली में वर्णन किया। उन्होंने कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसे न तो कर्तव्य का अभिमान है और न ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की। जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। भगवान कृष्ण के जन्म लेने पर कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजा था। जहां राक्षसी पूतना भेष बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, लेकिन भगवान उसका वध कर देते हैं। इसी प्रकार कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं, लेकिन भगवान कृष्ण उनको इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं। गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं। यह बात सुनकर भगवान इंद्र नाराज हो जाते हैं। गोकुल को बहाने के लिए भारी वर्षा करते हैं जिसे देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देखकर भगवान कृष्ण कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छिपा लेते हैं। भगवान द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों को बचाने से इंद्र का घमंड चकनाचूर हो गया। मथुरा को कंस के आतंक से बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया।

# डेनमार्क एंबेसी के प्रतिनिधिमंडल की गुरुग्राम में जल निकासी व इंफ्रास्ट्रक्चर पर हुई चर्चा



● नगर निगम गुरुग्राम में पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** डेनमार्क एंबेसी के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम कार्यालय का दौरा किया और शहर के जल प्रबंधन तथा इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारों पर अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त यश जालुका ने प्रतिनिधिमंडल को गुरुग्राम की टोपोग्राफी और बरसाती पानी के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।उन्होंने बताया कि शहर का जल निकासी ढांचा अरावली क्षेत्र से नजफगढ़ ड्रेन की ओर जाता है। अरावली क्षेत्र में चेक डेम और क्रिक्स का निर्माण किया गया है, जिससे बारिश के पानी को नियंत्रित किया जा सके। जलनिकासी के लिए गुरुग्राम में तीन मास्टर ड्रेन बनाए गए हैं, जबकि चौथा ड्रेन निमार्णाधीन है और अगले 3-4 महीनों में पूरा होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, शहर की ग्रीन बेल्ट को सडक के स्तर से नीचे लाने की योजना पर काम चल रहा है। शहर के तालाबों को पुनर्जीवित करने की भी योजना बनाई जा रही है, ताकि बरसाती पानी को तालाबों में स्टोर किया जा सके और जलभराव की समस्या कम हो।नगर निगम ने भविष्य की योजनाओं में फ्लड डिटेक्शन सेंसर और अधिक जलभराव वाले क्षेत्रों में ऑटोमैटिक पंप लगाने की रूपरेखा साझा की। साथ ही, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बड़े बिल्डिंग और सोसायटी में लागू करने पर जोर दिया गया। बैठक में सिवरेज ट्रीटमेंट और पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई, जिसमें शहर की पानी की गुणवत्ता और प्रबंधन को और बेहतर बनाने के उपायों पर विचार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ये सभी प्रयास आगामी बरसात से पहले पूरे किए जाएंगे, ताकि गुरुग्राम में जलभराव की समस्या से निपटा जा सके और शहर की जल निकासी प्रणाली अधिक प्रभावी बने। एंबेसी प्रतिनिधियों ने आने वाले दिनों में एक वर्कशॉप आयोजित करने की बात कही। बैठक में जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता विक्रम सिंह तथा निगम के कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार भी उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारीज के राजयोगी बृजमोहन भाई को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों का लगा रहा तांता



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज के महासचिव राजयोगी बृजमोहन भाई को श्रद्धासुमन अर्पित करने का सिलसिला संस्था के बिलासपुर क्षेत्र स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में शुक्रवार को भी पूरे दिन जारी रहा। आस-पास के क्षेत्र के साधु-संत व संस्था से जुड़े भाई-बहनों व गणमान्य व्यक्तियों ने ओआरसी पहुंचकर पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद पार्थिव देह की ओआरसी परिसर की परिक्रमा कराई गई। इस परिसर से दिवंगत आत्मा का बड़ा घनिष्ठ संबंध रहा है। ओआरसी के भाई-बहनों ने नम आंखों से दिवंगत आत्मा को अंतिम विदाई दी। संस्था के प्रवक्ता का कहना है कि विशेष एबूलैंस से उनकी पार्थिव देह संस्था के प्रधान कार्यालय राजस्थान के माउंट आबू के लिए रवाना कर दी गई है। उनके साथ ओआरसी के भाई-बहन व प्रशासनिक अधिकारी तथा कर्मचारी भी गए हैं। माउंट आबू क्षेत्र स्थित मोक्ष धाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौरतलब है कि राजयोगी बृजमोहन भाई का जन्म 7 जनवरी 1934 को पंजाब के अमृतसर में हुआ था। वह वर्ष 1955 में संस्था के संपर्क में आ गए थे और फर्टिलाइजर.कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया में 17 वर्ष तक सेवाएं देने के बाद वर्ष 1973 में वित्त प्रबंधक के पद से इस्तीफा देकर संस्था में पूर्ण रूप से जुड़ गए थे। उन्होंने विदेशों के कई सम्मेलनों में संस्था का प्रतिनिधित्व किया था। वह वर्तमान में संस्थान के मुख्य प्रवक्ता व राजनीतिज्ञ सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी थे।

# चौथा विशाल रक्तदान शिविर व निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** महात्मा हजारीलाल मेमोरियल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज शर्मा ने बताया कि इस रक्तदान शिविर व निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच में मोरल हॉस्पिटल के अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा निःशुल्क



में नाक, कान, गला, बीपी, शुगर, लीवर, किडनी और दांतों की जाँच व अन्य जाँच की गई। साथ ही इस रक्तदान शिविर में पचास यूनिट खून एकत्रित हुआ। और 250 के आसपास क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य जाँच शिविर में स्वास्थ्य जाँच करवा कर के की सेवा का फायदा उठाया*इस रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जाँच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में घोंडा विधानसभा के विधायक श्री अजय महावार जी और विशिष्ठ अतिथि के रूप घोंडा वार्ड की निगम पार्षद प्रीति गुप्ता इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।इस निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर व रक्तदान शिविर में महात्मा हजारीलाल मेमोरियल ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिव प्रकाश दीक्षित, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सीए उमेश त्यागी और सह कोषाध्यक्ष हेमचन्द जैन भी शामिल हुए और सहयोग कर्ता के रूप में भारत सेवा चेरिटेबल ब्लड सेंटर का सहयोग रहा और राजपूत चौपाल धर्मशाला व राजपूत मोहल्ला का सहयोग रहा।

# सिकंदरपुर घोसी की सरपंचा की पुत्रवधू ने फांसी लगाकर दी जान

**-परिवार ने कहा बीमारी से हुई है मौत, पति का पहले हो चुका है निधन**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** यहां सिकंदरपुर घोसी गांव में पूर्व सरपंच की पुत्रवधू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ससुरालियों ने इसे बीमारी से मौत होने की बात कही गई। महिला के पति का पहले निधन हो चुका है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस मौत के कारणों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर घोसी गांव में पूर्व सरपंच राममेहर यादव की पुत्रवधू रीतू यादव ने फांसी लगाकर सुसाइड किया है। उसके पति नरेंद्र सिंह का करीब दो साल पहले निधन हुआ था। रीतू यादव का ससुर केंद्र सरकार में स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत है। ससुरालियों ने बीमारी से निधन होने की बात कही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में फांसी से महिला की मौत होने का पता चला है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम में मौत के कारणों का खुलासा होगा।

# फरीदाबाद में दिवाली पर बाजारों में गश्त करेगी क्राइम ब्रांच



- पुलिस कमिश्नर सतेन्द्र गुप्ता ने ली बैठक, भीड़ वाली जगहों पर नजर
- पुलिस ने दीवाली पर ट्रैफिक को लेकर प्लान किया तैयार जाम वाली जगहों पर स्थिति को संभालना है उसको लेकर भी निर्देश दिए

फरीदाबाद। पुलिस कमिश्नर सतेन्द्र गुप्ता ने दीवाली पर बाजारों में सुरक्षा को लेकर सभी बाजारों में पुलिस की गश्त बढ़ाने और भीड़ के इलाकों में पुलिस कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने को लेकर निर्देश दिए। कमिश्नर सतेन्द्र गुप्ता ने शुक्रवार को बैठक के दौरान कहा कि दीवाली पर बाजारों में भीड़ बढ जाती है और ट्रैफिक भी नियंत्रण से बाहर हो जाता है। ऐसे में चोरी व छीना-झपटी की वारदातों की संभावना इन्कार नहीं किया जा सकता है। जिसके चलते आम आदमी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर पुलिस पहले से ही अपनी तैयारी पूरे करें, तो इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भीड़ और बाजारों वाले इलाकों में पुलिस के जवानों की संख्या को बढ़ाया जाए और क्राइम ब्रांच की टीमें भी बाजारों का निरीक्षण करें। पुलिस ने दीवाली पर ट्रैफिक को लेकर प्लान तैयार किया है। जिसमें पुलिस सभी बाजारों से अतिक्रमण को हटवा रही है। बाजारों में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। नगर निगम फरीदाबाद की टीम की सहायता से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करने के आदेश जारी किए गए है। बाजारों में सवारियों को छोडने के लिए ऑटो और टैक्सियों के अलग स्थान चयन करने के आदेश दिए गए है। शहर की ऑटो यूनियन प्रधानों के साथ बैठक की जाए और तमाम ऑटो ड्राइवरों को समझाया जाए कि दीवाली के इस समय पर क्या करना है और क्या नही करना है। इसके अलावा किस तरह से जाम वाली जगहों पर स्थिति को संभालना है उसको लेकर भी निर्देश दिए गए है।

## संक्षिप्त समाचार

### तावडू क्षेत्र में ठंड ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू किया

तावडू। शहर व क्षेत्र में अक्टूबर माह के मध्य में ठंड ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। गुलाबी ठंड पडनी शुरू हो गई है। हालांकि दिन में अभी भी धूप में तपिश बनी हुई है, लेकिन रात्रि में ठंड का एहसास होना शुरू हो गया है। रात्रि में तापमान और भी गिरेगा ऐसा मौसम के जानकारों का कहना है। वहीं हल्की हवा भी दिन में पिछले कई दिनों से चल रही है। जिसके कारण प्रात व सायं और रात्रि में गत सप्ताह की अपेक्षा इस सप्ताह अधिक ठंड महसूस की जा जाने लगी है। जानकारों का कहना है कि यदि इसी प्रकार ठंड बढ़ती गई तो नवम्बर के पहले सप्ताह में ही गर्म कपड़ों की जरुरत लोगों को महसूस होने लगेगी। जानकारों का यह भी कहना है कि आने वाले दिनों में भी मौसम इसी प्रकार का बना रहेगा। इस दौरान उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से वातावरण में उपस्थित नमी में कमी आने की संभावना भी है।

### बस स्टैंड नहीं आ रहा क्षेत्रवासियों के काम, क्षेत्रवासियों ने स्थान बदलवाने की लगाई गुहार

तावडू। शहर के बाईपास पर 11 वर्ष पहले हरियाणा परिवहन विभाग ने बस स्टैंड बनाया था। लेकिन इस बस स्टैंड का फायदा जनता को नहीं मिला। क्योंकि बस स्टैंड विभाग द्वारा सही स्थान पर न बनाए जाने के कारण, इस बस स्टैंड पर न तो सवारियां जाती हैं और न ही बसें जाती हैं। जिस कारण लोगों में परिवहन विभाग के प्रति रोष पनप रहा है। लोगों का कहना है कि वह शासन-प्रशासन से इस बस स्टैंड को शहर के आस पास बनवाने के लिए कई बार गुहार लगा चुके हैं। बस स्टैंड बनने से पूर्व स्थान सही न होने की बात जनता करती आई है। उल्लेखनीय है कि इस बस स्टैंड पर कोई भी बस बनकर नहीं चलती। नूंह व अन्य डीपो से आने वाली बसें भी बस स्टैंड पर न आकर बाहर से ही निकल जाती हैं। लोगों का आरोप है कि अधिकतर बसें बाईपास होकर ही निकल जाती हैं। लोगों की माने तो सोहना, नूंह, बिलासपुर व भिवाडी की तरफ जाने के लिए प्राईवेट वाहन से उनका किराया मात्र 20 रूपए ही लगता है और बस स्टैंड पर जाने के लिए भी 20 रूपए सवारी किराया लगता है। लेकिन उसके बावजूद यह सुनिश्चित नहीं है कि बस स्टैंड से बस मिल जाएगी। लोगों का कहना है कि बस स्टैंड का स्थान सही न होने के कारण उन्हें परिवहन विभाग की तरफ से सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इस समस्या को लेकर अब क्षेत्रवासी शासन प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है।

### विधायक आफताब अहमद ने नूंह में पंचायती राज से जुड़े अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों की ली बैठक

नूंह। उनके साथ पंचायत राज के एक्सईएन व अन्य अधिकारी बैठक में मौजूद थे। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि सरपंच व अधिकारी विकास कार्यों की सूची बनाएं तथा उनके एस्टीमेट तैयार करें। ताकि सरकार से विकास कार्यों के लिए अनुदान लिया जा सके। आफताब अहमद ने कहा कि पिछले कार्यों को पूरा करें तथा काम में पारदर्शिता बरती जाए। कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार की जाए तथा इसे आनलाइन किया जाए। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि नूंह क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों के लिए विधानसभा से लेकर आला अधिकारियों व जिला स्तर के अधिकारियों के समक्ष मांग उठा रहे हैं। आज कार्यों की समीक्षा के लिए पंचायत विभाग के अधिकारियों संग बैठक हुई है। अधिकारियों ने विधायक आफताब अहमद को आश्वासन दिया कि कामों में तेजी लाई जाएगी और पारदर्शिता भी। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश है कि आमजन को दिक्कत नहीं पेश आए। विधायक आफताब अहमद ने गांवों में बनने वाली चौपालों, उनकी मरम्मत , रास्तों की मरम्मत, जोहड़ों के कार्य, अंबेडकर भवन, कब्रिस्तान श्मशान के कार्यों, सामुदायिक भवनों के निर्माण आदि के बारे में जानकारी ली और विधायक निधि से संबंधित कामकाजों का भी अवलोकन किया। विधायक ने इन सभी मामलों को प्राथमिकता पर लेकर कार्य करने के लिए कहा है।

# प्रत्येक विभाग अपने पोर्टल मामलों की प्रगति की नियमित करें समीक्षा : विक्रम सिंह

## डीसी बोले, रीओपन शिकायत पर हो गंभीर, पूरी जिम्मेदारी से काम करें अधिकारी




फरीदाबाद। हरियाणा सरकार मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग आयुक्त एवं सचिव विजय सिंह दहिया द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी पोर्टल और जनसंवाद पोर्टल पर लंबित शिकायतों की स्थिति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जिला उपायुक्त अपने-अपने जिलों में समाधान शिविरों, सीएम विंडो, जन-संवाद तथा एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी व संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी पोर्टल और जनसंवाद पोर्टल की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और समस्याओं का निपटान प्रभावी, स्थायी और पारदर्शी ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि शिकायतों की एंट्री सटीक, स्पष्ट और वास्तविक स्थिति के अनुरूप दर्ज की जाए, ताकि मुख्यालय स्तर पर वही शिकायतें पुनः खुलने की स्थिति न बने। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर अधिकारी अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर पंजीकृत शिकायतों की पूरी जानकारी रखे तथा उनके समाधान की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा भी करते रहे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी पोर्टल और जनसंवाद पोर्टल के माध्यम से दर्ज शिकायतों की निगरानी कर रहे हैं और मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला स्तर तक मामलों की समीक्षा की जा रही है, ऐसे में समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी पोर्टल और जनसंवाद पोर्टल में आने वाली समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका समयबद्ध तरीके से समाधान करें। शिकायतों के निपटारे में केवल प्रशासनिक या कानूनी पहलुओं पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसमें मानवीय दृष्टिकोण और व्यावहारिक संवेदनशीलता को भी समान रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि समस्याओं का समाधान इस प्रकार किया जाए, जिससे नागरिकों को वास्तविक राहत और संतोष प्राप्त हो सके। बैठक में एडीसी सतबीर मान, सीईओ जिला परिषद शिक्षा, एसडीएम बडखल त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, डीसीपी ऊषा सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एस आरएस ग्रुप के मालिक ने हड़पे 3.45 करोड़, केस दर्ज



फरीदाबाद। चीनी और घी की ट्रेडिंग कंपनी चलाने वाले एक बिजनेसमैन से एसआरएस ग्रुप के मालिक अनिल जिंदल ने 3.45 करोड़ रूपए हड़प लिए। पुलिस कमिश्नर को शिकायत देने के बाद अब पुलिस थाना सेक्टर 31 में धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बल्लभगढ़ के सेक्टर 2 की एम्बियंस सोसाइटी के रहने वाले मोहित गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया वह ट्रेडिंग कंपनी चलाते है जहां पर वह चीनी व घी को थोक रेट पर बेचने का काम करते हैं। वर्ष 2014 में उनकी मुलाकात एसआरएस ग्रुप के मालिक अनिल जिंदल से हुई। जिन्होंने बताया कि उनकी कपंनी पैसे निवेश कराती और मुनाफे के साथ अच्छा ब्याज भी देती है। पैसों का अधिक ब्याज और प्रॉपर्टी रिटर्न के लालच में आकर मैंने 5.5 करोड़ रूपए उनकी बताई कपंनी में लगा दिए। यह कंपनी एसआरएस की सहयोगी कंपनी है । इसके संचालक सोनू गोयल व सागर हैं। कुछ समय तक मुझे मेरे पैसों का सही रिटर्न मिलता रहा। मोहित ने बताया कि साल 2015 में उसने अपने कुल पैसे में से 1.60 करोड़ रूपए वापस ले लिए। जिसके बाद उसके बाकी बचे पैसों 3.45 करोड़ का ब्याज मिलना बंद कर दिया। जब उसने अपने पैसे की मांग की तो उसे झूठा आश्वासन दिया गया कि उसको 16 फ्लेट व फार्म हाउस दे देंगे, लेकिन उसको आज तक कुछ नहीं मिला। जिसके बाद मुझे पता चला कि अनिल जिंदल ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले भी कई लोगों को पैसों को निवेश कराकर हड़प रखा है। जिसके चलते उन पर मामले दर्ज हुए और उनको जेल भेज दिया गया। मोहित ने बताया कि साल 2024 और 25 में अनिल जिंदल की सभी केसों में जमानत हो गई। जिसके बाद जब वह अनिल जिंदल से मिलने के लिए उनके ऑफिस गया तो बाउंसरों ने उसको मिलने नहीं दिया गया और उसको जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद में जुलाई 2025 में एक शिकायत आर्थिक अपराध शाखा सेंट्रल जोन फरीदाबाद को दी गई। पुलिस जांच के बाद अब पुलिस स्टेशन सेक्टर 31 में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि पुलिस सभी रिकार्ड लेकर जांच कर रही है। जल्द ही मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# तावडू में श्रद्धा व हर्षोल्लास से करवाचौथ पर्व मनाया गया



तावडू। शहर व क्षेत्र में कार्तिक मास के चतुर्थी तिथि एवं चंद्रोदय तिथि पर शुक्रवार को श्रद्धा व हर्षोल्लास से करवाचौथ पर्व मनाया गया। सुहागिनों ने अपने पति की मंगल आयु एवं अखंड सुहाग की प्राप्ति के लिए व्रत रखा। करवाचौथ पति-पत्नी के अखण्ड प्रेम और त्याग की चेतना का प्रतीक है। सुहागिनों ने चंद्रमा के साथ-साथ शिव पार्वती व गणेश तथा कार्तिकेय की पूजा मनोकामना पूर्ति हेतु की।

नारी प्रगति मंच शहर संयोजिका सीमा रानी, मोना हसीजा, अंजु शर्मा, नेहा रानी, ममता रानी, ज्योति रानी, सीमा रानी, रेणू, कविता, राजकुमारी आदि सुहागिनों ने बताया कि भारतीय महिलाओं की आस्था, परंपरा, धार्मिकता अपने पति के लिए प्यार, सम्मान, समर्पण करवाचौथ के व्रत में सब कुछ निहित है। करवाचौथ अब केवल लोकपरंपरा ही नहीं, पौराणिकता के साथ-साथ इसमें आधुनिकता का प्रवेश हो चुका है और यह त्यौहार भावनाओं पर केन्द्रित हो गया है। पूजा-परंपराः आज की पीढी कितनी ही मार्डन क्यों न हो गई हो, लेकिन वह आज भी अपने पूर्वजों के दिखाए मार्ग पर चलकर उनके विश्वास व आस्था को स्थापित किए हुए है। सुहागिन स्त्रियां सूर्योदय से पहले स्नान करके व्रत रखने का संकल्प लिया व सास द्वारा दी गई सरगी का सेवन किया और करवाचौथ का निर्जल व्रत शुरू किया। सांय काल चौथ की कथा श्रवण व वाचन के बाद रात्रि में चंद्रमा के उदय होने के इंतजार में रही। शनिवार रात को चंद्रमा के दर्शन कर अर्क देकर करवाचौथ का व्रत खोला जाएगा।

मंदिरों के साथ-साथ ब्यूटी पार्लरों पर भीडः शहर व क्षेत्र के मंदिरों के साथ-साथ सभी ब्यूटी पार्लर महिलाओं से भरे हुए दिखाई दिए। महिलाओं ने जहां मंदिरों में पूजा अर्चना की वहीं ब्यूटी पार्लरों में श्रृंगार कराया। बाजारों में भी भीडः नगर की दुकानों पर मीठे करवे वालों के पास व मेहंदी लगाने वालों सहित गिफट आईटम व मिष्ठान भंडारों पर खरीददारी करने वालों की भीड लगी देखी गई।

# तावडू के गांव बिस्सर अकबरपुर विद्यालय में जल संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



- इस अवसर पर बिस्सर अकबरपुर की छात्राओं ने जल संरक्षण व इसके बेहतर प्रबंधन को लेकर लघु नाटक प्रस्तुत किया जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि हम आज जल का सही इस्तेमाल नहीं करेंगे तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगेछात्राओं द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक की एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने नगद इनाम देकर छात्राओं को सम्मानित भी किया

तावडू। उपमंडल के गांव बिस्सर अकबरपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में जल संरक्षण व जल प्रबंधन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गांव राठीवास, हसनपुर, मोहम्मदपुर अहीर, बिस्सर अकबरपुर, कलवाड़ी, गुरनावट, सुन्ध व जौरासी सहित विभिन्न विद्यालयों की जूनियर व सीनियर विंग से 25० विद्यार्थियों ने भाग लिया। विकास एवं पंचायत विभाग के तत्वावधान में ग्राम पंचायत बिस्सर अकबरपुर ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के सहयोग से इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया। जिसमें एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। पंचायती राज एसडीओ संगीता नोहथा ने भी इस प्रतियोगिता के दौरान अपनी सहभागिता दर्शाई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बिस्सर अकबरपुर के सरपंच राजबीर शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने जल संरक्षण पर अपने चित्रों की कलाओं से सबको भाव विभोर कर दिया।

इस प्रतियोगिता में सीनियर विंग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हसनपुर के बारहवीं कक्षा के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरा स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राठीवास की नौवीं की छात्रा ने प्राप्त किया और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मौहम्मदपुर अहीर की छात्रा संजना रहीं। जूनियर विंग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलवाड़ी की आठवीं की छात्रा यसमीत ने प्रथम स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलवाड़ी की छात्राओं ने दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में बेहतर चित्रकला करने वाले विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने कहा कि जल का संरक्षण एवं प्रबंधन हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। किसी एक इन्सान के कहने या करने से पानी का संरक्षण नहीं किया जा सकता है। यदि आने वाली पीढियों को खुशहाल करना है तो हमें आज से ही जल प्रबंधन के बारे में गंभीरता से सोचना होगा। इस अवसर पर बिस्सर अकबरपुर की छात्राओं ने जल संरक्षण व इसके बेहतर प्रबंधन को लेकर लघु नाटक प्रस्तुत किया जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि हम आज जल का सही इस्तेमाल नहीं करेंगे तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक की एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने नगद इनाम देकर छात्राओं को सम्मानित भी किया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार नरेंद्र भारद्वाज ने कहा की हमें वर्षा के पानी का भी संचयन करके जल संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। इसके अलावा और भी छोटी.छोटी पानी की बचत भी जल भंडारण में बड़ी सहयोगी साबित हो सकती हैं। जल बचाने के लिए हमें अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करते रहना चाहिए।

# फरीदाबाद में हैफेड कर्मचारियों ने की हड़ताल, किसानों पर पड़ रहा असर



फरीदाबाद। फरीदाबाद जिले में हैफेड कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सात अक्टूबर से हड़ताल शुरू कर दी है। इस हड़ताल का असर अब सीधे किसानों पर पड़ रहा है, क्योंकि हैफेड केंद्रों से खाद और बीज की आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई है। हैफेड में कार्यरत असिस्टेंट मैनेजर सतवीर सिंह ने बताया कि सभी कर्मचारी अपनी पांच प्रमुख मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार ने बार-बार आश्वासन दिया, लेकिन अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया। इसी कारण मजबूर होकर उन्होंने काम बंद कर दिया है। सतवीर सिंह ने बताया कि राज्य की सहकारी समितियां किसानों के लिए खाद, बीज और कीटनाशक दवाइयां खरीदने और उपलब्ध कराने का काम करती हैं। इसके बदले उन्हें हैफेड प्रशासन की ओर से कमीशन दिया जाता है। पिछले 10 से 12 सालों से यह कमीशन 0.25 प्रतिशत (लगभग 5 प्रति क्विंटल) तय है। वहीं गेहूं की खरीद पर समितियों को केवल 1.33 प्रति क्विंटल कमीशन दिया जाता है, जिससे उनके खर्च पूरे नहीं हो पाते। कर्मचारियों की मांग थी कि गेहूं और धान की खरीद पर कमीशन बढ़ाया जाए, लेकिन इसके बजाय पिछले महीने हुई बैठक में हैफेड प्रशासन ने धान पर मिलने वाला 5.80 का कमीशन घटाकर 1.33 कर दिया। इस फैसले से समितियों को लगभग 77 प्रतिशत नुकसान झेलना पड़ रहा है। सतवीर सिंह ने बताया कि पूरे हरियाणा में 69 सहकारी समितियां हड़ताल पर हैं और अपने-अपने जिला कार्यालयों पर धरना दे रही हैं। फरीदाबाद और बल्लभगढ़ में भी कर्मचारी धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार से कोई ठोस समाधान नहीं निकलता, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी।

# साइबर पुलिस की कार्रवाई में चार साइबर ठग गिरफ्तार

अनिल मोहनियां नूंह। नूंह जिले की साइबर क्राइम पुलिस ने एक बार फिर साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चार अलग-अलग मामलों में चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर आम लोगों को ठगने का काम कर रहे थे। इन अपराधियों के पास से फर्जी मोबाइल सिम कार्ड, फोन और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार ये ठग विभिन्न तरीकों से फर्जी विज्ञापन देकर लोगों से धोखाधड़ी कर रहे थे और उनके खिलाफ राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर देश के विभिन्न राज्यों से शिकायतें दर्ज थीं। साइबर टीम ने इनके मोबाइल नंबरों की लोकेशन ट्रैक करके जिले के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर इन्हें दबोचा। नूंह पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में साइबर क्राइम टीम ने 9 अक्टूबर को ताहिर हुसैन पुत्र साहबखान निवासी गांव सिंगार थाना बिछोर जिला नूंह को गिरफ्तार किया। ताहिर सोशल मीडिया पर साड़ी कलेक्शन नाम से फर्जी विज्ञापन डालकर लोगों से ठगी करता था। उसके पास से दो फोन बरामद हुए, जिनमें फर्जी जियो सिम थी, जो बिहार के ज्योति कुमार के नाम पर रजिस्टर्ड थी। फोन में साड़ी बेचने से जुड़ी चैट, वीडियो, फोटो और क्यूआर कोड मिले। दूसरे फोन में इंस्टाग्राम आईडी से माइसोर सिल्क साड़ी के फर्जी विज्ञापन चलाए जा रहे थे। इस मामले में मुकदमा संख्या 232 दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में टीम ने मुर्सलीम पुत्र समीन निवासी झारपुड़ी थाना पिनंगवा जिला नूंह को अकबरपुर रोड पर से पकड़ा। मुर्सलीम मोबाइल के जरिए बाइक बेचने के नाम पर साइबर फ्रॉड कर रहा था। उसके पास से फोन बरामद हुआ, जिसमें फर्जी सिम लगी थी, जो अब्दुल करीम के नाम पर रजिस्टर्ड थी। फोन में बिजनेस व्हाट्सएप प्रोफाइल ह्यवेलकमह्न से बाइक बेचने की संदिग्ध चैट मिलीं। पोर्टल पर इस नंबर के खिलाफ मध्य प्रदेश से शिकायत दर्ज थी, जिसमें 14,800 रुपये की ठगी हुई थी। फेसबुक पर यामाहा रतन सिंह नाम से फर्जी अकाउंट चल रहा था। उन्होंने बताया कि तीसरे मामले में मोहिन पुत्र दीनू उर्फ दीन मोहम्मद निवासी गांव गंडूरी थाना नगीना जिला नूंह को दिल्ली-अलवर रोड पर गिरफ्तार किया। मोहिन लकी ड्रॉ के नाम पर ठगी कर रहा था। उसके पास से दो फोन बरामद हुए एक में फर्जी सिम लगी थी जो राजस्थान के राजकुमार के नाम पर थी। व्हाट्सएप पर शिवकुमार लकी ड्रॉ प्रोफाइल से संदिग्ध चैट और कॉलिंग मिलीं। फेसबुक पर ह्यश्री सांवरिया सेठ लकी ड्रॉ उपहार योजनाह्न नाम से फर्जी पोस्ट चल रही थीं। पोर्टल पर बिहार से शिकायत दर्ज थी, जिसमें 2100 रुपये की ठगी हुई।

गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई गई और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे छात्रों की मानसिकता पर बुरा असर पड़ेगा।

# कॉलेज में अश्लील डांस पर भडके पेरेंट्स, प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

- उनका कहना है कि उनकी बेटियां और बहनें इस कॉलेज में पढ़ती हैं और उन्हें अश्लील और अनुचित कार्यक्रमों से दूर रखना चाहिए



फरीदाबाद। बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज में हाल ही में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अश्लील डांस की घटना से अभिभावकों में नाराजगी है।

लोगों का कहना है कि कॉलेज जैसे शिक्षा के स्थान पर इस तरह के कार्यक्रम होना बिल्कुल गलत है। उनका मानना है कि इस तरह की प्रस्तुतियां बच्चों और युवाओं पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं। अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि उनकी बेटियां और बहनें इस कॉलेज में पढ़ती हैं और उन्हें अश्लील और अनुचित कार्यक्रमों से दूर रखना चाहिए। लोगों ने यह भी कहा कि अगर कॉलेज में इस तरह की गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई गई और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे छात्रों की मानसिकता पर बुरा असर पड़ेगा। इस मामले के विरोध में स्थानीय लोग शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से चेतावनी दी कि यदि सात दिन के भीतर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। स्थानीय अजय भाटी और सामाजिक संगठन से संदीप चौधरी का कहना है कि जहां सरकार भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने की बात करती है, वहीं कॉलेज में विदेशी संस्कृति के नाम पर इस तरह के अश्लील कार्यक्रम कराए जा रहे हैं, जो बिल्कुल गलत है।

उन्होंने प्रशासन और शिक्षा विभाग से जल्द सुधारात्मक कदम उठाने और कॉलेज में इस तरह के कार्यक्रमों पर रोक लगाने की मांग की। अभिभावक और सामाजिक संगठन इस घटना को गंभीर मानते हुए चाहते हैं कि कॉलेज प्रबंधन अपने कार्यक्रमों में जिम्मेदारी से काम करे और छात्रों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करे।

## उप जिलाधिकारी ने किया धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण, सभी तैयारियां पूर्ण

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने मंडी समिति परिसर स्थित धान खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर की गई तैयारियों को संतोषजनक



पाया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने परिसर में अवैध रूप से खड़े डंपरों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर सभी डंपरों को हटवाकर मार्ग को पूरी तरह खोल दिया, जिससे मंडी में आवागमन सुचारू हो गया। इस दौरान मार्केटिंग इंस्पेक्टर समरपाल सिंह (प्रथम व द्वितीय केंद्र), विपिन श्रीवास्तव (तृतीय व चतुर्थ केंद्र) तथा जगत नारायण (पंचम व छठा केंद्र) मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी ने अधिकारियों द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की और निर्देश दिए कि शासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने धान तौलने के कांटों, बोरों की उपलब्धता तथा किसानों की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह की पुण्यतिथि पर किया नमन

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** सपा कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि आर.एस.एम. बैंक्वेट हाल, दाढ़ी महमूदपुर, ऊमरी चौराहा पर श्रद्धा, आदर और भावनात्मक माहौल में मनाई।



कार्यक्रम की शुरूआत नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके हुई। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। पूरे माहौल में भावनात्मक गरिमा और समाजवादी जोश का समन्वय देखने को मिला। अपने संबोधन में क्षेत्रीय सपा विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने कहा कि धरती पुत्र नेताजी केवल एक नेता नहीं थे, बल्कि एक विचारक थे, जो समाज के हर वर्ग को जोड़ने की ताकत रखते थे। उन्होंने हमेशा जनमानस के दुख-दर्द को समझा और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी। नेताजी ने जो समाजवादी आंदोलन खड़ा किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए दिशा और प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि नेताजी ने कभी सत्ता को लक्ष्य नहीं बनाया, बल्कि सेवा और संघर्ष को ही राजनीति का आधार बनाया, कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने नेताजी के योगदान को याद करते हुए कहा कि आज भी मुलायम सिंह यादव जी की नीतियाँ और विचार राजनीति के हर क्षेत्र में जीवित हैं। उनकी सादगी, व्यवहार और जनता के प्रति समर्पण भाव ही उन्हें धरती पुत्र की उपाधि दिलाता है। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी का सपना था कि समाज का हर वर्ग शिक्षित, सशक्त और सम्मानित हो, और यही सपना आज भी हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है, वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, दलितों और वंचितों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उन्होंने समाजवाद के उस सिद्धांत को जमीनी स्तर पर स्थापित किया। श्रद्धांजलि सभा के अंत में उपस्थित सभी कार्यकताओं और आम नागरिकों ने संकल्प लिया कि नेताजी के बताए हुए मार्ग पर चलकर समाजवादी विचारधारा को और मजबूत करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर मा. कमाल अख्तर ने सभी आगंतुकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, विजय पाल सिंह यादव,, मुकेश यादव, राजेंद्र सिंह यादव, मुकेश प्रधान, नवरत्न सिंह जाटव, तेज राम सिंह जाटव देवेश शर्मा हॉर्स राम सिंह सैनी, जमशेद, अमानुल्लाह चौधरी, नाजिम सैफी, नफीस शाका, नफीस सैफी, अमजद, हरपाल सिंह यादव, बलराम सिंह यादव, होराम सिंह यादव, सोनू यादव, अतिकुर रहमान, फुरकान, उम्मेद चौधरी, आरिफ मलिक, नसरुद्दीन सैफी, इकराम सैफी, डॉक्टर जुबैर, बूंदी चौधरी, डॉ अनवर, साजिद प्रधान, मुजाहिद, आनंदपाल यादव, लाखन सिंह यादव, डॉक्टर दानिश अंसारी, मुजीब अंजार, चौधरी भूरे खान, आदि लोग मौजूद रहे।

## जिले में निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न, कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी से मृणाली अविनाश जोशी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में निमार्णाधीन विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित गौशालाओं में शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। डॉक्टर नियमित तौर पर गौशालाओं का भ्रमण करें साथ ही गौशाला में सेवाएं दे रहे व्यक्तियों को समय से भुगतान भी किया जाए। अटल आवासीय विद्यालय



में आवासित बच्चों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत पूर्व में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान मिली कमियों के संबंध में जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि वे विद्यालय परिसर में चिन्हित कर्मियों को तत्काल दुरुस्त कराना सुनिश्चित करें साथ ही परिसर में खेल का मैदान यथाशीघ्र तैयार हो जाना चाहिए ताकि वहां आवासित बच्चों को खेल से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिल सके। कार्यदाई संस्था यूपीसीएलडीएफ द्वारा कराए जा रहे राजकीय प्रक्षेत्र रौंडा और राजकीय प्रक्षेत्र पंडितपुर के सुदृढ़ीकरण कार्य में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया।

ठाकुरद्वारा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में एकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास की धीमी प्रगति पर भी जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण सेवा) को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए इसके साथ ही गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र मुरादाबाद के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति के कारणों के बारे में भी जिलाधिकारी ने राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि कमियों को दुरुस्त करते हुए कार्य में तेजी लाएं ताकि यथाशीघ्र कार्य पूर्ण कराकर जनोपयोगी बनाया जा सके।

## बाबा के बुलडोजर चलने से पहले ही करोड़ों रुपये की ब्लॉक भूमि अवैध पर कब्जामुक्त होने का कार्य शुरू, कब्जेदार ने खुद हटाया कब्जा

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर के सूरजनगर रोड स्थित ब्लॉक परिसर की करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि पर आखिरकार अवैध कब्जे से मुक्त कार्य शुरू हो गया है। लंबे समय से विवादों में घिरे इस मामले में उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद बड़ी कार्रवाई हुई है।



नगर के मोहल्ला ताली निवासी रईस उर्फ बल्ले खां द्वारा ब्लॉक की भूमि पर अवैध कब्जा कर दो मंजिला इमारत खड़ी कर दी गई थी। पूर्व में कई बार शिकायतें होने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। पूर्व एडीओ पंचायत शिवराम सिंह ने बताया कि सपा शासनकाल के दौरान कब्जेदार ने कुछ हिस्से को खाली दिखाकर अधिकारियों को गुमराह किया और बाद में दोबारा निर्माण कर लिया। भाजपा सरकार के आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भूमि माफियाओं पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यह मामला भी संज्ञान में लिया गया। नगर निवासी नागेंद्र लाम्बा की शिकायत पर उच्चाधिकारियों ने तत्काल जांच के आदेश दिए। हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर भूमि का सीमांकन किया और कब्जा मुक्त कराने के निर्देश जारी किए। प्रशासनिक सख्ती की देखते हुए बाबा के बुलडोजर चलने से पूर्व ही कब्जेदार ने स्वयं ही इमारत का हिस्सा गिराकर भूमि खाली करना शुरू कर दिया। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम अन्य अवैध कब्जाधारकों के लिए एक सबक बनेगा। हालांकि लोगों का कहना है कि अब ब्लॉक भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की होनी चाहिए। बताया जाता है कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 441 और 447 के तहत अवैध कब्जा करने वाले व्यक्ति को तीन महीने तक की सश्रम कारावास या जुमार्ने की सजा का प्रावधान है।

## सहायक पुलिस अधीक्षक ने पटाखा फैक्ट्री का किया निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** आगामी दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी निरीक्षक ने चेतरामपुर मार्ग स्थित पटाखा फैक्ट्री का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के लिए विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एएसपी अभिनव द्विवेदी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने चेतरामपुर मार्ग स्थित पटाखा फैक्ट्री का निरीक्षण करते हुए पटाखा तैयार करने की व्यवस्था व स्टॉक रजिस्टर एवं पटाका फैक्ट्री की सुरक्षा के लिए विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से जांच की। उन्होंने मजदूरों की सुरक्षा के लिए दस्ताने और मास्क



की व्यवस्था है अथवा नहीं, फैक्ट्री में संचालक को अग्निशमन यंत्र का प्रशिक्षण प्राप्त है अथवा नहीं, यह भी देखा कि पटाखा फैक्ट्री में नाबालिगों से तो काम नहीं कराया जा रहा है। फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने के लिए खुला रास्ता है अथवा नहीं, फैक्ट्री में प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध है अथवा नहीं, आग बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्र और रेत की बाल्टियां है अथवा नहीं, टीन सैड खुले में है अथवा नहीं, यदि खुले में है तो उसमें बिजली कनेक्शन है या नहीं आदि विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से जांच की। जांच के दौरान फैक्ट्री संचालक को हिदायत दी कि नाबालिगों से कार्य ना कराया जाए, यदि ऐसा हुआ तो कड़ी कार्रवाई होगी। इसके अलावा उन्होंने पुलिस को पटाखा फैक्ट्री की सुरक्षा के लिए पैनी नजर रखने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस संबंध में एएसपी अभिनव द्विवेदी का कहना है कि त्योहारों का सीजन शुरू हो रहा है।ऐसे में एहतियातन यह चौकिंग की गई है।

## राजकीय हाई स्कूल कुचावली के छात्र अमन ने गोला फेंक में जीता गोल्ड

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** जिला क्रीड़ा प्रतियोगिता में राजकीय हाई स्कूल कुचावली के कक्षा 9 के छात्र अमन ने सब जूनियर गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही कक्षा 9 की छात्रा एलिना ने 400 मीटर बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

तीन दिवसीय 76 वीं जिला क्रीड़ा प्रतियोगिता एस एस इंटर कॉलेज मुरादाबाद में सम्पन्न हुई।मुख्य अतिथि सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्धप्रिय सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद देवेन्द्र कुमार पाण्डे ने की। बालक वर्ग के संयोजक एस एस इंटर कॉलेज मुरादाबाद के प्रधानाचार्य रवि कुमार रहे एवम्‌ बालिका वर्ग का संयोजन डॉ नीति भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम के अवसर पर गीतांजली दक्ष राजकीय हाई स्कूल कुचावली कांठ क्षेत्र को मुख्य निर्णायक एवं चयनकर्ता का दायित्व निभाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक, ए डी बेसिक एवं वित्त लेखा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया । इस



प्रतियोगिता में राजकीय हाई स्कूल कुचावली के कक्षा 9 के छात्र अमन ने सब जूनियर गोला फेक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही कक्षा 9 की छात्रा एलिना ने 400 मीटर बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शान-ए-आजम ने शिक्षिका और दोनों बच्चों को बहुत-बहुत बधाई दी।

## युवती ने युवक पर लगाया शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप, लगाया

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** शुक्रवार को पाकबड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युक्ति ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया। पाकबड़ा थाना क्षेत्र की ग्राम भंडारी की एक युवती आरोप लगाया युवक ने उसके साथ दुष्कर्म कर घर मे घुस कर मारपीट की और युवती को जान से मारने की धमकी भी दी। परिजनों के द्वारा तहरीर के आधार पर युवक पर पास्को एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया युवती की उम्र लगभग 16 वर्ष है पुलिस ने आरोपी युवक संजू कुमार पुत्र दाता राम निवासी भंडरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## साफ सफाई के प्रति किया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** थाना क्षेत्र के ग्राम पचोकरा खानपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया एवं साफ सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम पचोकरा खानपुर में बुखार से एक 16 वर्षीय छात्रा तनीशा की मौत उपचार के दौरान हो गई थी। बुखार से मौत की



सूचना पर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग ने टाइफाइड, डेंगू, मलेरिया बुखार के फैलने से स्वास्थ्य विभाग ने दूसरा कैम्प लगाया एवं स्वास्थ्य विभाग ने ग्राम वासियों की जांच करके दवाइयां दी। इस दौरान विभाग द्वारा एसीएमओ ने गांव का भ्रमण करके स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस असवर पर गांव में एंटी लार्वा दवाइयां का छिड़काव करवाया गया तथा संचारी रोग अभियान के तहत घर-घर का सर्वे किया गया। इस दौरान आशा कार्यकत्रियों ने फ्रिज की ट्रे, कूलर का पानी गंदा है या नहीं आदि विषयों पर साफ सफाई के बारे में जानकारी दी।

## यातायात सड़क सुरक्षा नियमों की दिलाई शपथ

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** शुक्रवार को महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ मुरादाबाद में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम (6 अक्टूबर 2025 से 24 अक्टूबर 2025 तक) के अंतर्गत विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की शपथ दिलाई। इसी के साथ उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि यातायात सड़क सुरक्षा अभियान एक राष्ट्रव्यापी प्रयास है,




जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करना है। जिसमें जागरूकता फैलाना, नियमों का पालन, बुनियादी ढांचे में सुधार और प्रौद्योगिकी का विकास शामिल है। अतः हम सभी को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात नहीं करनी चाहिए और नशे की हालत में वाहन नहीं चलना चाहिए। उन्होंने वाहन को एक सीमित गति पर चलाने और स्टंट न करने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने आसपास के लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने की अपील भी की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, सुनील कुमार, राजीव प्रताप सिंह, इंद्रपाल सिंह, योगेंद्र कुमार नरपाल सिंह, जितेन्द्र कुमार, आदि शिक्षकों के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी सेवक उपस्थित रहे।

## पुलिस ने अलग-अलग जमीन विवादों को सुलझाया

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद ।** थाना पाकबड़ा क्षेत्र के गांव पल्लूपुरा घोसी की मिलक, निवासी मुस्लिम समाज में मुन्नी और दिलशाद के बीच विगत वर्षों से जमीन के बटवारे को लेकर अलग अलग राजस्व न्यायालय में विवाद चलता आ रहा है। मंडलायुक्त न्यायालय द्वारा जमीन का अंतिम फैसला सुनाया गया । न्यायालय आयुक्त मुरादाबाद मंडल द्वारा वाद संख्या 359/2025 अन्तर्गत धारा24(4) अधिनियम उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 ग्राम पल्लूपुरा घोसी तहसील व जिला मुरादाबाद, मुन्नी बनाम दिलशाद अहमद में पारित अंतिम आदेश 09/09/2025 को जारी हुआ । जिसके परिणामस्वरूप लेखपाल -मौहम्मद परवेज और कानूनगो - मौहम्मद सफी को मौके पर जाकर पैमाइश कर रिपोर्ट देने हेतु निर्देशित किया गया। कानूनगो और लेखपाल संबंधित थाना पाकबड़ा पुलिस के साथ मौके पर गांव में पहुंचे और पैमाइश करने लगे गांव में भीड़ जुट गई। मौके पर मौजूद दोनों पक्षों में थाना पाकबड़ा पुलिस की मौजूदगी में दो बार हुई भीषण झडपें हुईं । स्थिति बेकाबू होने पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने संबंधित उच्च अधिकारियों को मौके की सूचना दी । तत्काल अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचने पर स्थिति पर काबू पाया, और भीड़ को तितर-बितर कर भूमि विवाद को सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। यह सबकुछ सदर मुरादाबाद तहसील लेखपाल मौहम्मद परवेज, और कानूनगो मौहम्मद सफी द्वारा भूमि की पैमाइश के दौरान हुआ।

## पुराने बस स्टैंड पर यात्री ट्रेन सैड के नीचे मिले शव की शिनाख्त नंदकिशोर उर्फ बिट्टू के रूप में हुई

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** गुरुवार की रात्रि करीव 12.00 पुराने बस स्टैंड पर नीम के पेड़ के नीचे यात्री टीन सैड के नीचे मिले युवक के शव की शिनाख्त परिजनों द्वारा शुक्रवार को कर ली गई है। परिजनों का रोते विलखते बुरा हाल है। गुरुवार की रात्रि लगभग 12.00 बजे पुराने बस स्टैंड पर नीम के नीचे यात्री टीन सैड पर दुकानदारों एवं यात्रियों ने एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा था। सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज सुमित कुमार यादव ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्यवाही उपरांत उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस द्वारा पहचान के लिए व्हाट्सएप ग्रुपों पर डाले गए फोटो से उसकी पहचान नंदकिशोर उर्फ बिट्टू 30 वर्ष पुत्र बाबू राम सिंह उर्फ मुन्नू निवासी मोहल्ला पट्टी वाला के रूप में परिजनों द्वारा की गई है। मृतक नंद किशोर उर्फ बिट्टू अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसका विवाह सन 2020 में हुआ था। मृतक के एक छह माह का बच्चा भी है। वह गुरुवार की प्रातः 9.00 बजे घर से निकला था। कई दिनों से वह काफी डिप्रेशन में चल रहा था। पोस्टमार्टम के उपरांत उसका शब वापस आने पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। शुक्रवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### समाचार

## राजकीय महाविद्यालय ने जागरूकता रैली निकाली

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ नरेश कुमार की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेस 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरुकता रैली निकाली। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने किया। रैली का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, स्वाबलंबन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।जहां ग्रामीण महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और महिला सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी जैसे नारे के माध्यम से संदेश दिया गया।इस अवसर पर सचिन अग्रवाल ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों 1090,181,1076,112,1098,102 और 108 की जानकारी दी।

## सरेराह मारपीट और तोड़फोड़ के आरोपितों का शांति भंग में चालान

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालियां निशान उठाते हुए लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली का संदिग्ध माना है। दिन दहाड़े युवक के गले में पड़े गमछे से जान से मारने की नियत गला घोंटने का प्रयास करने व जान से मारने की नियत फावड़ा होने की वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शांति भंग में आरोपियों का चालान कर दिया। कोतवाली की सुरजननगर चौकी के नाले वाले बाबा के स्थान के निकट जनपद बिजनौर के थाना अफजलगढ़ के गांव रामनगर निवासी जोगेंद्र सिंह पुत्र सर्वेश सिंह अपनी कार से सुरजननगर किसी काम से आ रहा था। तभी रास्ते में ही रामगंगा नदी से अवैध खनन कर रहे खनन कारोबारियों ने कार से उतार कर सरेराह उसके गले में पड़े गमछे से गला घोंटने , फावड़ से जान से मारने का प्रयास करने और गाली गलौज करते हुए कार में तोड़ करने का वीडियो सोशाल मीडिया पर वायल हुआ तो दैनिक समाचार पत्रो और चैनलों ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने खबरे प्रकाशित होने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। शुक्रवार को पुलिस ने अपने अधिकारी को इस्तेमाल करते हुए खुलेआम मारपीट व गला घोंटकर हत्या करने का प्रयास करने और जान मारने की नियत से फावड़ा ताने व कार में तोड़ फोड़ करने के आरोपितों का शांति भंग के आरोप में रामपुर घोघर निवासी तेजपाल सिंह पुत्र महावीर सिंह व महावीर पुत्र चन्द्रपाल सिंह व गजेन्द्र सिंह पुत्र महावीर सिंह के खिलाफ कार्रवाई है।

## सुहागिनों ने करवाचौथ का व्रत रखकर पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली की कामना की

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर और आसपास के क्षेत्र में शुक्रवार को सुहागिनों ने अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली के लिए करवाचौथ का व्रत रखा। महिलाओं ने सुबह-सुबह स्नान कर तैयार होकर पूजा-अर्चना की। घरों और मंदिरों में करवा माता की विधिपूर्वक पूजा की गई। इस दिन महिलाएं सूर्योदय से सूर्यास्त तक निर्जला व्रत रखती हैं। पूरे दिन फल, पानी या भोजन का परहेज किया जाता है। शाम को जब चाँद की पहली झलक दिखती है, तो महिलाएं उसे देखकर व्रत खोलती हैं और अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। व्रत के अवसर पर महिलाएं सोलह श्रृंगार करके सज-धज कर पूजा में शामिल होती हैं। इस दौरान पड़ोसी महिलाएं और परिवारजन भी मिलकर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। करवाचौथ का यह पर्व केवल धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और परिवार की खुशहाली का प्रतीक भी माना जाता है। इस दिन की परंपराएं और भक्ति भाव महिलाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं और यह पर्व पूरे समाज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## करवा चौथ पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखा उपवास

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को करवा चौथ का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने निर्जल उपवास रखकर अपने-अपने पतियों की लंबी आयु की कामना की। तहसील सहित आसपास क्षेत्र में करवा चौथ का व्रत महिलाओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ रखा और अपने पति की लंबी आयु व सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने अपने हाथों में मेहंदी रचाई तथा सोलह श्रृंगार कर दिन भर निर्जल और निराहार रहकर व्रत किया। शाम को भगवान शिव गौरी पार्वती, श्री गणेश जी कार्तिकेय, चंद्र भगवान की पूजा अर्चना कर कथा सुनकर चंद्रमा की पूजा अर्चना कर अधर्य दिया और छलनी में चांद के दर्शन किए तथा अपने पति की लंबी उम्र की कामना भी की। इस मौके पर पतियों ने अपनी पत्नियों को उपहार भी दिए।

## तहसील क्षेत्र के दो केंद्रों पर होगी पीसीएस परीक्षा

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली पीसीएस परीक्षा के लिए तहसील कांठ क्षेत्र के दो विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसकी सभी तैयारियां प्रशासन ने पूर्ण कर ली हैं। 12 अक्टूबर को होने वाली पीसीएस परीक्षा में पब्लिक इंटर कॉलेज ऊमरी कलां एवं डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दोनों परीक्षा केंद्रों पर सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक 2.30 बजे से 4.30 तक पीसीएस परीक्षा संपन्न होगी। परीक्षा केंद्र पब्लिक इंटर कॉलेज ऊमरी कलां में 384 परीक्षार्थी एवं डीएसएम इंटर कॉलेज मैं 384 दोनों परीक्षा केंद्रों पर 768 परीक्षार्थी पीसीएस की परीक्षा देंगे। जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र के दोनों परीक्षा कॉलेज पर पीसीएस परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए एसडीएम कांठ संत दास पवार को डी एसएम इंटर कॉलेज का सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं भूमि संरक्षण अधिकारी मुरादाबाद योगेंद्र सिंह को पब्लिक इंटर कॉलेज ऊमरी कला का सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। एसडीएम कांठ संत दास पवार ने बताया कि पीसीएस परीक्षा पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण संपन्न कराई जाएगी। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जा रही हैं।

## राजकीय महाविद्यालय ने जागरूकता रैली निकाली

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ नरेश कुमार की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेस 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरुकता रैली निकाली। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने किया। रैली का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, स्वाबलंबन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAHAJEB S/O MOHAMMAD TASLIM से बदलकर Mohd shahajeb पुत्र Mohd. Tasalim रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। Mohd shahajeb ( मोहद. शाहजेब )पुत्र Mohd. Tasalim (मोहद. तसलीम) निवासी नगर के 65 बी, वार्ड नं 24 फतेहल्लागंज ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) पिन नं- 244601

संक्षिप्त सार

## अमिताभ को ही फिल्मों में 'विजय' नाम देते थे जावेद



मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने गीतकार और लेखक जावेद अख्तर ने कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के मंच पर बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्मों में अमिताभ बच्चन के अलावा किसी को भी 'विजय' का नाम नहीं दिया। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 महनायक अमिताभ बच्चन के 83वें जन्मदिन के जश्न की तैयारी कर रहा है, ऐसे में आने वाले खास एपिसोड में पुराने यादों के साथ ही ख़ुशी के कुछ खास लम्हे भी देखने मिलने वाले हैं। इस एपिसोड में खास मेहमान के रूप में जावेद अख्तर और फरहान अख्तर की बाप-बेटे की जोड़ी शिरकत करने वाली है।

एपिसोड के दौरान, जावेद अख्तर, जिनकी अमिताभ के साथ पुरानी दोस्ती है, ने एक मजेदार बात बताई कि उन्होंने कभी भी किसी किरदार का नाम 'विजय' केवल अमिताभ बच्चन के लिए ही रखा है। अपनी खास अंदाज में कहानी को बताते हुए जावेद अख्तर ने कहा, 'मैंने अपने फिल्मों में अमिताभ बच्चन के अलावा किसी को भी विजय का नाम नहीं दिया।' 'जंजीर' और 'दीवार' से लेकर 'डॉन' और 'त्रिशूल' तक, नाम 'विजय' अमिताभ के सबसे यादगार किरदारों के साथ जुड़ गया, एक ऐसी विरासत जो भारतीय सिनेमा के सुनहरे दौर को आज भी परिभाषित करती है। 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का खास जन्मदिन एपिसोड आज 10 अक्टूबर को, केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर प्रसारित होगा।

महत्वपूर्ण खबरें

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को अनुपम खेर की एक फिल्म बहुत है पसंद, एक्टर से की मुलाकात

मुंबई। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने हाल ही में यूके-इंडिया साझेदारी के उपलक्ष्य में आयोजित एक भव्य रिसेप्शन में शिरकत की। इस खास मौके पर उनकी मुलाकात ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से हुई इस मुलाकात की जानकारी अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए प्रशंसकों के साथ शेयर की। उन्होंने प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा कि उन्हें रिसेप्शन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से मिलकर बेहद ख़ुशी हुई। अभिनेता ने कीर स्टार्मर के भाषण की तारीफ करते हुए कहा कि यह गर्मजोशी से भरा था और इसमें भारत-ब्रिटेन के बीच मजबूत रिश्तों की संभावनाओं पर जोर दिया गया। अनुपम ने यह भी बताया कि कीर स्टार्मर को उनकी पहली हॉलीवुड फिल्म 'बेंड इट लाइक बेकहम' बेहद पसंद है, जिसे जानकर उन्हें बेहद ख़ुशी हुई। इस शानदार आयोजन के लिए उन्होंने ब्रिटिश हाई कमिश्नर हरजिंदर कांग को भी धन्यवाद दिया।

## 'टाइगर 3' फेम वरिंदर सिंह घुमन की हार्ट अटैक से मौत



सलमान खान को एक्टर और बॉडी-बिल्डर वरिंदर सिंह घुमन का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। वह 53 वर्ष के थे। वरिंदर की मौत की खबर सुनकर पंजाबी और हिंदी सिनेमा में मातम पसरा हुआ है। वरिंदर बाइसेप्स की एक छोटी सी सर्जरी के लिए अमृतसर के फोर्टिस अस्पताल गए थे और उसी दिन वापसी थी। हालांकि, सर्जरी के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके निधन की खबर पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर की। वरिंदर ने सलमान खान अभिनीत 'टाइगर 3' में काम किया था, जो 2023 में रिलीज हुई थी। वरिंदर बाइसेप्स इंजरी का माइनर ऑपरेशन करवाने के लिए अमृतसर के फोर्टिस अस्पताल गए थे। वह अकेले ही घर से निकले थे क्योंकि ये छोटा सा ऑपरेशन था, लेकिन अचानक उनको हार्ट अटैक आ गया और उनकी मौत हो गई।

महत्वपूर्ण खबरें



## बॉबी देओल ने अपनी कमबैक का श्रेय सलमान खान को दिया

मुंबई। बॉलीवुड स्टार सलमान खान ने अपनी कमबैक का श्रेय सलमान खान को दिया है। सलमान खान उन सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं जो दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। उनके पास बहुत बड़ी और वफादार फैन फॉलोइंग है। वह एक ऐसे सुपरस्टार हैं जिनका दिल बहुत बड़ा है और जो हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आते रहते हैं। सलमान खान सालों से कई कलाकारों को इंडस्ट्री में उनका पहला कदम रखने में मदद करते आ रहे हैं, और उनमें से एक बॉबी देओल भी हैं। सलमान ने बॉबी की फिल्म रेस 3 के साथ कमबैक करने में काफी मदद की थी।

## बॉलीवुड के 'सुपरस्टार गैंग' पर भड़कीं

# दीपिका पादुकोण



**दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट डिमांड पर पिछले कुछ महीनों से चर्चा चल रही है। फराह खान से लेकर शूजीत सरकार सहित कई सितारों ने इस पर रिएक्ट किया। समय पाबंदी को लेकर कल्कि 2 और स्पिरिट से निकाले जाने पर अब खुद 'किंग' एक्ट्रेस ने इस पर बात की और इंडियन मेल स्टार्स पर निशाना साधा। दीपिका पादुकोण को जबसे दो बड़ी फिल्मों से बाहर का रास्ता दिखाया गया है, तबसे हर तरफ सिर्फ इसी की चर्चा हो रही है। पहले संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट और फिर नाग अश्विन की कल्कि 2, इन दोनों ही फिल्मों से दीपिका बाहर हो चुकी हैं। वहीं इन दोनों फिल्मों से दीपिका के बाहर होने की वजह जब सामने आई तो हर कोई हैरान रह गया। कहा गया की दीपिका 8 घंटे वाली वर्क पॉलिसी से मेकर्स इतने खफा हो गए कि उन्हें इन दोनों ही बड़ी फिल्मों से हाथ धोना पड़ा है।**

दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट डिमांड पर पिछले कुछ महीनों से चर्चा चल रही है। फराह खान से लेकर शूजीत सरकार सहित कई सितारों ने इस पर रिएक्ट किया। समय पाबंदी को लेकर कल्कि 2 और स्पिरिट से निकाले जाने पर अब खुद 'किंग' एक्ट्रेस ने इस पर बात की और इंडियन मेल स्टार्स पर निशाना साधा। दीपिका पादुकोण को जबसे दो बड़ी फिल्मों से बाहर का रास्ता दिखाया गया है, तबसे हर तरफ सिर्फ इसी की चर्चा हो रही है। पहले संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट और फिर नाग अश्विन की कल्कि 2, इन दोनों ही फिल्मों से दीपिका बाहर हो चुकी हैं। वहीं इन दोनों फिल्मों से दीपिका के बाहर होने की वजह जब सामने आई तो हर कोई हैरान रह गया। कहा गया की दीपिका 8 घंटे वाली वर्क पॉलिसी से मेकर्स इतने खफा हो गए कि उन्हें इन दोनों ही बड़ी फिल्मों से हाथ धोना पड़ा है। अब दीपिका ने खुद इस पूरे विवाद पर खुलकर बात की है। दीपिका ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि, फिल्म इंडस्ट्री में सालों से मेल सुपरस्टार 8 घंटे की शिफ्ट में काम करते आ रहे हैं कभी उनसे किसी ने कोई सवाल क्यों नहीं किया?

### मेल सुपरस्टार्स पर साधा दीपिका ने निशाना

सीएनबीसी-टीवी 18 के साथ खास बातचीत में दीपिका से 8 घंटे वाली वर्क पॉलिसी पर सवाल किया गया तो इस पर उन्होंने कहा कि, मैं जानती हूं अगर एक महिला होने के नाते इन चीजों पर दबाव डाला जा रहा है तो फिर यही ठीक है, लेकिन मैं बताना चाहती हूं कि ये कोई नई बात नहीं है और ना ही ये कोई सीक्रेट है। भारतीय सिनेमा में मेल सुपरस्टार्स सालों से सिर्फ 8 घंटे ही काम कर रहे हैं, पर उनसे किसी ने कोई सवाल नहीं किया और ना ही इस पर किसी ने बात की। मैं नाम नहीं लेना चाहती हूं और ना ही कोई मुद्दा बनाना चाहती हूं। लेकिन बहुत से ऐसे मेल सुपरस्टार हैं जो सालों से सिर्फ 8 घंटे की काम कर रहे हैं। यहां तक कि वो सिर्फ मंडे टू फ्राईडे ही काम करते हैं। वो वीकेंड पर काम भी नहीं करते हैं। लेकिन इस पर किसी ने कोई बात नहीं की है।

### भारतीय सिनेमा पर भी दीपिका ने खड़ा किया सवाल

दीपिका आगे कहती हैं कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री इतने सालों से काम कर रही है। लेकिन ये एक बहुत ही अव्यवस्थित फिल्म इंडस्ट्री है। कभी भी हमने एक इंडस्ट्री की तरह काम नहीं किया है। मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि अब इस कल्चर को थोड़ा बदला जाए और इसमें बदलाव लाया जाए।

**● मैं नाम नहीं लेना चाहती हूं और ना ही कोई मुद्दा बनाना चाहती हूं। लेकिन बहुत से ऐसे मेल सुपरस्टार हैं जो सालों से सिर्फ 8 घंटे की काम कर रहे हैं। यहां तक कि वो सिर्फ मंडे टू फ्राईडे ही काम करते हैं। वो वीकेंड पर काम भी नहीं करते हैं। लेकिन इस पर किसी ने कोई बात नहीं की है।**

### कल्कि 2 और स्पिरिट से बाहर हुईं थीं दीपिका

आपको बता दें कि दीपिका कल्कि के पहले पार्ट का हिस्सा रहीं थीं, लेकिन अचानक से ही मेकर्स ने इस बात का ऐलान कर दिया कि कल्कि के पार्ट 2 में दीपिका आपको नजर नहीं आएंगी। उनकी जगह किसी और एक्ट्रेस को कास्ट किया जाएगा और कहानी में बदलाव किया जाएगा। कल्कि 2 से पहले दीपिका को संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट से भी बाहर का रास्ता दिखाया गया है। वहीं इन दोनों फिल्मों से बाहर होने की वजह एक्ट्रेस और मेकर्स के बीच क्रिएटिव डिफरेंस को बताया गया।

## सोलह श्रृंगार कर रानी चटर्जी ने सुहागिनों को दी करवाचौथ की शुभकामनाएं



मुंबई। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी फिल्म 'गैंगस्टर इन बिहार' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसमें एक्ट्रेस ने भरपूर एक्शन किया है। ट्रेलर को फैंस से बहुत अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इसी बीच, रानी ने सोशल मीडिया के जरिए महिलाओं को करवाचौथ की शुभकामनाएं दी हैं। रानी चटर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें वे दुल्हन के अवतार में दिख रही हैं। रानी मंडप पर बैठी हैं और उनके हाथ में सिंदूरदानी है। रानी की मांग में सिंदूर भी भरा जा रहा है। ये फोटोज एक्ट्रेस के फिल्म सेट की हैं, जहां शादी का सीन फिल्माया गया है। रानी फोटोज में सोलह श्रृंगार के साथ बेहद प्यारी लग रही हैं। रानी के लुक की चर्चा उनके फैंस भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'बहुत प्यारी लग रही हैं आप, अब आप भी शादी कर लीजिए और अपने पति के लिए व्रत रखिए।' एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'आपको भी बहुत-बहुत शुभकामनाएं, करवा मां आपकी जिंदगी में भी कोई ऐसा भेज दें जो आपको प्यार करे। बता दें कि बुधवार को रानी की फिल्म 'गैंगस्टर इन बिहार' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में एक गैंग का आतंक इतना बढ़ जाता है कि पुलिस को व्यवस्था बनाए रखने के लिए चुन-चुन कर दुश्मनों का खात्मा करना पड़ता है, लेकिन रानी का प्यार उसी गैंग का निशाना बन जाता है और शादी के दिन ही एक्ट्रेस अपने जीवनसाथी को खो देती हैं। अब अपने प्यार का बदला लेने के लिए रानी हाथ में त्रिशूल लिए दुश्मनों का नाश करती हैं। फिल्म में रानी अकेली नहीं हैं, उनके साथ परेश लाल यादव, प्रमोद प्रेमी यादव, रानी चटर्जी, संजय पांडे, राम शर्मा, मंटू सिंह, राखी मिश्रा, महिमा सिंह, आर्यन बाबू समेत कई स्टार हैं। फिल्म का निर्देशन दिल आवेज खान ने किया है, जबकि फिल्म के निमार्ता राम शर्मा हैं। अभी सिर्फ फिल्म का ट्रेलर ही सामने आया है। फिल्म के रिलीज को लेकर कोई डेट रिलीज नहीं की गई है। वर्क फ्रंट की बात करें तो रानी चटर्जी की कई फिल्में यूट्यूब पर रिलीज हुई हैं। रानी की 'सास-बहू चली स्वर्गलोक', 'प्रिया ब्यूटी पार्लर', 'मायके की टिकट कटा दी पिया', 'जय मां संतोषी', और 'चुगलखोर बहुरिया' रिलीज हो चुकी हैं।

## अप्लॉज एंटरटेनमेंट, इम्तियाज अली की अगली फिल्म के लिए की साझेदारी,पंजाब में शुरू हुई फिल्म की शूटिंग

अप्लॉज एंटरटेनमेंट, विंडो सीट फिल्म्स और रिलायंस एंटरटेनमेंट मिलकर एक फिल्म बना रही है जिसकी शूटिंग पंजाब में शुरू हो गयी है। दिलजीत दोसांझ, वेदांग रैना, शारवरी और नसीरुद्दीन शाह जैसे शानदार कलाकार इम्तियाज अली के निर्देशन में बन रही फिल्म में काम करते नजर आयेंगे। यह फिल्म फिर से ए.आर. रहमान, इरशाद कमिल और इम्तियाज की टीम को जोड़ती है, जिनकी रचनात्मक साझेदारी ने भारतीय सिनेमा को कुछ सबसे यादगार गाने दिए हैं। फिल्म की कहानी हल्की फुल्की और मजेदार तरीके से इंसानी जुड़ाव को दिखाएगी। मुंबई का शूट पिछले महीने खत्म कर अब टीम पंजाब में अगले शेड्यूल की शूटिंग कर रही है। फिल्म अप्लॉज एंटरटेनमेंट, मोहित चौधरी और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई जा रही है और यह विंडो सीट फिल्म्स की प्रोडक्शन बैसाखी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अप्लॉज एंटरटेनमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर समीर नायर ने कहा,इम्तियाज के साथ एक बड़ी प्रेम कहानी पर काम करना अप्लॉज की बड़ी स्क्रीन की एंबिशन के लिए सही है। शानदार कलाकार, ए.आर. रहमान और इरशाद कमिल का संगीत और एक मास्टर फिल्ममेकर की कला, यह सच में एक यादगार रोमांस है। इम्तियाज अली ने कहा, क्या प्यार सच में खो सकता है ? क्या किसी का घर उसके दिल से छीन लिया जा सकता है ? यह एक फिल्म है जिस पर मुझे काम करने का सौभाग्य मिला है। यह बताती है कि जब सब कुछ खो जाता है, तब हमारे पास क्या बचता है। वह प्यार जो पीछे नहीं छोड़ता, हमें जिंदगी के उतार-चढ़ाव में गाइड करता है और हमारे होंठों पर हमेशा का गीत और दिल में मुस्कान बना रहता है। फिल्म का कैनवास बड़ा है, फिर भी यह बहुत व्यक्तिगत है।

## रकुल प्रीत सिंह को जन्मदिन पर जैकी भगनानी ने खास अंदाज में दी बधाई




मशहूर अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह शुक्रवार को अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर उनके पति और अभिनेता-निमार्ता जैकी भगनानी ने खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। जैकी ने इंस्टाग्राम पर रकुल के लिए एक मोनोक्रोम वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने दिल की बात लिखी। उन्होंने कैप्शन में कहा, ‍मेरी प्यारी, मेरी दुनिया, जन्मदिन की बधाई। तुम मेरी जिंदगी में भगवान का अनमोल तोहफा हो। तुम्हारी मुस्कान से सब कुछ खूबसूरत लगता है। तुम सबसे अच्छी पत्नी, बेटी, बहू और बहन हो। मेरी दुआ है कि तुम्हारे सारे सपने पूरे हों और तुम हमेशा खुश रहो। मेरा प्यार चांद-सितारों से भी बढ़कर है।

रकुल मुख्य रूप से साउथ और हिंदी सिनेमा में सक्रिय हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। अभिनेत्री ने साल 2009 में कन्नड़ फिल्म ‍ग्िल्ली‍ से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद 2011 में फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जहां वह पांचवें स्थान पर रहीं थी। इस प्रतियोगिता ने उन्हें बॉलीवुड में प्रवेश करने का मौका दिया। रकुल ने तेलुगु और तमिल फिल्मों में काम कर अपनी पहचान बनाई। साल 2014 में उन्होंने बॉलीवुड फिल्म 'यारियां' से डेब्यू किया, जिसमें उनके साथ हिमांश कोहली मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद वे 'अय्यारी', 'दे दे प्यार दे', 'मरजावां', 'छतरीवाली', और साउथ की 'ध्रुवा' जैसी कई सफल फिल्मों में नजर आई थी। अभिनेत्री को पिछली बार फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' में देखा गया था।

रकुल ने 21 फरवरी 2024 को गोवा में जैकी भगनानी के साथ पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। यह जोड़ा अपनी केमिस्ट्री और एक-दूसरे के प्रति प्यार के लिए अक्सर चर्चा में रहता है। फैंस भी रकुल के जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं। जैकी भगनानी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह एक सफल निमार्ता हैं, जो पूजा एंटरटेनमेंट के जरिए फिल्में प्रोड्यूस करते हैं, जबकि उन्होंने अभिनेता के तौर पर भी फिल्मों में काम किया है, जिनमें 'फालतू', 'मिशन रानीगंज', और 'बड़े मियां छोटे मियां' जैसी फिल्में शामिलहैं।।

बॉलीवुड | दुखों से भरा रहा बचपन, आज कहलाती हैं सिनेमा की एवरग्रीन ब्यूटी

## खूबसूरती की मिसाल है ये 71 साल की हीरोइन एक्ट्रेस रेखा

बॉलीवुड की उमराव जान कही जाने वाली एक्ट्रेस रेखा आज 71 साल की हो गई हैं और जन्मदिन के मौके पर फिल्मी सितारों समेत तमाम फैन्स ने उन्हें बधाई दी है। फैन्स ने सोशल मीडिया पर रेखा की पुरानी फिल्मों और किरदारों को एक बार फिर वायरल कर दिया है। संघर्षों और दुखों से भरा बचपन बिताने वाली रेखा ने अपनी जवानी के दिनों में सिनेमा पर राज किया है। इतना ही नहीं आज 71 साल की उम्र में भी रेखा को एवरग्रीन ब्यूटी कहा जाता है।

बता दें कि रेखा ने 70 के दशक में अपने करियर की शुरुआत की थी और 'सावन भादो' से डेब्यू किया था। इसके बाद रेखा ने अपनी दमदार एक्टिंग दिलकश अदाकारी से लाखों दिलों में जगह बनाई। इतना ही नहीं कई फिल्मों के किरदारों में रेखा ने ऐसी जान फूंकी कि आज भी उन्हें याद किया जाता है। रेखा के शुरुआती करियर के दौर की कुछ फिल्में ऐसी भी हैं जिन्हें लोग आज भी काफी पसंद करते हैं।



इन फिल्मों में 'उमराव जान' (1981), 'मुकद्दर का सिकंदर' (1978), 'खूबसूरत' (1980), 'इजाजत' (1987), 'खून भरी मांग' (1988) और 'सिलसिला' (1981) जैसी दमदार और बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही मूवी शामिल हैं। बता दें कि रेखा ने एक बार शादी की थी और उनके पति का निधन हो गया था। उसके बाद से फिर कभी रेखा ने शादी नहीं की। हालांकि रेखा के इश्क के चर्चे अमिताभ बच्चन के साथ जोड़े जाते रहे हैं। रेखा और अमिताभ बच्चन के प्यार के चर्चे करीब 3 दशक तक मीडिया में छाए रहे। आज भी इन दोनों की जोड़ी पर लोग अक्सर ही कमेंट करते नजर आ जाते हैं। बीते दिनों अमिताभ बच्चन के शो में गए स्टैंडअप कॉमेडियन की एक जोड़ी ने भी रेखा को लेकर ऐसा जोक मारा था कि बिग बी की भी हंसी छूट गई थी।

### फिल्मों से दूर हैं रेखा

बता दें कि रेखा बीते कुछ समय पहले कपिल शर्मा के शो में नजर आई थीं। उसके बाद बीते दिनों जावेद अख्तर के घर पर उनकी पत्नी शबाना आजमी के जन्मदिन पर उन्होंने शानदार डांस दिखाया था, जिसके वीडियो भी सामने आए थे। अब रेखा फिल्मों में काम नहीं करती हैं। अपने करियर में 191 से ज्यादा फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाली रेखा ने साल 2018 में एमएलए नाम की आखिरी फिल्म की थी। इसके बाद से अभी तक रेखा अपने घर पर जिंदगी एंजॉय करती हैं। आज जन्मदिन के मौके पर रेखा को उनके फैन्स सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी हैं।

